@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शनिवार, 17 अगस्त 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 281 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)


## जिसने हमें छोड़ा, हम उन्हें हराएंगे: संजय राउत

मुंबई, 16 अगस्त। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा अपनी पार्टी राकांपा को शरद पवार की राकांपा-एसपी के साथ फिर से जोड़ने की अटकलों पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार के बयान के बाद दी है। संजय राउत ने स्पष्ट शब्दों नें कहा कि पार्टी में वापस जाना यह राकांपा का अपना निर्णय है। हमारी पार्टी की बात करें तो जिन्होंने हमें छोड़ा, हम उन्हें हराएंगे। पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा, वापस जाना नहीं जाना राकांपा का निर्णय है। अगर मैं अपनी पार्टी की बात करूं तो जिन्होंने हमें छोड़ दिया, हम उन्हें हराएंगे। मैंने शरद पवार से बात की और उनके बयान भी सुने हैं, जहां उन्होंने कहा कि वह अजित पवार को छोड़कर किसी को भी अपने साथ जोड़ सकते हैं। संजय राउत ने बताया कि महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने आज बहुत बड़ी रैली का आयोजन किया। एमवीए विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ना चाहती है। सीट बंटवारा, घोषणापत्र और अन्य कामकाज में तीनों पार्टियों शिवसेना(यूबीटी) राकांपा-एसपी और कांग्रेस के विचार में कोई मतभेद नहीं है। इस रैली को उद्धव ठाकरे, शरद पवार, नाना पटोले समेत कांग्रेस के अन्य नेता संबोधित करेंगे। अजित पवार ने जन सम्मान यात्रा के दौरान बातचीत में बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी चल रही है और सत्ताधारी महायुति गठबंधन के सहयोगियों एनसीपी, शिवसेना और भाजपा के बीच सीट बंटवारे की बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। इस दौरान शरद पवार के साथ फिर से जुड़ने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं सिर्फ महाराष्ट्र के लिए अपने काम और विजन के बारे में बात करूंगा। हम लोगों से कहेंगे कि वे हमें फिर से मौका दें, ताकि हम राज्य के लिए और अधिक धन ला सकें।



# बज गया जम्मू कश्मीर, हरियाणा विधानसभा चुनाव का बिगुल

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। निर्वाचन आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। चुनाव आयोग ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का दौरा भी किया था। हरियाणा में एक चरण में चुनाव के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर होगी। वहीं, मतदान 1 अक्तूबर को होगा। जम्मू कश्मीर में पहले फेज के लिए गैजेट नोटिफिकेशन 20 अगस्त को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 27 अगस्त होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अगस्त होगी। 18 सितंबर को चुनाव होंगे। वहीं, दूसरे फेज के लिए गैजेट नोटिफिकेशन 29 अगस्त को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 5 सितंबर होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 9 सितंबर होगी। 25 सितंबर को चुनाव होंगे। तीसरे चरण के लिए गैजेट नोटिफिकेशन 5 सितंबर को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 17 सितंबर होगी। 1 अक्तूबर को चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्तूबर को तीन चरण में मतदान। 4 अक्तूबर को आएंगे नतीजे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, हरियाण में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं। यहां 2.01 करोड़ मतदाता होंगे। इनमें 10,321 मतदाता शतायु हो चुके हैं। हरियाणा में 10,495 स्थानों पर 20,629 मतदान केंद्र होंगे। एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 977 होगी। 125 मतदान केंद्रों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी।



जम्मू-कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं। यहां 87.09 लाख मतदाता हैं। 44.46 लाख पुरुष और 42.63 लाख महिला मतदाता होंगी। यहां पहली बार मतदान करने वालों की संख्या 3.71 लाख होगी। साथ ही कुल 20 लाख से ज्यादा युवा मतदाता होंगे। जम्मू-कश्मीर में चुनाव के दौरान पुनर्मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। कोई बड़ी हिंसा नहीं हुई। गड़बड़ी रोकने के लिए जम्मू-कश्मीर में 100 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती भी हुई थी। जम्मू-कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं। यहां 87.09 लाख मतदाता हैं। 44.46 लाख पुरुष और 42.63 लाख महिला मतदाता होंगी। यहां पहली बार मतदान करने वालों की संख्या 3.71 लाख होगी। साथ ही कुल 20 लाख से ज्यादा युवा मतदाता होंगे। हाल ही में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर का हमने दौरा किया। वहां के लोग लालायित हैं चुनाव के लिए। जम्मू कश्मीर के बारे में पहले जिक्र करें तो आपको याद होगा कि लोकसभा चुनाव के दौरान वहां मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें जम्हूरियत की ताकत का बेहतरीन उदाहरण पेश करती हैं। जम्हूरियत की ऐसी झलक बताती है कि आवाम अपनी तकदीर बदलना चाहता है और तकदीर को खुद लिखना चाहता है। यह बुलेट पर बैलट की जीत है। कश्मीर की घाटी के तीन निर्वाचन क्षेत्रों में अच्छा मतदान हुआ। घाटी ने हिंसा को नकारा और बुलेट और बहिष्कार के बदले बैलट को चुना। कश्मीरी प्रवासियों के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई थी ताकि हर नागरिक को पूरा अवसर मिला। तब सरलीकरण किया गया था। तब फॉर्म एम में ढील दी गई थी। चुनाव आयोग के मुखिया राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया रहा। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा मतदान अगर कहीं किसी चुनाव में हुआ तो वह लोकसभा चुनाव 2024 था।

## वक्फ बोर्ड की संपत्ति को किसी को छूने भी नहीं दूंगा: उद्धव

मुंबई, 16 अगस्त। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह किसी को भी वक्फ बोर्ड और मंदिरों की संपत्तियों को हाथ नहीं लगाने देंगे। उद्धव ने सीएम पद को लेकर भी अहम बात कही और कहा कि वह महाविकास अघाड़ी गठबंधन में सीएम पद को लेकर चर्चा कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं ऐलान कर रहा हूं कि अगर वक्फ बोर्ड या किसी मंदिर और धार्मिक संपत्ति को किसी ने छूने की भी कोशिश की तो मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। यह मेरा वादा है। यह किसी बोर्ड का सवाल नहीं है बल्कि यह हमारे मंदिरों का मामला है। जैसा कि शंकराचार्य ने कहा है कि केदारनाथ मंदिर का 200 किलो सोना चोरी हुआ, तो इसकी जांच होनी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन के बाद मुझे एक चीज का अनुभव हो गया है कि हमें उस नीति पर नहीं चलना चाहिए कि गठबंधन में जिस पार्टी के सबसे ज्यादा विधायक होंगे, उसी पार्टी का सीएम होगा। हमने भाजपा के साथ गठबंधन में पिछले चुनावों में ऐसा महसूस किया है कि पार्टी अपने विधायकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जिताने के लिए गठबंधन की दूसरी पार्टी के उम्मीदवारों को कमजोर करने की कोशिश करती है। इसलिए हम ज्यादा विधायकों वाली पार्टी को ही सीएम पद देने के पक्ष में नहीं हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर फैसला करने दीजिए। कांग्रेस और एनसीपी-एसपी को अपने-अपने सीएम उम्मीदवार का नाम सुझाने दीजिए।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने भी श्रद्धांजलि दी। अटल बिहारी वाजपेयी की दत्तक पुत्री नमिता कौल भट्टाचार्य भी सदैव अटल में पूर्व पीएम को पुष्पांजलि अर्पित की। एनडीए के अन्य नेताओं ने भी सदैव अटल में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व पीएम को याद किया। उन्होंने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलजी की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी उन्हें याद किया। उन्होंने कहा, देश में जब-जब राजनीतिक शुचिता, राष्ट्रहित के प्रति निष्ठा व सिद्धांतों के प्रति अडिगता की बात आएगी, अटल जी जरूर याद आएँगे। एक तरफ जहाँ भाजपा की स्थापना के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रहित की वैचारिकी को लोकप्रिय बनाया, वहीं प्रधानमंत्री के रूप में देश को सामरिक व आर्थिक रूप से मजबूती दी। भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी को उनकी पुण्यतिथि



पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारे देश की सुरक्षा और आर्थिक आधुनिकीकरण में उनके आजीवन योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, कोटिश: भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा-पुंज भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन करता हूं। अटल जी ने भारतीय राजनीति में सेवा और सुशासन की मजबूत आधारशिला रखने के साथ पोखरण परमाणु परीक्षण के द्वारा संपूर्ण विश्व को भारत के विराट सामर्थ्य का परिचय दिया। राष्ट्र के लिए उनका अनन्य समर्पण, गरीब कल्याण के सतत प्रयास व अद्वितीय संगठन कौशल सदैव हमारी प्रेरणा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, नये भारत के निर्माता, सुशासन के आदर्श प्रतिमान, हम सबके प्रिय, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने दूरदर्शी नेतृत्व में उन्होंने देश को विकास की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया। एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए उनके प्रयासों को सदैव स्मरण किया जाएगा।

## पीएम मोदी को मोहम्मद यूनुस ने किया फोन

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस हैं। उन्होंने भारत के साथ संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। मोदी से फोन पर बात करने के दौरान मोहम्मद यूनुस ने लोकतंत्र और देश में शांति बहाल करने जैसे मुद्दों पर प्रमुखता से बात की। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से फोन पर बात की। मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। यूनुस ने पीएम मोदी को बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोहम्मद यूनुस के साथ बातचीत के दौरान बांग्लादेश को लोकतांत्रिक, स्थिर और शांतिपूर्ण देश बनाने के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर



जायसवाल ने कहा कि ढाका में भारत के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के अधिकारियों के साथ बात कर भारत की चिंताओं से अवगत कराया है। हम हालात पर नज़र रखे हुए हैं। जब तक हालात सामान्य नहीं होते, हमारी यह चिंताएं बनी रहेंगी। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि बांग्लादेश के साथ सामान्य वीजा सेवाएं फिलहाल बहाल नहीं की गई हैं। भारत ने साफ किया कि पूर्ण वीजा सेवाएं कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक होने पर ही बहाल होंगी। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में रहने के समय और उनकी भावी योजनाओं से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कुछ भी अधिक बताने से इनकार कर दिया।

## चुनाव तारीखों के एलान के बाद उमर अब्दुल्ला बोले- हम तैयार हैं

जम्मू, 16 अगस्त। जम्मू-कश्मीर में तीन चरण में चुनाव होगा। 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होगा। 25 सितंबर को दूसरा फेज और एक अक्तूबर को तीसरे फेज के लिए मतदान होगा। जबकि चार अक्तूबर को मतगणना होगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद राजनीति दलों के नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और ऐसी सरकार बनाने के लिए वोट डालने की अपील की, जो वहां शांति बनाए रखे। साथ ही युवाओं के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करे। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव की तारीखों के एलान के बाद अपने एक्स अकाउंट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हाल के चुनावों की स्याही का निशान गया नहीं है और हम चुनावी मोड में वापस आ गए हैं।

# वामपंथियों-भाजपा के गठजोड़ का पर्दाफाश हो: ममता बनर्जी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

कोलकाता, 16 अगस्त। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 31 साल की डॉक्टर के साथ दरिंदगी का मामला लगातार सुर्खियों में है। ताजा घटनाक्रम में सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में इंसाफ की मांग के साथ मार्च निकाला। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि सच सामने आए, लेकिन लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ फैलाया जा रहा है। महिला डॉक्टर की मौत के खिलाफ प्रदर्शन पर ममता ने कहा, वामपंथियों और भाजपा के गठजोड़ का पर्दाफाश होना चाहिए। अस्पताल परिसर में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर कोलकाता में शुरू हुए विरोध मार्च के मकसद पर ममता ने कहा, सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें प्रसारित कर सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इंसाफ दिलाने के मकसद से तत्काल जांच शुरू की और अब मामला सीबीआई के पास है। तृणमूल कांग्रेस सरकार लगातार इस जघन्य अपराध के दोषी को फांसी दिलाने की मांग कर रही है। ममता ने विपक्षी दल भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए और कहा, मुझे पता है कि सीपीएम और बीजेपी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में तोड़फोड़ की...वे रात को




12-1 बजे के बीच वहां गए। घटना की वीडियो क्लिप में दिख रहा है कि सीपीएम ने डीवाईएफआई का झंडा पकड़ रखा है। बीजेपी सदस्यों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज दिखा। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज का दुरुपयोग किया है। उन्हें सजा मिलनी चाहिए। सीएम ममता बनर्जी ने पूर्वोत्तर में हुई जातीय हिंसा की घटना का जिक्र कर सवाल किया, मणिपुर में जब हिंसा की घटना हुई तो बीजेपी और सीपीएम ने कितनी टीमें भेजीं? भाजपा शासित राज्य- उत्तर प्रदेश का जिक्र कर ममता ने पूछा- हाथरस, उन्नाव में कितनी टीमें भेजी गईं? उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सीपीएम और बीजेपी मुझे धमकी न दें। ममता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव लड़े बिना सरकार नहीं बनाई है। इससे पहले कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने साफ किया कि पुलिस किसी को बचाने की कोशिश नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद पुलिस को इस बात की आशंका नहीं थी कि बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात आरजी कर अस्पताल परिसर के बाहर प्रदर्शनकारी हिंसक हो जाएंगे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि कोलकाता पुलिस सीबीआई जांच में पूरा सहयोग कर रही है. पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी समेत सभी साक्ष्य केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जा चुके हैं।


## 15 अगस्त के दिन राहुल को 5वीं पंक्ति में बिठाने पर भड़के शरद पवार

मुंबई, 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के दिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आगे की सीट आवंटिन नहीं किए जाने पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार ने केंद्र को फटकार लगाई और लोकसभा में विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं करने का आरोप भी लगाया। महाविकास अघाड़ी दल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि संविधान पर खतरा अभी भी टला नहीं है। शरद पवार ने कहा, लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला, लेकिन फिर भी संविधान पर खतरा अभी टला नहीं है। केंद्र ने लोकसभा में विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं किया। उन्हें पीछे की कतार में बैठाया गया। पवार ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में जब वे नेता प्रतिपक्ष थे, तब स्वतंत्रता दिवस के दिन उन्हें कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठाया जाता था। उन्होंने आगे कहा कि जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज को कैबिनेट रैंक की सीट आवंटित की गई थी। राकांपा-एसपी प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री का पद एक संवैधानिक पद है और ऐसा ही नेता प्रतिपक्ष का भी पद है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीएम पद की प्रतिष्ठा बरकरार रखनी है। इसी तरह नेता प्रतिपक्ष को भी बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को पांचवीं लाइन में बैठाने को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेता विपक्ष को स्वतंत्रता दिवस समारोह में पांचवी लाइन में बैठाकर नरेंद्र मोदी ने अपनी कुंठा दिखाई है, लेकिन इससे जननायक को फर्क नहीं पड़ता। वैसे भी छोटे मन के लोगों से बड़ी चीजों की उम्मीद करना बेमानी है।

# टाटा के प्रमुख आंध्र सीएम से मिले

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंदशेखरन ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्र बाबू नायडू से मुलाकात की। दूसरी ओर, आईफोन तैयार करने वाली वैश्विक कंपनी फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने नई दिल्ली में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने मुलाकात के बारे में बताया कि टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन 2047 तक राज्य को स्वर्ण आंध्र प्रदेश बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए बनाए गए टास्क फोर्स की सह-अध्यक्षता करेंगे। टाटा संस के चेयरमैन उस टास्क फोर्स का हिस्सा होंगे जिसे आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बनाया जा रहा है और इसमें बुद्धिजीवियों और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे। नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोएपी (आंध्र प्रदेश सरकार) स्वर्ण आंध्र प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए एक टास्क फोर्स का गठन कर रही है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि चंद्रशेखरन इस टास्क फोर्स की सह-अध्यक्षता करेंगे। चंद्रशेखरन को अपना पुराना मित्र बताते हुए सीएम ने कहा कि टाटा समूह ने उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से अमरावती में स्थापित किए जाने वाले सेंटर फॉर ग्लोबल लीडरशिप फॉर कॉम्पिटिटिवनेस के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने पर भी सहमति व्यक्त की



है। इसके अलावा, नायडू ने कहा कि उन्होंने और चंद्रशेखरन ने विशाखापत्तनम में टीसीएस का विकास केंद्र स्थापित करने के अवसरों की खोज की। इसके अलावा एयर इंडिया व विस्तारा के माध्यम से राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य साझेदारियों और क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। आंध्र देश के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश और उद्योग मंत्री टीजी भरत ने भी टाटा संस के शीर्ष अधिकारी से मुलाकात की। दूसरी ओर, फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने आज दिल्ली में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस दौरान फॉक्सकॉन के चेयरमैन ने निकट भविष्य में अपनी टीम के साथ हैदराबाद जाने की योजना की घोषणा की। तेलंगाना सरकार के जनसंपर्क विभाग ने इसका वीडियो साझा किया। वित्त मंत्रालय ने एसबीआईकैप सिक्योरिटीज, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन समेत 15 सिक्योरिटी (प्रतिभूति) फर्मों को अपने ग्राहकों का आधार प्रमाणीकरण करने की अनुमति दे दी है। वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें 15 रिपोर्टिंग संस्थाओं को आधार-आधारित केवाईसी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया करने की अनुमति दी गई है जिन 15 संस्थाओं को आधार प्रमाणीकरण की अनुमति दी गई है उनमें जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज, अरिहंत कैपिटल मार्केट, एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज, आदित्य बिड़ला मनी, आरके स्टॉक होल्डिंग, मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल, आरकेएसवी सिक्योरिटीज, कम्फर्ट सिक्योरिटीज और ओपीजी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल हैं।

## झोपड़ी में रहने वालों की दुर्दशा पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

मुंबई, 16 अगस्त। बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्राइवेट डेवलपर्स के हाथों शिकार बनने वाले झुग्गीवासियों की दुर्दशा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाना होना चाहिए। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और सोमशेखर सुंदरेसन की पीठ ने महाराष्ट्र स्लम एरिया (सुदार, निक्सी और पुनर्विकास) एक्ट की कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कहा, लक्ष्य मुंबई, जिसे अंतरराष्ट्रीय शहर माना जाता है और जो भारत की वित्तीय राजधानी है, उसे झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाना है। हमें एक बिलकुल झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाना होगा। यह एक्ट (अधिनियम) हमें मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाने में मदद करेगा। जुलाई में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार एक्ट का परफॉर्मेंस ऑडिट करने के लिए पिछले सप्ताह पीठ का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अधिनियम की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई। उन्होंने सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। पीठ ने झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण और अन्य पक्षों को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को तय की। अदालत ने सवाल करते हुए कहा, भविष्य के बारे में सोचिए।

## जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने पर 30 अगस्त को कोर्ट दे सकता है आदेश

नई दिल्ली, 16 अगस्त। 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश में तीन लोगों की हत्या से संबंधित मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय किया जाए या नहीं, इस पर दिल्ली की एक अदालत 30 अगस्त को आदेश पारित कर सकती है। विशेष सीबीआई न्यायाधीश राकेश सियाल ने पक्षों से कुछ स्पष्टीकरण प्राप्त करने के बाद शुक्रवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायाधीश ने कहा, कोई और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। मैं 30 अगस्त के लिए आदेश सुरक्षित रख रहा हूं। मई 2023 में दायर अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने पूर्व केंद्रीय मंत्री टाइटलर पर 1 नवंबर, 1984 को पुल बंगश गुरुद्वारे के पास इकट्ठा हुई भीड़ को उकसाने और उकसाने का आरोप लगाया था। एक गवाह का हवाला देते हुए इसमें दावा किया गया कि टाइटलर गुरुद्वारे के सामने एक सफेद एंबेसडर कार से उतरे और भीड़ को उकसाया। आरोप है कि उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, सिखों को मारो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला है! एक दिन पहले प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या से गुस्साई भीड़ ने तीन



लोगों को मौत के घाट उतार दिया। एक सत्र अदालत ने पिछले साल अगस्त में टाइटलर को एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर मामले में अग्रिम जमानत दे दी थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगा), 109 (उकसाने) के साथ धारा 302 (हत्या) के तहत आरोप लगाए हैं।

## यूक्रेनी सेना की रूसी सीमा पर जबरदस्त गोलाबारी, कई क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा

एजेंसी

**कीव।** रूस के बेलगोरोद सीमा क्षेत्र में यूक्रेन की सेना की जबरदस्त गोलाबारी के कारण आपातकाल घोषित कर दिया गया। वहीं यूक्रेन ने रात भर के दौरान चार रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर ड्रोन हमला बोला। रूस के वोरोनिश कुर्स्क सवासलेका और बोरिसोग्लबस्क हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। हमले का उद्देश्य यूक्रेन पर बम हमलों के लिए युद्धक विमानों का उपयोग करने की मास्को की क्षमता को कमजोर करना था। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने 117 यूक्रेनी ड्रोन और चार मिसाइलों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेनी सेना लगातार दूसरे सप्ताह निकटवर्ती कुर्स्क क्षेत्र में सीमा पार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ की कोशिश कर रही है। इस बीच, यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उनके देश का रूसी क्षेत्र पर कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है। बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने क्षेत्र की स्थिति को ''बेहद कठिन और तनावपूर्ण'' बताया क्योंकि हमलों में घर नष्ट हो गए हैं तथा आम लोग हताहत हुए हैं। उन्होंने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि विशेष रूप से बच्चों को सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाया जा रहा है। ग्लैदकोव ने बताया कि लगभग 5,000 बच्चे सुरक्षित क्षेत्रों में शिविरों में हैं। उन्होंने कल कहा था कि लगभग 11,000 लोग अपना घर छोड़कर भाग गए हैं, जिनमें से लगभग 1,000 लोग अस्थायी आवास केंद्रों में रह रहे हैं।

## नेपाल में माओवादी सशस्त्र विद्रोह से संबंधित संशोधन विधेयक प्रतिनिधि सभा से पारित

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा से बुधवार को सत्य निरुपण तथा मेल-मिलाप आयोग संशोधन अधिनियम-2024 सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। विधेयक में 10 वर्षों के माओवादी सशस्त्र विद्रोह के दौरान माओवादी लड़ाकों द्वारा मारे गए लोगों और सुरक्षाबलों के परिवार वालों को घटना की प्रकृति के आधार पर मुकदमा चलाने का प्रावधान किया गया है। संशोधन विधेयक को सदन में कानून, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री अजय कुमार चौरसिया ने पेश किया था। विधेयक पारित होने के बाद प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले 10 दिनों में इस विधेयक को कानून में तब्दील करना है। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा से पारित होने के बाद अब संसद के उच्चसदन राष्ट्रीय सभा में पेश किया जाएगा। राष्ट्रीय सभा से पारित होने के बाद यह प्रतिनिधि सभा में वापस आएगा और स्पीकर द्वारा प्रमाणित किए जाने के बाद यह विधेयक राष्ट्रपति के पास जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा।

## भारत ने सुरक्षा चिंताओं के बीच रूस के तीन क्षेत्रों के नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श

**मॉस्को।** रूस के ब्रायंस्क, बेलगोरोद और कुर्स्क क्षेत्रों में रहने वाले भारतीय छात्रों समेत अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से जाने के लिये भारतीय दूतावास ने परामर्श जारी किया है। दूतावास ने रूस-यूक्रेन युद्ध के तेज होने के बाद इन क्षेत्रों में सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है। भारतीय दूतावास ने यह सुरक्षा परामर्श रूस के बेलगोरोद सीमा क्षेत्र में आपातकाल घोषित किये जाने के कुछ घंटों बाद जारी किया गया। रूस के बेलगोरोद सीमा क्षेत्र में यूक्रेन की सेना की जबरदस्त गोलाबारी के कारण बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया, क्योंकि यूक्रेनी सेना लगातार दूसरे सप्ताह निकटवर्ती कुर्स्क क्षेत्र में सीमा पार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ की कोशिश कर रही है। यूक्रेनी सेना द्वारा छह अगस्त को क्षेत्र में घुसपैठ शुरू करने के बाद पिछले शनिवार को कुर्स्क में आपातकाल घोषित कर दिया था। भारतीय दूतावास ने कहा, ''ब्रायंस्क, बेलगोरोद और कुर्स्क क्षेत्रों में हाल की सुरक्षा घटनाओं के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को आवश्यक सावधानी बरतने और अस्थायी रूप से इन क्षेत्रों से बाहर चले जाने का परामर्श किया जाता है।''

## श्रीलंका ने 17 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 17 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। ये मछुआरे श्रीलंका के जल क्षेत्र में कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने के दौरान श्रीलंका की नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया था। यह घटना 21 भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी के कुछ ही दिन बाद हुआ, जिन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था और दो अगस्त को कोलंबो से चेन्नई वापस भेज दिया। श्रीलंका स्थित भारतीय मिशन ने बुधवार को सभी मछुआरों की तस्वीर के साथ सोशल मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, घर की ओर बढ़ रहे हैं ।



17 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका से सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है। श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने 'पाक जलसंधि' क्षेत्र में भारतीय मछुआरों पर गोली चलाई और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया। श्रीलंका का दावा है कि भारतीय अधिकारी भी इसी तरह का रवैया अपनाते हैं। पाक जलसंधि क्षेत्र दोनों देशों के मछुआरों के लिए एक समृद्ध मछली पकड़ने का क्षेत्र है। यहां अक्सर अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के कारण गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# गुटेरेस ने परमाणु परीक्षण पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने का किया आह्वान

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र ।** हर साल 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक संदेश दिया है। उन्होंने परमाणु परीक्षण पर 'हमेशा के लिए' प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

समाचार एजेंसीके अनुसार, गुटेरेस ने कहा कि पिछले आठ दशकों में दुनिया भर में 60 से ज्यादा जगहों पर 2,000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए गए हैं। इससे वह जमीन रहने लायक नहीं रह गई है जहाँ परमाणु परीक्षण किए गए। साथ ही, वहां रहने वाले लोगों को लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने चेतावनी दी कि जो लोग परमाणु परीक्षण करने के बारे में सोच रहे हैं, वे शायद भूल गए हैं कि अतीत में परमाणु परीक्षणों के कारण उन्हें क्या नुकसान उठाना पड़ा था। गुटेरेस ने कहा कि परमाणु परीक्षण विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस



पर दुनिया को इस प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए एक स्वर में बोलना चाहिए। गुटेरेस ने कहा कि इस पर रोक लगाने वाली एकमात्र परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि है। लेकिन दुर्भाग्य से यह अभी तक लागू नहीं हुई है।

गुटेरेस ने कहा, परमाणु परीक्षणों के पीड़ितों और भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए, मैं उन सभी देशों से आग्रह करता हूं, जिनके समर्थन से इस संधि को लागू करने के लिए आवश्यकता है। वे इसे तुरंत और बिना किसी शर्त के लागू करें। उन्होंने कहा, आइये मानवता की परीक्षा पास करें और परमाणु परीक्षण पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाएं।

# ब्राजील में विमान दुर्घटना में पांच की मौत

**कीव।**

**साओ पाउलो ।** ब्राजील में एक विमान दुर्घटना में पांच लोगों की मौत की खबर है। यह दुर्घटना ब्राजील के मातो ग्रोसो राज्य के अमेज़ोनियन शहर अपिआकास में तब घटी जब एक ट्विन-इंजन विमान नीचे आ गिरा। ब्राजील की ग्लोबोन्यूज़ नेटवर्क के मुताबिक, मृतकों में अर्नी स्पीयेरिंग, एक एग्री-बिजनेस मालिक और यूनियन स्पोर्ट्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष, उनके दो पोते-पोतियां, उनकी कंपनी के एक कर्मचारी और पायलट शामिल हैं।

सामचार एजेंसी के मुताबिक, सात लोगों की क्षमता वाले ट्विन-इंजन किंग एयर विमान रोंडोनोपोलिस शहर की ओर जा रहा था और पाउसादा अमेजोनिया फिशिंग लॉज से उड़ान भर रहा था, तभी यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।इस दुर्घटना के बारे में बताते हुए ब्राज़ीलियन एयर फोर्स ने कहा कि एयरोनॉटिकल एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंशन सेंटर के



विशेषज्ञों को अपिआकास में दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए भेजा गया है। यह दुर्घटना वोएपास एयर कैरियर द्वारा संचालित एक विमान के विन्हेडो शहर में दुर्घटनाग्रस्त होने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें 62 लोगों की मौत हो गई थी।

# अमेरिका और इजरायल के साथ संघर्ष में यमन में अब तक 73 की मौत : हौथी

एजेंसी

**अदन ।** यमन के हौथी समूह के नेता अब्दुल-मलिक अल-हौथी ने खुलासा किया कि अक्टूबर 2023 में इजरायल के खिलाफ उनके सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से अब तक 73 लोग मारे गए हैं और 181 घायल हुए हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हौथियों ने कहा कि वे फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में हैं। जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल पर प्रसारित अल-हौथी के बयान में अब तक हुई मौतों के बारे में विस्तार से बताया गया है, साथ ही कहा गया कि यह अभियान लाल सागर क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ने के



साथ शुरू हुआ, जिसमें उन जहाजों पर हमले भी शामिल हैं, जिनके बारे में हौथियों का दावा है कि वे इजरायल से जुड़े हैं। हौथी नेता ने यमन में हाल ही में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों पर भी बात की, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने इस सप्ताह अकेले 10 हवाई हमले किए। इनमें से आठ हमलों ने कथित तौर पर लाल सागर के होदेइदाह के तटीय प्रांत को निशाना बनाया, जबकि हज्जाह प्रांत और सना में अलग से हमले किए गए।इस क्षेत्र में जहाजों पर हौथियों के नौसैनिक हमलों के जवाब में अमेरिकी और ब्रिटिश हवाई हमले किए गए हैं जो जनवरी 2024 से शुरू हुए। हमास और हिजबुल्लाह के नेताओं को निशाना बनाने सहित हाल की घटनाओं के जवाब में यमन के हौथी समूह के नेता ने इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकी दोहराई।

## बांग्लादेश की कार्यकारी सरकार का वादा- अल्पसंख्यकों पर हमले करने वालों पर तेजी से कार्रवाई होगी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हुई हिंसा का मुद्दा दुनियाभर में तूल पकड़ चुका है। भारत के साथ-साथ कई अन्य देश और संगठन इसे लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। वैश्विक शक्तियों के इस दबाव के बीच अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा है कि वह अल्पसंख्यकों पर हमले या उनका उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ तेज और कड़ी कार्रवाई करेगी। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले शासन ने कहा देश में हिंसा-टकराव और नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। रिटायर्ड ब्रिगेडियर जनरल एम सखावत हुसैन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में इस्कॉन के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मंत्रालय स्थित उनके दफ्तर में मुलाकात की। हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश सामाजिक सौहार्द वाला देश है, जहां सभी धर्मों के लोग बिना बंटवारे के रहते हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि इस्कॉन प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान इस्कॉन बांग्लादेश के अध्यक्ष सत्यरंजन बरोई ने सरकार के सलाहकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग की थी और इसके लिए आठ प्रस्ताव पेश किए थे। इनमें निगरानी सेल की स्थापना से लेकर अल्पसंख्यक आयोग के गठन तक की मांग की गई थी। साथ ही मंदिरों को अलग से सुरक्षा मुहैया कराने के लिए भी कहा गया था।

# फिलिस्तीनी राष्ट्रपति बोले एकीकृत फिलिस्तीन ही है शांति की गारंटी

एजेंसी

**अंकारा ।** फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने तुर्की के अंकारा में अपनी यात्रा के दौरान कहा कि एकीकृत फिलिस्तीन को अंतरराष्ट्रीय मान्यता के बिना क्षेत्र में शांति, एकता और समृद्धि संभव नहीं है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, महमूद अब्बास ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन के साथ बुधवार को मुलाकात के बाद, तुर्की की संसद में भाषण दिया। पिछले अक्टूबर से गाजा में चल रहे संघर्ष के बाद किसी सार्वजनिक स्थान पर उनको पहली बार देखा गया है।

भाषण के दौरान, उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समाज को गाजा संकट पर चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका ने गाजा के संबंध में यूएन सुरक्षा परिषद में तीन बार वीटो पावर का उपयोग किया है और फिलिस्तीन समस्या से संबंधित प्रस्तावों को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने आगे कहा कि फिलिस्तीन की मान्यता क्षेत्र की शांति, एकता और समृद्धि की कुंजी है। उन्होंने आगे कहा अगर फिलिस्तीन के लोगों में राष्ट्रीय एकता नहीं होती, तो अंतिम विजय प्राप्त



करना मुश्किल हो सकता है। वर्तमान में, फिलिस्तीन को यूएन सदस्य देशों में 145 देशों द्वारा मान्यता प्राप्त है, लेकिन फिलीस्तीन संयुक्त राष्ट्र मे एक पर्यवेक्षक देश है, पूर्ण सदस्य नहीं। अपने भाषण के दौरान, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने यह कहते हुए गाजा जाने की घोषणा की कि गाजा के बच्चों की तुलना में उनका जीवन अधिक मूल्यवान नहीं है। अब्बास की अंकारा यात्रा उस समय की गई जब गाजा में चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या 40,000 से अधिक हो गई है। हमास के पूर्व नेता इस्माइल हानिया की ईरान में हत्या के बाद क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष को लेकर भी चिंता जाहिर की गई। ईरानी सरकार बार-बार इस हमले का बदला लेने की बात कर रही है। ईरान का मानना है कि इजराइल ने हानिया की हत्या की है।कार्यस्थलों और मंदिरों पर हमलों में सैकड़ों हिंदू घायल हुए हैं।

कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए, हिंदू समुदाय के नेताओं ने अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वालों पर मुकदमा चलाने अभके लिए विशेष न्यायाधिकरण की मांग की है। उन्होंने देश के अल्पसंख्यक समूहों को 10 फीसदी संसदीय सीटें आवंटित करने और अल्पसंख्यक संरक्षण पर एक कानून बनाने का भी आह्वान किया है। सात अगस्त को कार्यभार संभालने वाले यूनुस ने इससे पहले अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों की निंदा की थी और छात्रों से अल्पसंख्यक समूहों की रक्षा करने का आग्रह किया था।

## कमला हैरिस पर बढ़ता जा रहा डेमोक्रेट का भरोसा, सर्वेक्षण में कई मुद्दों पर ट्रंप से आगे

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के डेमोक्रेट प्रत्याशी बनने से पार्टी में उत्साह है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन जैसे-जैसे करीब आ रहा है, कमला हैरिस की योग्यता पर पार्टी का भरोसा बढ़ रहा। हालिया सर्वेक्षण में पाया गया है कि डेमोक्रेटिक पार्टी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटने की हैरिस की क्षमता पर थोड़ा अधिक भरोसा है। 85 प्रतिशत डेमोक्रेट को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हैरिस पर भरोसा है, जबकि लगभग 75 प्रतिशत बाइडन के बारे में भी यही कहते हैं।

दूसरी ओर, रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी कैरोलिना की एक रैली में इस संदेश पर बने रहने के लिए बहुत कम प्रयास किया कि उनका अभियान एक बड़े आर्थिक संबोधन के रूप में पेश किया गया था। उनकी हैरिस को लेकर शिकायत भरी शैली ने डेमोक्रेट को जवाब देने की क्षमता को कमजोर कर दिया।

## यूक्रेनी सेना के लिए फंड जुटाने वाली महिला को 12 साल की सजा

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच एक रूसी महिला को दुश्मन देश के लिए फंड जुटाने पर कड़े दंड का प्रावधान करते हुए 12 साल की सजा सुनाई गई है।

रूस की एक अदालत ने अमेरिका और रूस की दोहरी नागरिकता रखने वाली केन्सिया खवाना को 12 साल जेल की सजा सुनाई है। केन्सिया को यह सजा यूक्रेनी सेना के लिए धन जुटाने के आरोप में सुनाई गई है। उस पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। खवाना को फरवरी में येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किया गया था।रिपोर्टों में कहा गया है कि उसने पिछले सप्ताह बंद कमरे में चल रही सुनवाई में अपना गुनाह कबूल कर लिया। खवाना ने कथित तौर पर एक अमेरिकी से शादी करने और लास एंजिलिस जाने के बाद अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की। वह परिवार से मिलने के लिए रूस लौटी थी। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने कहा कि उसने यूक्रेनी संगठनों में से एक के हित में सक्रिय रूप से धन एकत्र किया था। इसका उपयोग बाद में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लिए चिकित्सा आपूर्ति, उपकरण, हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए किया गया।

# जापान में चक्रवात एम्पिल के कारण घरों को खाली करने के निर्देश, रेलवे-विमान सेवाएं रद्द

एजेंसी

**अदन ।**जापान में चक्रवात एम्पिल के प्रभाव को देखते हुए टोक्यो के तट के पास रहने वाले कुछ निवासियों को तुरंत घर खाली करने का आदेश दिया गया। शुक्रवार को कुछ लोगों के घरों में बिजली चली गई। चक्रवात अब टोक्यो में तट के पास पहुंच चुका है। संयुक्त तूफान चेतावनी केंद्र (जेटीडब्ल्यूसी) के अनुसार, दो दिनों में चक्रवात एम्पिल अधिक शक्तिशाली हो चुका है। अगले 12 घंटों तक चक्रवात के और तेज होने की आशंका है। जापान के पास से गुजरते हुए यह चक्रवात का असरन चरम पर होगा। चक्रवात को देखते हुए इसुमी के तटीय क्षेत्रों के अधिकारी ने लगभग 17000 घरों को खाली करने का नोटिस जारी किया। इसी के साथ उन्होंने बुजुर्गों और दिव्यांगों से सुरक्षा की तलाश



करने का भी आग्रह किया। शुक्रवार देर रात तक इस क्षेत्र में तूफान आने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ भारी बारिश भी हो सकती है।

**रेलवे-एयरलाइंस की सेवाएं रद्दः** योकोहामा शहर में भी नोटिस जारी कर स्थानीय निवासियों को भी सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश जारी किए गए। शुक्रवार सुबह तक तटीय इलाकों में तेज बारिश और हवा के कारण हजारों घरों में बिजली गुल हो गई। तूफान को लेकर जारी नोटिस के बाद रेलवे और एयरलाइंस ने सेवाएं रद्द कर दी। दो प्रमुख एयरलाइंस जापान एयरलाइंस और ऑल निप्पॉन एयरलाइंस ने 500 उड़ाने रद्द कर दीं। चक्रवात एम्पिल के कारण रेलवे को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छह बुलेट रेल लाइन सेवाएं निलंबित कर दी गई। मौसम विभाग ने उत्तरी और पूर्वी जापान के लिए भारी बारिश, तेज हवाएं, बांढ़ की स्थिति और भूस्खलन की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने सभी लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने और तूफान के प्रभाव के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। चक्रवात का केंद्र तट से थोड़ा दूर है।

# राष्ट्रपति चुनाव की रेस से बाहर होने के बाद पहली बार कमला हैरिस के साथ दिखे बाइडन

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस मैरीलैंड में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में संयुक्त रूप से उपस्थित हुए। दरअसल, जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव की रेस से बाहर होने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस चुनाव की रेस से बाहर होने के बाद पहली बार बाइडन और हैरिस एक साथ किसी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों दवाओं की कीमतों को लेकर ऐतिहासिक फैसले का जश्न मनाने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बाइडन ने दवाओं की लागत को कम करने के लिए अपनी दशकों पुरानी वकालत पर प्रकाश डाला। वहीं हैरिस इस कार्यक्रम में प्रमुख के तौर पर थीं।हैरिस के संबोधन के बाद जैसे ही राष्ट्रपति



बाइडन ने बोलना शुरू किया, दर्शक वहां से जाने लगे। बता दें कि बाइडन अपनी बढ़ती उम्र को देखते हुए राष्ट्रपति की दौड़ से बाहर हो गए थे। वहीं दूसरी तरफ, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सत्ता में वापसी करने की कोशिश में लगे हुए हैं। कमला हैरिस ने राष्ट्रपति पद के लिए अपनी पार्टी का नामांकन सुरक्षित कर कर लिया है।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# इस्लामाबाद में विदेशी महिला को बंधक बनाकर पांच दिनों तक गैंगरेप करने के बाद सड़क पर फेंका

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में विदेशी महिला के साथ पांच दिनों तक गैंगरेप के बाद सड़क पर फेंकने की भयावह घटना सामने आई है। यह 28 वषीर्य विदेशी महिला बेल्जियम की है।


जानकारी के मुताबिक बेल्जियम की 28 वर्षीय सिल्वी स्टिना नामक इस महिला को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बंधक बनाकर पांच दिनों तक उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसे इस्लामाबाद के जी-6 क्षेत्र में बंधी हालत में छोड़ दिया गया। स्थानीय निवासियों में से एक ने महिला को इस दयनीय स्थिति में देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को मुक्त कराया और उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। सिल्वी ने आरोप लगाया कि उसके साथ पांच दिनों तक यौन शोषण किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने तमीजुद्दीन नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तमीजुद्दीन को उसकी निवास से गिरफ्तार किया गया और उसे भी मेडिकल जांच के लिए उसी अस्पताल भेजा गया जहां पीड़िता को भेजा गया था। हालांकि, तमीजुद्दीन ने महिला के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसने यह भी दावा किया कि महिला के पास कोई पहचान पत्र नहीं है और वह बिना उचित दस्तावेजों के पाकिस्तान आई है। पुलिस ने तमीजुद्दीन के निवास स्थान की तलाशी ली ताकि महिला के दस्तावेजों का पता लगाया जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच कर रही है और तमीजुद्दीन से पूछताछ जारी है। पीड़िता ने तमीजुद्दीन को इस अपराध में शामिल होने की पहचान की है, जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

**जानकारी के मुताबिक बेल्जियम की 28 वर्षीय सिल्वी स्टिना नामक इस महिला को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बंधक बनाकर पांच दिनों तक उसके साथ यौन उत्पीड़न किया।**

## नेपाल की विदेश मंत्री रविवार से भारत दौरे पर

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा रविवार को भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचेंगी। डॉ. राणा उपचार के सिलसिले में नई दिल्ली जा रही हैं लेकिन इस दौरान उनका अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर के साथ मुलाकात होना भी तय माना जा रहा है।नेपाल के कैबिनेट ने उनके दौरे को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। विदेश मंत्री के सचिवालय के मुताबिक चार महीने पहले ही डॉ. राणा की दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में हाइपर पाराथोडिज्म का ऑपरेशन हुआ था। उसी सिलसिले में चेकअप



के लिए उनको दिल्ली बुलाया गया था। नेपाली दूतावास के मुताबिक मेडिकल ट्रिटमेंट के लिए दिल्ली का दौरा होने के बावजूद डॉ. राणा की यात्रा को औपचारिक बनाते हुए भारत की यात्रा कराई जा रही है। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री के अलावा कुछ अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात भी होना तय है। इसी हफ्ते भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के नेपाल यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. राणा को भारत की यात्रा का औपचारिक निमंत्रण दिया गया था। डॉ. राणा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा की पत्नी हैं। समानुपातिक कोटे से सांसद डॉ. राणा की ओली सरकार के गठन में अहम भूमिका है।

## नलिन प्रभात जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष महानिदेशक नियुक्त



एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी नलिन प्रभात को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विशेष पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जारी आदेश में कहा है कि आंध्र प्रदेश कैडर के अधिकारी श्री प्रभात के प्रतिनियुक्ति में एजीएमयूटी कैडर में स्थानांतरित होने के बाद उनकी जम्मू कश्मीर पुलिस में विशेष पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्ति की गयी है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होकर इस वर्ष 30 सितम्बर तक रहेगी। आदेश में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन के आगामी 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त होने के बाद श्री प्रभात एक अक्टूबर से जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक नियुक्त किये जायेंगे। इस पद पर उनकी नियुक्ति अगले आदेश तक रहेगी।

## सांसद स्वाति मालीवाल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखा कड़ा पत्र

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने भावनात्मक शब्दों में लिखे गए एक पत्र के माध्यम से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक युवा प्रशिक्षु डॉक्टर के क्रूरतम बलात्कार और हत्या में तत्काल कदम उठाने की मांग की। यह पत्र भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भेजा गया, जो पश्चिम बंगाल सरकार की कथित विफलताओं पर एक तीखा आरोप है, जो इस भयानक अपराध से निपटने में असफल रही है। प्रशिक्षु डॉक्टर की ड्यूटी के दौरान बलात्कार और निर्ममतापूर्वक हत्या की गई। गला घोंट कर हत्या कर दी गई और उसे अमानवीय तरीके से चोटें पहुंचाई गईं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भयानक विवरण सामने आए हैं, जिनमें उत्पीड़न और गंभीर शारीरिक अत्याचार के सबूत मिले हैं। अपने पत्र में, सांसद मालीवाल ने राज्य प्रशासन और कानून प्रवर्तन द्वारा दिखाई गई तत्परता और ईमानदारी की कमी पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस बात पर गहरा दुख जताया कि पुलिस, अपराध में कोई महत्वपूर्ण प्रगति करने में विफल रही, जबकि आरोपित स्वयं कोलकाता पुलिस का एक सिविक वॉलंटियर था। पत्र में उन्होंने पीड़िता के परिवार को सूचित करने में देरी और अस्पताल प्रशासन पर इस हत्या को आत्महत्या का मामले पर नाराज़गी जतायी। मालीवाल लिखती हैं ,राज्य सरकार की भूमिका अत्यधिक संदिग्ध है और कई सवाल खड़े करती है।

## नाबालिग ने युवक की चाकू घोंपकर की हत्या

**नई दिल्ली।** द्वारका नॉर्थ इलाके में एक नाबालिग ने पुरानी रंजिश में 18 साल के युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपित ने देर रात युवक पर हमला कर फरार हो गया। मृत युवक की पहचान आशु के रूप में हुई है। सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान आशु ने रात को दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपित नाबालिग को पकड़ लिया है और उसे बाल सुधार गृह में भेज दिया है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि रात भरत विहार इलाके में युवक को चाकू मारे जाने की सूचना मिली थी। घायल युवक को पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने आशु को सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। उसके भाई लक्की ने बताया कि परिवार में माता पिता और उसके अलावा आशु था। उसकी मां सोसाइटी में घरेलू सहायक का काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि भाई का काफी दिन पहले पड़ोस में रहने वाले नाबालिग से झगड़ा हुआ था। सोमवार देर रात आरोपित ने मौका पाकर उसके भाई पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी और उसे इलाके से पकड़ लिया। इसी बीच बुधवार रात आशु ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## राज निवास में दिल्ली के एलजी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज निवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस की एक टुकड़ी ने राष्ट्रीय सलामी दी। देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एलजी ने स्वतंत्रता की राह में आई कठिनाइयों को याद किया। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए इस बात पर विश्वास जताया कि भारत में वैश्विक नेतृत्व करने की क्षमता है। एलजी ने कहा कि हमने अपनी आजादी के लिए भारी कीमत चुकाई है। स्वतंत्र भारत की कहानी लाखों देशभक्तों ने अपने खून से लिखी है। हालांकि ऐसे कुछ ही स्वतंत्रता सेनानियों के नाम हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन लाखों नाम ऐसे भी हैं, जिन्हें हमने कभी नहीं सुना।

## *ओलंपिक खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात, कहा पेरिस गया हर खिलाड़ी चैंपियन*

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आवास सात लोक कल्याण मार्ग में पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सभी के साथ अलग-अलग तस्वीरें खिंचवाई और बाद में उनके साथ संवाद भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने कहाकि पेरिस ओलंपिक में हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय दल के साथ बातचीत कर बेहद खुशी हुई। खेलों के दौरान उनके अनुभव सुने और खेल मैदान पर उनके कारनामों की सराहना की। पेरिस गया हर खिलाड़ी चैंपियन है। भारत सरकार खेलों को समर्थन देना जारी रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उच्च गुणवत्ता वाली खेल संरचना का निर्माण हो। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी आज लालकिले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल हुए। इस दौरान वे अपनी ओलंपिक पोशाक में रहे। उन्होंने इस दौरान केन्द्रीय मंत्रियों और विभिन्न हस्तियों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि भारत ने 2024 पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। भारत ने इस बार कुल 6 पदक हासिल किए। इनमें 1 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीता, जिससे वह ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। मनु भाकर ने शूटिंग में दो कांस्य पदक हासिल किए, एक व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में और दूसरा मिक्स्ड टीम इवेंट में। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। अमन सेहरावत ने कुश्ती में कांस्य पदक जीता और वह ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे युवा भारतीय पहलवान बने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता। लाल किले की प्रचीर से प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी और आने वाले पैराओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी।

## 'सदैव अटल' पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर अटल जी को याद किया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार प्रातः प्रार्थना सभा आयोजित की गई। राजघाट के निकट स्थित उनके स्मारक 'सदैव अटल' पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनेक सदस्यों व राजनेताओं ने 'सदैव अटल' पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया।

भारतीय राजनीति में अजातशत्रु के तौर पर देखे जाने वाले भारतीय जनता पार्टी के सबसे चर्चित नेता और कवि हृदय प्रधानमंत्री के तौर पर पहचाने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का 16 अगस्त 1998 को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया



था। 25 दिसम्बर 1924 को जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे और फिर जनसंघ से राजनीतिक सफर शुरू करके भारतीय जनता पार्टी के पहले प्रधानमंत्री के तौर पर 1996 में 13 दिनों की सरकार बनाने वाले पहले नेता बने। इसके बाद 1998 से लेकर 2004 तक वे दो बार प्रधानमंत्री चुने गए। अपने नाम के अनुरूप अटल जी भारतीय राजनीति में अपनी अनूठी और अटल छाप छोड़ गए। इसीलिए उनके मरणोपरान्त उनके स्मृति स्थल को सदैव अटल नाम दिया गया है, जहां प्रतिवर्ष 16 अगस्त को भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता श्रद्धासुमन चढ़ाने के लिए एकत्र होते हैं। सुबह 'सदैव अटल' पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, लोकसभा अध्यक्ष के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थय मंत्री जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, जीतन राम मांझी, जयंत चौधरी, हर्ष मल्होत्रा, अटल जी की दत्तक पुत्री नमिता कौल भट्टाचार्य, दिल्ली प्रदेश के पदाधिकारी व सांसद आदि प्रमुख रहे।

## एनडीएमसी अध्यक्ष ने पालिका केंद्र पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष नरेश कुमार ने आज एनडीएमसी मुख्यालय में भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एनडीएमसी मुख्यालय में ध्वजारोहण के अवसर पर पालिका परिषद उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य विशाखा शैलानी, सचिव एनडीएमसी, कृष्ण मोहन उप्पू, कर्मचारी, स्कूली छात्र व शिक्षक उपस्थित रहे। राष्ट्र की स्वतंत्रता और दुश्मनों से देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सशस्त्र बलों तथा अर्धसैनिक बलों के जवानों को याद करते हुए एनडीएमसी के अध्यक्ष नरेश कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र की सुरक्षा में उनकी भूमिका की सराहना की। नरेश कुमार ने अगले एक वर्ष के लिए 11 सूत्रीय लक्ष्य कार्यक्रम की भी घोषणा की ताकि एनडीएमसी क्षेत्र के प्रत्येक सामाजिक क्षेत्र को शामिल करते हुए सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने वाली राष्ट्र की पहली नगर पालिका बन सके। उन्होंने आगे 11 सूत्रीय लक्ष्य को रेखांकित किया, जिसमें सबसे स्वच्छ शहर, सबसे हरा-भरा शहर, ई-मोबाइल के माध्यम से सेवाओं का डिजिटलीकरण, सांस्कृतिक शहर, विश्व स्तरीय नागरिक अवसंरचना, विश्व स्तरीय शिक्षा संस्थान, विश्व स्तरीय स्वास्थ्य अवसंरचना, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को शामिल करते हुए समग्र सामाजिक कल्याण, विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी और सतत जलवायु सक्षम शहर बनाना शामिल हैं।

# चंडीगढ़ में सी वी सी गाइड लाइन की सरेआम उड़ रही धज्जियां

संजय अरोड़ा
चंडीगढ़। चंडीगढ़ शहर एक स्मार्ट सिटी शहर है, शहर की चमचमाती रोड एवं शहर की हरियाली जहां इस शहर को चकाचौं जीवीध करती है , वही यह शहर अपने अंदर एक ऐसी कार्य प्रणाली को भी छुपाए बैठी है जो निरंकुश होकर, सभी नियमों को ताक पर लगा शहर की प्रणाली को खोखला कर रही है। यह शहर का एक ऐसा काला सच है जो अक्सर शहर की चकाचौंध

के सामने दबकर रह जाता है। हम बात कर रहे हैं नगर निगम के उन उच्च अधिकारी एवं कर्मियों की जो वर्षों से मलाई वाली सीट पर बैठ कर अपना दबदबा बनाए हुए हैं एवं अपनी मनमानी कर रहे हैं। कहने को तो केंद्र सरकार का केन्द्रीय सतर्कता आयोग ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर नकेल कसने का काम करता है , परंतु इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामने तो यह आयोग भी बोना नजर आ रहा है । केन्द्रीय सतर्कता आयोग की माने तो कोई भी बड़ा अधिकारी एवं कर्मचारी 3 वर्षों से अधिक का समय एक सीट पर नहीं लगा सकते, उनका कार्य क्षेत्र 3 वर्षों के बाद रूटेशन के अनुसार बदल जाता है ताकि किसी भी तरह का भ्रष्टाचार ना पनप सके। चंडीगढ़ शहर में 3 वर्ष तो छोड़िए यहा पर तो 15-15 वर्षों से एक ही सीट पर अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कब्जा जमा हुए बैठे हैं। एक सीट पर नियमित रूप से इतने लंबे समय तक बैठे रहने से ही अंदाज लगाया जा सकता है कि इन कर्मचारियों एवं अधिकारियों की जड़े किस हद तक मजबूत है कि इन पर कोई भी नियम कानून असर नहीं करता। इन अधिकारियों में एक्सईएन योगेश अग्रवाल का सफर जेई से ले कर एक्सईएन एक डिवीजन में करीब 15 वर्ष, जेई परमिंदर सिंह करीब 10 वर्ष,एक्सईएन पी पी सिंह एसडीओ एक्सईएन एक ही डिवीजन में तकरीबन 6 साल जेई दलीप सिंह करीब 15 वर्ष, सर्वजीत करीब 10 वर्ष, जेई धीरज कुमार करीब 10 वर्ष , एसडीओ यशपाल गुप्ता करीब 5 वर्ष, एसडीओ गुरचरण सिंह करीब 6 वर्ष , जेई अनुराग करीब 5 वर्ष , एसडीओ जोगिंदर कुमार करीब 5 वर्ष, जेई सिमरनजीत करीब 5 वर्ष , जेई सुनील करीब 6 वर्ष , जेई पराग रविस करीब 5 वर्ष , जेई गुरप्रीत सिंह करीब10 वर्ष से सभी पब्लिक हैल्थ डिविजनों में एक सीट पर तैनात है यही नहीं अमित शर्मा एक्सईएन जो की एक साल पहले ही मुख्य अभियंता के ऑफिस में तैनात किया गया था उस को एक साल में ही डिवीजन 3 एक्सईएन लगा दिया गया इस के अलावा एम ओ एच में 100 से अधिक ऐसे ही कर्मी है जो करीब 5 वर्ष या उससे अधिक वर्षों से एक ही सीट पर कब्ज जमाए हुए बैठे हैं । यही हाल हॉर्टिकल्चर विभाग का भी है । इतना ही बस नहीं अगर इनकी गहनता से जांच करवाए जाए तो काफी चौंकाने वाले झुलसे हो सकते हैं। घुमा फिरा कर फिर वही सवाल आता है कि आखिरकार इन अधिकारी एवं कर्मचारियों के नाक में नकल कौन डालेगा या यूं ही बंदर बांट चलती रहेगी।

## राहुल को 5वीं पंक्ति में बिठाना करोड़ों देशवासियों का अपमान : कांग्रेस

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि लाल किला पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे को पांचवीं पंक्ति में बिठाना देश के उन करोड़ों लोगों का अपमान है जिनकी आवाज वे बराबर संसद में उठते हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मोदी सरकार के इस निर्णय को बेतुका बताया और कहा कि श्री अमित शाह तथा निर्मला सीतारमण जैसे कैबिनेट मंत्री को पहली पंक्ति में बिठाया गया जबकि श्री खडगे और श्री गांधी को 5वीं पंक्ति में बैठने की जगह दी गई। उन्होंने इस संदर्भ में रक्षा मंत्रालय के तर्क को भी बेतुका करार दिया है।

श्री गांधी तथा श्री खडगे को स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रोटोकॉल के अनुसार जगह नहीं देने पर प्रधानमंत्री पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि चार जून के परिणाम के बाद भी श्री मोदी सबक नहीं सीख रहे हैं।उन्होंने कहा 'मोदी जी, समय



आ गया था कि 04 जून के बाद आप जागते और वास्तविकता को समझते लेकिन जिस अहंकार के साथ आपने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेताओं को अंतिम पंक्ति में बिठाया उससे पता चलता है कि आपने अभी सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस संबंध में रक्षा मंत्रालय का यह तर्क बेतुका है कि इस वर्ष ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था और उसी हिसाब से मेहमानों के बैठने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा आश्चर्य की बात यह भी है कि श्री शाह तथा श्रीमती सीतारमण को आगे की पंक्ति में बैठने की जगह मिलती है। प्रोटोकॉल के अनुसार, दोनों सदनों के विपक्ष के नेताओं को आगे की पंक्ति में बैठना चाहिए लेकिन राहुल जी और कांग्रेस अध्यक्ष की सीटें 5वीं पंक्ति में रखी गई। कांग्रेस ने कहा 'यह सिर्फ एलओपी के पद या राहुल गांधी का अपमान नहीं था। यह भारत के उन करोड़ों लोगों का अपमान था जिनकी आवाज़ राहुल जी संसद में उठाते हैं।'

## विपक्ष का नेता करोड़ों भारतीयों की आवाज : राहुल गांधी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संसद में विपक्ष का नेता होना सिर्फ संवैधानिक पद का दायित्व नहीं है बल्कि यह करोड़ों भारतीयों की आवाज भी है।

श्री गांधी ने कहा, यह सिर्फ एक संवैधानिक पद नहीं है - ये करोड़ों भारतीयों की आवाज़ है। विपक्ष के नेता के रूप में, मैं अपनी पहली ज़िम्मेदारी मानता हूं, भारत के गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की तकलीफ़ें सुनना, उनकी समस्याएं जानना और उनका समाधान निकालना और फिर सड़क से लेकर संसद तक उनकी आवाज़ उठाकर सरकार पर दबाव डालते हुए इनका निदान करना है।

उन्होंने कहा, बीते 50 दिनों में, मैंने समस्याओं से जूझ रहे कई लोगों से, समुदायों से मुलाकात की। सभी ने दिल खोल कर अपनी बातें रखीं और मैंने पूरी गंभीरता से उनकी बातें



सुनी।हर समूह के मुद्दे सरकार के सामने रखे, उनका समाधान प्रस्तुत किया और अपने साथी भारतीयों को ये भरोसा दिया कि वो जो भी हैं उनकी जैसी भी मजबूरियां हों, उनकी बातें सुनी जाएगी, उन्हें व्यक्त करने का उचित प्लेटफॉर्म मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, विपक्ष या सत्ता, जहां भी रहूंगा, आपका हूं, आपका ही रहूंगा - भारत और भारतीयों की आवाज़ बुलंद करता रहूंगा।


### Name Change
I, JC-472193P Rank-SUB Name-RAMESH KUMAR residing at VILL-HARCHANDPUR, PO-BAWAL (NACHANA), TEH-BAWAL, DIST-REWARI, HARYANA-123501 have changed my daughter's name from PRIYANKA KUMARI to PRIYANKA for all future purposes vide affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, SAVITA DEVI Wife of No. 14662507X Rank-NK Name-CHAUDHARY SURENDRA SINGH RAJENDRA SINGH Presently residing at H NO-809, SECTOR-9, PART-B, NEAR CHHOTA BY PASS, BAHADURGARH ROAD, JHAJJAR, HARYANA-124103 have changed my name from SAVITA DEVI to SAVITA KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, JC-472193P Rank-SUB Name-RAMESH KUMAR residing at VILL-HARCHANDPUR, PO-BAWAL (NACHANA), TEH-BAWAL, DIST-REWARI, HARYANA-123501 have changed my daughter's name from RAVINA KUMARI to RAVINA for all future purposes vide affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi

### Name Change
I, NO-20000381F Rank-HAV Name-DHARAM PAL R/O VPO-KALWA, TEH-SAFIDON, DIST-JIND, HARYANA-126113 have changed my father's name from RAJ SINGH to RAY SINGH for all future purposes vide affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, JC-472722W, Rank-SUB Name-MANPAL SINGH S/o RAJ SINGH R/o H NO-3171, SECTOR-13, BHIWANI, HARYANA-127021 have changed my mother's name from SHAKUNTALA DEVI to SHAKUNTLA for all future purposes vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, No-15799601K Rank-NK Name-ARUNKUMAR A S/o ASHOKAN V R/o THADATHIVILA THEKKEPURA, THENGAMAM PO, PALLIKKAL, PATHANAMTHITTA, KERALA-690522 have changed my minor son's name from ARAVU ARUN to ARAV ARUN for all future purposes vide affidavit dated 16/08/2024 Before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, SHAM SUNDER S/O INDERJEET residing at BLOCK-E-6/7, 3RD FLOOR, NEAR SEHGAL PASTRY SHOP, KRISHNA NAGAR, DELHI-110051 have changed my name to SHYAM SUNDER MARWAH for all future purpose.

### Name Change
I, TANUJ JAIN / TANUJ KUMAR DOSHI S/O Shri Paras Mal Doshi Residing at D-225, Jhilmil Colony,near community centre, Delhi-110095 have changed my name to Tanuj Doshi Jain for all future purpose.

### PUBLIC NOTICE
I, Rajiv Giri S/O Ram Adhar Giri R/O H. No-46, Raksha Enclave Ext.- 2,3,Gali No -3, Mohan Garden , Uttam Nagar , West Delhi, Delhi -110059, have changed the name of my minor Son Vushaan Kumar Giri aged 13 years and he shall hereafter be known as Abhiraj Giri

### Name Change
I, PARAS MAL JAIN / PARAS RAJ DOSHI / PARAS MAL DOSHI JAIN / PARAS RAM JAIN S/O Amolak Chand Doshi R/O D-225, Jhilmil Colony,Near community center, Delhi-110095 have changed my name to Paras Mal Doshi for all future purpose.

### Name Change
I, NO-15418933X Rank-HAV Name-HARICHAND MANDAL R/O NO-3, VILL-DURGANAGAR, BHAGIRATHI ROAD, PO-CHAKDAHA, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741222 have changed my wife's name from MRS JAYEETA MANDAL to JAYEETA MANDAL for all future purposes vide affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, NO. 16114624P, Rank-HAV, Name-MD MAHABOOB PASHA residing at H NO-2-1-167, BUDIDHAGADDA, KOTHAGUDEM, DISTT-KHAMMAM, TELANGANA-507101 have changed my mother's name from HUSSIAN BEE to MOHAMMAD HUSSAIN BEE for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 12/09/1967 instead of her correct date of birth as 01/01/1967 vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### LOST & FOUND
**Ref.: Shop No.21, situated at LSC Market, Sheikh Sarai Phase-II, New Delhi-110017.**
Be it known to all that, the Original Allotment Letter, Demand Letter, Possession Letter and Site Possession Letter, in respect of the said shop, has been lost/misplaced at Green Park, New Delhi-110016 and the same has not been traceable till today.
That I have lodged an information report vide SO No.430/2014, Delhi Police, vide LR No. 2026242/2024, dated 13.08.2024.
If anybody found the said original document in future please contact: Shri Vivek Dalmia, Mobile 9810711590

### Name Change
I, NO. 16120141N, Rank-HAV, Name-PRAMOD T residing at THADIKAMARE, POONCHOLA, MANNARKKAD, POTTASERY-I, PALAKKAD, KERALA-678598 have changed my mother's name from PREMA K to PREMA T for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/10/1969 instead of her correct date of birth as 01/01/1969 vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, KAMINI W/O SHYAM SUNDER MARWAH residing at 6/7, 3RD FLOOR, BLOCK-E, NEAR SEHGAL PASTRY SHOP, KRISHNA NAGAR, DELHI-110051 have changed my name to KAMINI MARWAH for all future purpose.

### PUBLIC NOTICE
My client Raj Kumar Narayan & Kamlesh Narayan both R/o 288, New Colony, Maidangarhi, New Delhi has disowned and debarred their son Abhishek and his wife Uma from their all movable, immovable properties and have no relation with them in future. My client and other family members shall not responsible for their any Civil and Criminal Act and Deeds.
**Prit Pal Singh ADVOCATE**
CH.NO.528 & 267 SAKET COURTS NEW DELHI-17

### PUBLIC NOTICE
It is hereby informed Public at large that my client Ekrar Ali S/o Sohrab Ali R/o H.No. D-129, Block-D, J.J. Cluster, Jalebi Chowk, Madnpur Khadar, Sarita Vihar, South Delhi, New Delhi-110076, has severed her family relations from his wife namely Smt. Sughra Bano and daughter namely Kahkasha due to their misbehavior, misconduct and out of control and. My client has also disowned both of them from his all kind of moveable and immoveable properties for ever. My client shall not be responsible for their good and bad acts in future.
**Deepak Kumar Advocate**
Ch.No. 248, Lawyers Chambers Complex, Saket Courts, New Delhi

### Name Change
I, NO. 16114624P, Rank-HAV, Name-MD MAHABOOB PASHA residing at H NO-2-1-167, BUDIDHAGADDA, KOTHAGUDEM, DISTT-KHAMMAM, TELANGANA-507101 have changed my father's name from AFZAL to MOHAMMAD AFZAL for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 25/08/1962 instead of his correct date of birth as 30/10/1962 vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, JC-703188X Rank-SUB Name-NILESH KUMAR residing at AT + PO-AMARPUR, TEH-NAUGACHIA, DIST-BHAGALPUR, BIHAR-854301 have changed my minor son's name from UTKARSH SANDILYA to UTKARSH SHANDILYA for all future purposes vide affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
I, NO-16118926Y Rank-HAV Name-SHARANAPPA ALAGAWADI S/o KAPALEPPA residing at VPO-TADAHAL, TEH-NAVALGUND, DIST-DHARWAD, KARNATAKA-582208 have changed my mother's name from RATNAVVA to RATNAVVA KAPALEPPA ALAGAWADI for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 05/10/1960 instead of her correct date of birth as 01/01/1960 vide affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### Name Change
It is for general information that I, T K SANTHOSH KUMAR SO T O KARUNAKARAN Permanent R/O ADARSH BHAVAN, KARAKKAD, PO, MULAKUZHA, ALAPPUZHA, KERALA-689504 and Present R/O RZ-B-43, SECOND FLOOR, VIJAY ENCLAVE, MAHAVIR ENCLAVE, NEW DELHI-110045 declare that name of my wife has been wrongly written as AMPILI in my minor son namely ASWAJITH aged 15 years in his school record. The actual name of my wife is AMPILI S KRISHNAN which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE
Mr. Ashutosh Ghosh Owner of the Residential Flat/Dwelling Unit No. C-1105, on 11th floor, Tower-C, having a total super area 842 sq. ft., in the "FRENCH APARTMENT " built on Plot No. GH-07B, situated at Sector-16B, Greater NOIDA, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P., Mr. Ashutosh Ghosh have lost Original last page of Sub-Lease Deed duly registered as Sl. No. 7495 in Book No.1 Vol. No. 31580 at pages 281 to 320 on 27/02/2019 in the office of SR- Greater Noida, executed by GNIDA [Lessor] and M/s Anthem Infrastructure Pvt. Ltd. [Lessee] in favour of Mr. Ashutosh Ghosh, for which complaint lodged to the police. That any person(s)/ Appropriate authority etc. if find the misplaced last page of sub lease deed aforesaid said person may come forward and inform the undersigned within 15 days from the date of Publication.
**RAHUL KUMAR GUPTA**
(ADVOCATE)
M-NO- 7252922875

### Name Change
I, NEELAM Wife of JC-293321L NB/SUB RAJESH KUMAR DWIVEDI Residing at VILL-SEMARI, PO-TITHAI, TEHSIL-KOTAR, DISTT-SATNA, MADHYA PRADESH-485226 have changed my name from NEELAM to NEELAM DWIVEDI for all future purposes vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

ऋण वसूली न्यायाधिकरण– II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

**बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के बकाया ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया नियमावली, 1993) के नियम 12 एवं 13 के तहत नोटिस**
टी.ए. सं. **325/2023** दिनांक **20.07.2024**
**बैंक ऑफ इंडिया** आवेदक
विरूद्ध
**अनंथन रामास्वामी एवं अन्य.** प्रत्यार्थी
**सेवा में,**
**प्रतिवादी**
**डी1. श्री अनंथन रामास्वामी पुत्र श्री रामास्वामी अनंत**
**डी2 शोबा रामास्वामी पत्नी श्री अनंत रामास्वामी दोनोंः** निवासी बी–213 पीकेटी–बी मयूर विहार फेज–2, नई दिल्ली–91
**डी3 मैसर्स एवीजे डेवलपर्स इंडिया प्रा. लि.** डी–237 पहली मंजिल पीछे साइड विवेक विहार फेस–1 दिल्ली–95
जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रुपये **44,81,926.53** (रूपये चौवालीस लाख इक्यासी हजार नौ सौ छब्बीस और पैसे तिरेप्पन मात्र) की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको **दिनांक 29-11-2024 को पूर्वा. 10.30 बजे** माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लिया जाएगा और उस उद्देश्य के लिए:–
(i) सभी अधिवक्ता/वादी सिस्को वेबेक्स एप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;
(ii) माननीय पीठासीन अधिकारी/ रजिस्ट्रार द्वारा प्राप्त की जाने वाली सुनवाई के मामलों की अगली तारीख के लिए ''मीटिंग आईडी'' और ''पासवर्ड'' DRT के ऑफिशियल पोर्टल अर्थात **"drt.gov.in"** की दैनिक वाद की सूची में प्रदर्शित किया जाएगा।
(iii) किसी भी जानकारी हेतु, एडवोकेट्स/ लिटिगेंट्स संबंधित अधिकारी से फोन **23748478** पर संपर्क कर सकते हैं।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायधिकरण की मोहर के तहत **20 जुलाई, 2024** को दिया गया।
**प्राधिकरण के आदेशानुसार,**
**सहायक रजिस्ट्रार, डीआरटी– II, दिल्ली**

### Name Change
I, SODAGAR (UID: 2516 1552 6210) S/o Late Sh. Alooda R/o H. No. B-154, Sanjay Colony, Bhati Mines, New Delhi-110074) declare That my name is mentioned as a Nominee SAUDAGAR SINGH in my wife namely MAHARANI'S Bank Account No. 607310110002457, in Bank of India, Chhatarpur Branch, New Delhi and my correct name is SODAGAR That I declare and undertake that "SAUDAGAR SINGH" and "SODAGAR" is the one person name and both are the same.)

### Name Change
I, NO. 16120141N, Rank-HAV, Name-PRAMOD T residing at THADIKAMARE, POONCHOLA, MANNARKKAD, POTTASERY-I, PALAKKAD, KERALA-678598 have changed my father's name from UNNIKRISHANAN T to UNNIKRISHNAN T for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 15/04/1963 instead of his correct date of birth as 01/01/1962 vide Affidavit dated 16/08/2024 before Notary Public, Delhi.

### सार्वजनिक सूचना
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक मोहम्मद अकरम पुत्र श्री अली हसन, ग्राम–सलारपुर खादर, परगना, तहसील–दादरी, जिला–गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित खसरा नंबर 470 में से 60 वर्ग गज के फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट का मालिक है। विक्रय विलेख के आधार पर दिनांक 13.10.2016 दस्तावेज़ संख्या 6324, खंड संख्या 5523, पुस्तक संख्या 1, पृष्ठ संख्या 393–416, एसआर– III नोएडा। आज तक और अपने निम्नलिखित दस्तावेजों को खो दिया है/गुम कर दिया है (1) श्री पवन द्वारा दिनांक 31.12.2008 को श्रीमती नीतू के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय विलेख दस्तावेज़ संख्या 3686, खंड संख्या 1471, पुस्तक संख्या 1, पृष्ठ संख्या 357–384, एसआर– III नोएडा, (2) मूल बिक्री विलेख दिनांक 28.11.2011 को श्रीमती नीतू द्वारा श्री ममता रानी के पक्ष में दस्तावेज़ संख्या 9542, खंड संख्या 3063, पुस्तक संख्या 1, पृष्ठ संख्या 329–344, एसआर– III नोएडा में निष्पादित किया गया। अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और इसका वित्तपोषण उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड द्वारा किया गया है। शाखा एफ–20, सेक्टर 20 नोएडा, उत्तर प्रदेश। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma**
**(advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

## रोडीज़ साइक्लिंग क्लब ने आयोजित की 78 किलोमीटर की साइकिल यात्रा

एजेंसी

**हिसार।** हिसार रोडीज़ साइक्लिंग क्लब ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हिसार के जिंदल चौक से बड़ोंपल तक 78 किलोमीटर की साइकिल यात्रा आयोजित की। इस यात्रा में लगभग 20 साइकिल चालकों ने भाग लिया। मॉडर्न ऑटोमोबाइल्स के एमडी राज चहल ने साईकलिस्ट्स के लिए बैकअप वाहन और बीच में रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण अग्रवाल उपस्थित थे। वापसी में कार्यक्रम और 15 अगस्त ध्वजारोहण का आयोजन मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल, मंगाली में किया गया, जहां की प्रधानाचार्या शोभा जाखड़, डॉ. सुरेश बढ़ानिया और स्कूल के स्टाफ मौजूद थे।डॉ. अरुण ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कैंसर के कारणों, लक्षणों और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला, ताकि कैंसर जैसी बीमारियों से दूर रहा जा सके।

## स्वतंत्रता दिवस हर भारतवासी के लिए खुशी एवं गर्व का दिनः सीमा त्रिखा

**पलवल।** प्रदेश सरकार में उच्चतर एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि हर भारतवासी के लिए खुशी एवं गर्व का दिन है। ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम से तिरंगे के साथ पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ है। इस दिन के लिए मां भारती के अनगिनत सपूतों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। इसी दिन के लिए असंख्य देशभक्तों ने कष्ट झेले और यातनाएं सही। नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम, पलवल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रदेश सरकार में उच्चतर एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर ध्वजारोहण किया तथा परेड की टुकडियों का निरीक्षण कर भव्य परेड की सलामी ली। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने राष्टीय पर्व के मौके पर सभी जिलावासियों को बधाई दी। उन्होंने देश की सीमाओं पर मुश्किल हालातों के बीच मुस्तैदी से तैनात वीर जवानों को स्वतंत्रता दिवस की विशेष तौर पर बधाई दी। उन्होंने इस पावन अवसर पर स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन वीर सैनिकों को भी सलाम किया, जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता व अखंडता की खातिर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता सेनानियों तथा वीरांगनाओं व उनके परिजनों को सम्मानित भी किया।

## देश में आम लोगों की आमदनी घटी, खर्चे काफी बढ़े :कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के आर्थिक हालात पर लोगों का भरोसा लगातार घट रहा है। तीन चौथाई लोगों का मानना है कि उनकी आमदनी घट रही है, जबकि खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी आज भी देश में सबसे बड़े मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन कुछ भी संभालने की बजाए पूरी तरह से डिरेल हो चुके हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि यह सब खुलासा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा उपभोक्ता सूचकांक सर्वे से हो रहा है। आरबीआई ने इस सर्वे में 19 राज्यों के 6 हजार लोगों को शामिल किया, जिन्होंने केंद्र सरकार की बनावटी आंकड़ेबाजी की पोल खोल कर रख दी। यह लगातार तीसरा मौका ऐसा माना जा रहा है, जब देश की जनता का इकोनॉमी पर से भरोसा घट रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सर्वे के दौरान 75.8 प्रतिशत लोग ऐसे सामने आए, जिन्होंने कहा कि उनकी आमदनी बढ़ने की बजाए घट गई और खर्चे कम होने के मुकाबले बढ़ गए। सर्वे में राय देने वाले लोगों का कहना है कि तमाम प्रतिकूल हालातों के कारण खर्चे बढ़े हैं। लोगों ने यह भी माना है कि नौकरियों के अवसर घट रहे हैं, जबकि जरूरी वस्तुओं के दाम पहले से ज्यादा हो चुके हैं।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित

**सोनीपत।** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि पुलिस लाइन में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

डॉ एन के मित्तल, निशांत मित्तल, सुरेश कालरा, विश्वदीव बंसल, एमएनएसएस राई के 12 विद्यार्थियों (सिद्धार्थ कुंडू, विधि कुंडू, सत्री, संदीप, प्रिया, सिधी, लवन्या, युवाकक्षी, मुकुल, तमन्ना, अनमोल, ममता), देवेश, अनुराधा गौतम, अशोककुमार, प्रवीण कुमार, विनय मलिक, राजीव तोमर, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, राजेश मलिक, अजीत, पूजा शर्मा, संजय श्रीवास्तव, पूजा, इंद्रजीत सिंह, मेजर संजय कुमार, साहिल,अनिल, सुरेन्द्र, रोहित, जोगिन्द्र सिंह, जज्गो, विकास, रणबीर, दुर्गा, जगबीर सिंह,

महाबीर सिंह, बसंत कुमार, गुलशन, अजय कुमाार, विक्रांत, रविकांत, रविन्द्र व प्रमोद शामिल रहे। परेड में हरियाणा पुलिस(महिला) रही प्रथमःमार्च पास्ट स्पर्धा में हरियाणा पुलिस (महिला) की टुकड़ी ने प्रथम, हिन्दूस्तार गाईड (गर्ल्स) की टुकड़ी ने द्वितीय तथा हरियाणा पुलिस (पुरूष) की टुकड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें विकास एवं पंचायत मंत्री ने पुरस्कृत किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों को भी पुरस्कृत किया गया।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र की पुलिस लाइन में फहराया तिरंगा

एजेंसी

**कुरुक्षेत्र ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर कुरुक्षेत्र में तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की पुलिस लाइन में परेड की सलामी भी ली। ध्वजारोहण से पहले सीएम नायब सैनी लघु सचिवालय के बाहर शहीदी स्मारक पहुंचे और शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

हरियाणा पुलिस के कमांडो ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह के सामने अपने करतब दिखाए। इसे देखकर मुख्यमंत्री ने भी ताली बजाई। कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के वीर जवानों ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन में बढ़ोतरी की है।

मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम नायब सैनी ने देश और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि हमें कड़ी मेहनत और तपस्या से यह आजादी मिली है। हर घर में तिरंगा फहराकर देशभक्ति की भावना देखने को मिली है। यह आजादी का पर्व है और हम सभी को इसे मिलकर मनाना चाहिए। हरियाणा में एनएचएम हड़ताल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम कर्मचारियों से बातचीत कर रहे हैं। यह काम केंद्र सरकार के अधीन आता है, जल्द ही सकारात्मक फैसला आने की उम्मीद है। इस अवसर पर सैनी ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं, हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज ने भी स्वतंत्रता



दिवस के अवसर पर बारिश के बीच सुभाष पार्क के सामने तिरंगा फहराया। इससे पहले उन्होंने सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री अनिल विज का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की होगी हर संभव मदद कंवर पाल

एजेंसी

**यमुनानगर।** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कँवर पाल ने सढ़ोरा विधानसभा के बाढ़ प्रभावित गांवों खानुवाला व चिंतपुर का दौरा किया। उन्होंने सोम नदी में पानी ज्यादा आने के कारण टूटे हुये तटबंध को ठीक करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारिओं को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुये नुकसान की भरपाई के लिए सरकार हर संभव सहायता की जाएगी । फ़सल के नुकसान की भरपाई के लिए बाढ़ प्रभावित खेतों की गिरदावरी करवा के सरकार को भेज दी गई है। प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। घरों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करेगी। गलियां आदि जो भी खराब हुई है उनको ठीक करवाया जाएगा। नदी में दोगुना पानी आने के कारण व बहाव की चौड़ाई कम होने के कारण तटबंध टूट गया है। क्षतिग्रस्त तटबंध को ठीक करने के



लिए दो मशीन लगाई गई है। तीन मशीनें और लगाकर पांच मशीनों द्वारा कल तक मिट्टी का काम पूरा कर लिया जाएगा। पत्थर व स्टड लगाकर पानी का बहाव बदला जाएगा। संकट की इस घड़ी में सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। इस मौके पर बिलासपुर के एसडीएम देवेंद्र शर्मा, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता रवि शंकर मित्तल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने किया 'मां के नाम एक पेड़' अभियान का शुभारंभ




एजेंसी

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राई से विधायक मोहनलाल बडोली ने सोनीपत के गांव रोलद का दौरा किया। वहाँ उन्होंने 'मां के नाम एक पेड़' अभियान के तहत पेड़ लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि गांव रोलद की 10 एकड़ पंचायती जमीन पर ऑक्सिजन बाग तैयार किया जाएगा, जिससे पर्यावरण **संरक्षण में मदद मिलेगी।**

**चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर मोहनलाल बडोली की टिप्पणी**

3 बजे होने वाली चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए बडोली ने कहा कि यह देखना होगा कि चुनाव आयोग क्या फैसला लेता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव की तैयारियों में लग जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी पूरी तरह से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयार है। यह बयान पार्टी की मजबूत चुनावी रणनीति और लगातार तैयारी की ओर इशारा करता है, जिससे पार्टी अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखना चाहती है।

# महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन ने किया महिला थाना का निरीक्षण

### पीड़ित घबराएं नहीं, महिला आयोग पूरी तरह से पीड़ितों के साथ : सोनिया

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने हांसी में महिला थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने का हाजिरी रजिस्टर चेक किया और यह भी जांचा कि थाने में कितना स्टाफ तैनात है, मौके पर कितनी महिला पुलिस कर्मी ड्यूटी पर है व कितनी छुट्टी पर है। उन्होंने महिला थाना परिसर का निरीक्षण किया।

वाइस चेयरपर्सन अग्रवाल ने अपने निरीक्षण के दौरान एसएचओ कार्यालय, रोजनामचा कार्यालय, आईओ रूम सहित हवालात की हालात भी जांची। निर्माणाधीन चल रहे विकास कार्य की भी जानकारी ली। साथ ही महिला उत्पीड़न से संबंधित सीएम विंडो के बारे में भी



जानकारी ली। उन्होंने डीएसपी धीरज कुमार व महिला थाना एसएचओ सुनीता कुमारी से हांसी पुलिस जिला के दायरे में होने वाले महिला उत्पीड़न के मामलों के बारे में जानकारी ली। इस वर्ष में अब तक महिला थाने में कुल 121 शिकायत प्राप्त हुई हैं। इनमें से 17 शिकायत लंबित हैं, बाकी शिकायतों का निवारण कर दिया गया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि महिला थाने में कुल 67 एफआईआर दर्ज हुई हैं जिनमें से 15 एफआईआर पेंडिंग हैं, इनकी जांच चल रही हैं। इन 15 एफआईआर में से दो एफआईआर ऐसी हैं जो हाईकोर्ट में विचाराधीन हैं। अग्रवाल ने कहा हांसी महिला थाना की टीम की वर्किंग अच्छी है। छोटी बच्चियों के साथ होने वाले उत्पीड़न के मामलों पर उन्होंने कहा कि पीड़ितों को घबराने की जरूरत नहीं है। महिला आयोग पीड़ित पक्ष के पूरी तरह से साथ है।

अगर पीड़ित पक्ष पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है तो वे महिला आयोग में आ सकते हैं। आयोग उनको इंसाफ दिलवाएगा। उन्होंने कहा कि बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार, पुलिस व महिला आयोग पूरी तरह से तत्पर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चियों के साथ दरिंदगी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यौन उत्पीड़न के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी व सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पीड़ितों की काउंसिलिंग की जा रही है।

# पंचकूला में स्कूल बस पलटी, छह बच्चे घायल

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंचकूला में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए बच्चों को ले जा रही स्कूल बस बरसात के कारण स्लिप होकर पलट गई। बस में सवार दस बच्चों में से छह बच्चे घायल हो गए। दो बच्चों को अधिक चोट आई हैं। पंचकूला के सेक्टर-चार स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल की बस सुबह स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले बच्चों को लेकर रामगढ़ से पंचकूला की तरफ जा रही थी। बस जैसे ही गांव कनौली के निकट पहुंची तो बारिश के कारण बस स्लिप होकर अनियंत्रित हुई और धान के खेतों में जाकर पलट गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और बच्चों को बाहर निकाला। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से हादसे में घायल हुए छह बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चार बच्चों को घर भेज दिया गया जबकि दो बच्चे को अधिक चोट आने के कारण अस्पताल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

# भाजपा चुनाव के लिए हर वक्त तैयार, आलोचना करना विपक्ष का काम : डॉ. बनवारी लाल

एजेंसी

**रेवाड़ी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रेवाड़ी में भी एक स्कूली बच्चों द्वारा पेड़ मां के नाम लगाया गया है। रेवाड़ी के रेजांगला पार्क स्थित फॉरेस्ट भूमि पर मियावाकी पद्धति से सैकड़ों स्कूली बच्चों द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण बचाने की मुहिम में अपना अहम योगदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहें। पीडब्ल्यूडी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने की हर मनुष्य को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा की जब कांग्रेस बीजेपी से हिसाब मांग सकती



है तो भाजपा के सवालों का भी कांग्रेस को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस द्वारा महंगाई दर घटने के आंकड़ों को झूठे बताने वाले बयान पर पलटवार करते हुए डॉ. बनवारी लाल ने कहा की कांग्रेस के आरोप बेबुनियादी हैं। विपक्ष का कार्य ही आरोप लगाना होता हैं। भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में देश और प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ हैं। किसान कल्याण के लिए भी भाजपा पार्टी द्वारा अनेकों कार्य किए गए हैं। हर वर्ग के विकास की कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं। रेजांगला पार्क के नजदीक 'एक पेड़ मां के नाम अभियान÷ के तहत किया पौधारोपण करते हुए कहा की पौधारोपण से पर्यावरण व सेहत रहती दोनों ठीक रहती हैं। उन्होंने कहा की पौधारोपण करने के साथ ही उसकी देखभाल कर बड़ा करने की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद।

# रानियां सीट से धवल कांडा होंगे हलोपा के उम्मीदवारः गोबिंद कांडा

एजेंसी

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्रीबाबा तारा जी कुटिया परिसर में एमडीएलआर कार्यालय में रानियां विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्हें दिशा-निर्देश जारी किए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने कहा कि रानियां से हलोपा के टिकट पर धवल कांडा चुनाव लड़ेंगे।सिरसा विधायक, पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं हलोपा सुप्रीमो गोपाल कांडा 18 अगस्त को रानियां अनाज मंडी में हलोपा कार्यालय का उदघाटन करने के साथ साथ विशाल सभा को भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने सभी का स्वागत



करते हुए उनका हाल चाल जाना। साथ ही उन्होंने कार्यक र्ताओं की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि आप सभी कांडा परिवार के सदस्य हैं। रानियां क्षेत्र की जनता का उन पर बहुत बड़ा अहसान है, जिसे वे ताउम्र नहीं भूल सकते। सिरसा और रानियां की जनता को पता है कि उनके एक वोट से उन्हें दो विधायक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सिरसा के विधायक गोपाल कांडा एक मात्र ऐसे विधायक हैं, जिनका कार्यालय 24 घंटे खुला रहता है। उन्होंने कहा कि हमें जनता की सेवा करनी है कोई राजनीति नहीं करनी, सेवा करने के लिए ही कांडा परिवार राजनीति में आया है। उन्होंने कहा की हलोपा एनडीए का घटक दल है।

# विनेश को मेडल न मिलने का दुख, 'एक देश, एक चुनाव' देशहित में बड़ा कदम : भूपेंद्र यादव

एजेंसी

**भवानी।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक में फाइनल में पहुंचने के बावजूद कोई मेडल न मिलने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने देश का दिल जीता है।

यादव ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि पहलवान विनेश फोगाट को पदक न मिलना दुख की बात है। विपक्ष जो भी षड्यंत्र का आरोप लगा रहा है, वह गलत है। ओलंपिक में फाइनल के दिन ओवरवेट होने के कारण विनेश फोगाट को मेडल नहीं मिल पाया, जिससे हम सब भी निराश है। लेकिन उन्होंने देश की जनता का दिल जीता है। विनेश को मेडल न मिलने का



मुझे व्यक्तिगत तौर पर दुख है। हम सभी खिलाड़ियों की भावनाओं की कद्र करते हैं और सभी का सम्मान करते हैं। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से एक बार फिर पीएम मोदी द्वारा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के आह्वान को भूपेन्द्र यादव ने देशहित में सही और जरूरी कदम बताया। इसके साथ ही, विपक्ष द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के दुरुपयोग के आरोपों को नकारते हुए कहा उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों को सही से समझे। एजेंसी सिर्फ जांच करती है, फैसला तो न्यायालय करता है। बिगड़ते पर्यावरण को लेकर भूपेंद्र यादव ने कहा कि पर्यावरण और जलवायु को सही रखने के प्रयास किया जा रहा हैं। हेल्दी लाइफ स्टाइल पर जोर दिया जा रहा है। आने वाले समय में पर्यावरण के मद्देनजर व्यापक स्तर पर सुधार देखने को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने का दावा भी किया। यादव भिवानी में आंखों के एक नवनिर्मित अस्पताल सेंटर फ़ॉर साइट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सेंटर फॉर साइट के प्रबंध निदेशक महिपाल सिंह सचदेवा द्वारा देश में यह 80वां अस्पताल खोला गया है। इस दौरान विधायक घनश्याम सर्राफ और भाजपा जिला प्रधान मुकेश गौड़ भी मौजूद रहे।

# मैं से पहले देश हो यही तिरंगा यात्रा का संदेश : धनखड़

एजेंसी

**झज्जर।** तिरंगा यात्रा देशभक्ति के जज्बातों की अभिव्यक्ति है। आजादी के अमृत काल में नया भारत बनाने का संकल्प लेकर युवा तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने पाटौदा में आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। धनखड़ ने तिरंगा यात्रा के दौरान अमर शहीद राव तुलाराम, हिंदू हृदय सम्राट पृथ्वीराज चौहान और बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर योद्धाओं का त्याग सदियों तक आने वाली पीढियों को प्रेरित करता रहेगा। पाटौदा में देश भक्ति से ओत-प्रोत माहौल में महिलाओं, पुरूषों, युवाओं और पार्टी कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। देवी मंदिर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा का समापन



अंबेडकर चौक पर समापन हुआ। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा पूरे भारत में अब एक त्यौहार बन गया है। मैं से पहले देश हो यही तिरंगा यात्रा का संदेश है। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि आजादी के अमृत काल में नया भारत बनाने का संकल्प लेकर युवा तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। हाथों में तिरंगा लिए और देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते गए और इस दौरान पूरा गांव देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 9 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान शुरू हुआ था। अब पूरे देश मे तिरंगा यात्राएं निकल जा रही हैं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़े तमाम नेता विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज वे स्वयं सुबह बहादुरगढ़ में अब पाटौदा में शाम को फिर बहादुरगढ़ में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन कप्तान बिरधाना, विनोद चौहान,धर्मेंद्र चेयरमैन, मोनू वाइस चेयरमैन, भीष्मपाल कुलाना, विनोद बाढ़सा, संदीप हसनपुर, बंसत सुरहा, ,भंवर सरपंच, हनुमत पाटौदा, अंकुश सिलाना, मंदीप खुंगाई, चांद लगरपुर, रमन अहरी, मनीष अहरी, विकास, उपेंद्र, मक्के माछरौली, पवन लुहारी, मोहन पाटौदा, तेजपाल, चंद्र पाल , नरेश ,अमित गुभाना, मोहन उटलौधा, हनुमत पाटौदा, ओमबीर डावला, विनोद भठेड़ा, नरेश, अमित डावला, वीरेंद्र डावला सहित सैकड़ों की सख्यां में युवा और महिलाओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

# हरियाणा के जन-जन ने तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है : पंडित मोहन लाल बड़ौली

एजेंसी

**चंडीगढ़।** रेवाड़ी अभिनंदन समारोह में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आपसी लड़ाई में उलझी कांग्रेस का प्रदेश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस का एजेंडा सत्ता पर काबिज होकर भ्रष्टाचार और लूट को बढ़ावा देना है, जबकि भाजपा का प्रदेश के विकास के मिशन पर कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव में हरियाणा के मतदाता कांग्रेस को झूठ बोलने की सजा भी देंगे और तीसरी बार सीएम सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार भी बनाएंगे। पंडित मोहन लाल बड़ौली बुधवार को रेवाड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जन-जन ने तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है। कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए बड़ौली ने कहा कि चुनाव में समय कम बचा है इसलिए सभी कार्यकर्ता दिन रात कमल का फूल खिलाने में जुट जाएं। बैठक से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित मोहन लाल बड़ौली का रेवाड़ी पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत नारे भी लगाए। अपने अभिनंदन से अभिभूत बड़ौली ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया और अपने स्वागत को कार्यकर्ताओं का स्वागत कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर ही भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से हरियाणा में कमल खिलेगा और नायब सैनी मुख्यमंत्री बनेंगे। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने भी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नायब सरकार गरीब, युवा, महिला और किसान हित में अनेकों काम कर रही है। हर गरीब को घर, फ्री बिजली, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, आष्युमान और चिरायु कार्ड योजना के तहत फ्री में इलाज और राशन देने का काम भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि नायब सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएं और मतदाताओं को भाजपा के प्रति प्रेरित करें।

## कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.28 फीसदी की उछाल के साथ 79.98 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.35 फीसदी बढ़कर 77.25 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।




## स्पाइसजेट का मुनाफा पहली तिमाही् में 20 फीसदी घटकर 158 करोड़ रुपय

**नई दिल्ली।** बजट एयरलाइन स्पाइसजेट ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 अप्रैल, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में एयरलाइन का मुनाफा 20 फीसदी घटकर 158 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 198 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। स्पाइसजेट ने जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में उसका मुनाफा पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 197.6 करोड़ रुपये से घटकर 158.2 करोड़ रुपये रहा है। इस तरह इसमें 19.9 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में परिचालन से कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 15 फीसदी कम होकर 1,708 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वित वर्ष की इसी तिमाही में 2,003 करोड़ रुपये था। हालांकि, अप्रैल-जून तिमाही की जनवरी-मार्च तिमाही से तुलना करें तो करों के बाद कंपनी के मुनाफे में 24 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 127 करोड़ रुपये रहा था। एयरलाइन ने बताया है कि मासिक आधार कंपनी के मुनाफे में वृद्धि एयरलाइन की रिकवरी के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है।

## सरकार ने आईआरएस राहुल नवीन को ईडी का डायरेक्टर किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राहुल नवीन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पूर्णकालिक डायरेक्टर नियुक्त किया है। वे संजय कुमार मिश्रा की जगह लेंगे। नवीन 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय में विशेष निदेशक आईआरएस अधिकारी राहुल नवीन को ईडी निदेशक के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। नवीन की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। वे संजय मिश्रा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो गया। इससे पहले उनका कार्यकाल बढ़ाया गया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई थी। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। ईडी निदेशक इसके प्रमुख होते हैं। देश में ईडी के पांच क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, चेन्नै, चंडीगढ़, कोलकाता तथा नई दिल्ली हैं, जिनके विशेष निदेशक प्रमुख होते हैं।

## देश का निर्यात जुलाई में 1.2 फीसदी घटकर 33.98 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोंचे पर झटका लगने वाली खबर है। निर्यात में गिरावट दर्ज हुई है। देश के वस्तुओं का निर्यात जुलाई महीने में सलाना आधार पर 1.2 फीसदी घटकर 33.98 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल के इसी महीने में यह 34.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश के वस्तुओं का निर्यात जुलाई महीने में 1.2 फीसदी घटकर 33.98 अरब डॉलर रहा है। वहीं, आयात जुलाई में करीब 7.45 फीसदी बढ़कर 57.48 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 53.49 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान देश का व्यापार घाटा (कुल निर्यात और कुल आयात का अंतर) 23.5 अरब डॉलर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक जुलाई 2024 में देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं संयुक्त) 62.42 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो जुलाई 2023 की तुलना में 2.81 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह जुलाई 2024 में कुल आयात (वस्तुओं और सेवाओं संयुक्त) 72.03 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो जुलाई 2023 की तुलना में 7.14 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है।

# सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस ने भारत में फिर शुरू किया कामकाज

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सात महीने के प्रतिबंध के बाद दुनिया का सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस ने एक बार फिर आज से भारत में कारोबार की शुरुआत कर दी है। एक्सचेंज की वेबसाइट और ऐप को भी लाइव कर दिया गया है, जिसके बाद भारत में इस क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के जरिए निवेशकों ने कारोबार करना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस एक्सचेंज पर फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट इन इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) के पास रजिस्ट्रेशन नहीं होने की वजह से पिछले 7 महीने से बैन लगा हुआ था। एक्सचेंज की ओर से आज ऐलान किया गया कि उसने ग्लोबल रेगुलेटरी माइलस्टोन की सभी शर्तों को पूरा कर लिया है और वो भारत या किसी भी दूसरे देश के एंटी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े सभी कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बतादें कि पिछले साल दिसंबर के महीने में बाइनेंस, ओकेएक्स, होबी और कू-कॉइन जैसे 9 ऑफशोर एक्सचेंज प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप काम करते हुए नहीं पाए गए थे। इसके साथ ही इन एक्सचेंजों ने




एफआईयू-आईएनडी के पास रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया था। इस वजह से केंद्र सरकार के निर्देश पर इन सभी 9 क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के यूआरएल को भारत में ब्लॉक कर दिया गया था। इसके साथ ही इन एक्सचेंजों के ऐप्स को भी एप्पल और गूगल के ऐप स्टोर से हटा दिया गया था। नियमों का उल्लंघन करने की वजह से एफआईयू-आईएनडी ने बाइनेंस पर एंटी मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत 19 जून को 18.82 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। बाइनेंस के अलावा इसकी दूसरी प्रतिद्वंद्वी कंपनियों पर भी जुर्माना लगाने का फैसला किया गया था। इसके बाद कू-कॉइन ने जुर्माना अदा करके अपने कारोबार की शुरुआत कर दी थी, जबकि ओकेएक्स ने 30 अप्रैल से ही भारत में अपनी सभी सेवाओं को बंद कर दिया था। अब बाइनेंस ने भी भारतीय कानून का पालन करने की बात को लेकर प्रतिबद्धता जताई है और आज से भारत में अपने कारोबार की शुरुआत कर दी है। क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार भारत में एफआईयू-आईएनडी के पास रजिस्ट्रेशन करा लेने के बाद बाइनेंस के कारोबारी सफर की आज से एक बार फिर शुरुआत हो गई है?। एक्सचेंज की ओर से कहा गया है कि 2023 के ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स के अनुसार भारत में क्रिप्टो करेंसी सेक्टर में ग्रोथ होने की काफी संभावना है। फिलहाल भारत सेंट्रलाइज्ड और डि-सेंट्रलाइज्ड एक्सचेंज के जरिए ट्रांजेक्शन वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया भर के टॉप 5 देश में शामिल है। इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत में क्रिप्टो करेंसी मार्केट के ग्रोथ की कितनी अधिक संभावना है।

## भारतीय बैंक वैश्विक स्तर पर चुनिंदा मजबूत बैंकों में शामिल : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के बड़े सुधारों की वजह से भारतीय बैंक वैश्विक स्तर पर मजबूत बैंकों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कई वैश्विक कंपनियां और निवेशक भारत में निवेश की इच्छुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत बैंकिंग प्रणाली औपचारिक अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है। उन्होंने कहा कि पहले बैंकिंग सेक्टर कठिन दौर से गुजर रहा था। लेकिन, अब इस क्षेत्र में वृद्धि हो रही है। मोदी ने कहा, ÷जरा सोचिए हमारे बैंकिंग क्षेत्र की क्या हालत थी। कोई वृद्धि नहीं थी, कोई विस्तार नहीं था और (बैंकिंग प्रणाली में) कोई विश्वास नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे बैंक कठिन दौर से गुजर रहे थेÞ। हमने बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई बड़े सुधार किए। आज सुधारों की वजह से हमारे बैंक वैश्विक स्तर पर कुछ मजबूत बैंकों में शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यम वर्ग, किसानों, घर खरीदने वालों, स्टार्टअप और एमएसएमई क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक मजबूत बैंकिंग प्रणाली महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले कहा जाता था कि खिलौने विदेश से आते हैं। आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि मेरे देश के खिलौने धूम-धाम से वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियां और निवेशक भारत में निवेश करना चाहते हैं। लगातार 11वीं बार 78वें स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास वैश्विक विनिर्माण का केंद्र बनाने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने राज्य सरकारों से निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाने और सुशासन एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश को डिजाइन इन इंडिया और डिजाइन फॉर द वर्ल्ड पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय पेशेवरों को उभरते वैश्विक गेमिंग उद्योग का नेतृत्व करना चाहिए।

# अगले हफ्ते जारी हो सकता है अडाणी ग्रुप का पहला एनसीडी इश्यू

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के झटके को आराम से झेल लेने के बाद अडाणी ग्रुप ने अपनी फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के पहले नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) को लॉन्च करने की प्लानिंग को अंतिम रूप दे दिया है। माना जा रहा है कि अडाणी एंटरप्राइजेज का एनसीडी अगले सप्ताह की शुरुआत में ही लॉन्च किया जा सकता है। इस एनसीडी के जरिए कंपनी का इरादा 600 करोड़ रुपये जुटाने का है। इसके साथ ही अडाणी एंटरप्राइजेज सितंबर के पहले पखवाड़े में ही डेढ़ से दो अरब डॉलर जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) भी लॉन्च कर सकती है। अडाणी एंटरप्राइज ने 25 जुलाई को एनसीडी ऑफर के जरिए 600 करोड़ रुपये जुटाने के लिए स्टॉक एक्सचेंज में ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था। इस ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस में स्टॉक एक्सचेंज को बताया गया था कि कंपनी 600 करोड़ रुपये का एनसीडी जारी कर सकती है। इस इश्यू में 300 करोड़ रुपये का बेस अमाउंट शामिल है। कंपनी की ओर से बताया गया था कि अगर डिमांड अच्छी रही, तो इसमें अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये जुटाने का प्रोविजन भी शामिल किया गया है। एनसीडी से जुटाए गए फंड का कर रहा है। अडाणी ग्रुप अडाणी इंटरप्राइजेज के क्यूआईपी के लिए भी कई इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के साथ चर्चा कर रहा है। अभी तक की योजना के मुताबिक अडाणी




इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को चुकाने के लिए कर सकती है। माना जा रहा है कि इस राशि से कंपनी अपने पुराने कर्ज के बड़े हिस्से का भुगतान कर सकती है। जानकारों का कहना है कि अडाणी ग्रुप अपने फंडिंग सोर्स को डायवर्सिफाई करने की कोशिश कर रहा है। इसीलिए वो अलग-अलग तरीके से फंड जुटाने के तरीके का इस्तेमाल कर रहा है। इसी के तहत अडाणी ग्रुप पहली बार कोई नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर लॉन्च एंटरप्राइजेज सितंबर के पहले पखवाड़ा में क्यूआईपी लाने की तैयारी कर रही है। हालांकि शेयर बाजार के हालात और निवेशकों की डिमांड का आकलन करने के बाद इसकी आखिरी तारीख तय की जाएगी। कंपनी इस फंड का अपने कैपिटल एक्सपेंडिचर के काम में इस्तेमाल कर सकती है। इसके साथ ही इस फंड को कंपनी के कर्ज को कम करने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# उतार-चढ़ाव के माहौल में आईपीओ की धूम, पॉजिट्रॉन एनर्जी को 385 गुना सब्सक्रिप्शन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बावजूद सनलाइट रीसाइक्लिंग इंडस्ट्री और पॉजिट्रॉन एनर्जी के आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। ये दोनों आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 12 अगस्त को खुले थे और बंद हुए। सनलाइट रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज ने 20.61 लाख शेयरों की बिक्री के लिए आईपीओ लॉन्च किया था। तीन दिन की अवधि में कंपनी को 54.04 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिली। इस तरह सनलाइट रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज के आईपीओ को 262.14 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। ये कंपनी तांबे की छड़, तांबे के तार, तांबे की पट्टियां और तांबे के बार बनाती है। इस आईपीओ के तहत कंपनी ने शेयरों के लिए 100 से लेकर 105 रुपए का प्राइस बैंड तय किया था। कंपनी को सबसे अधिक बोली नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स से मिली, जिन्होंने अपने लिए रिजर्व पोर्शन में 585.5 गुना सब्सक्रिप्शन किया। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स में अपने कोटे की तुलना में 252.12 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन किया है। इस आईपीओ के जरिए मिली राशि का इस्तेमाल कंपनी नए प्लांट और मशीनरी लगाने, पहले से लिए गए कर्ज को चुकाने और दूसरे सामान्य




कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करेगी। इसी तरह पॉजिट्रॉन एनर्जी ने आईपीओ के जरिए 20.48 लाख शेयर को बिक्री के लिए रखा था। यह आईपीओ 385.88 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी को सबसे अधिक बोली नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटेगरी में मिली, जिन्होंने अपने लिए रिजर्व शेयरों को 807.01 गुना सब्सक्राइब किया। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स ने अपने हिस्से के शेयरों को 352.19 गुना सब्सक्राइब किया। पॉजिट्रॉन एनर्जी ऑयल एंड गैस सेक्टर को टेक्निकल और मैनेजमेंट एडवाइजरी सर्विस उपलब्ध कराती है। कंपनी के मुताबिक इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाएगा।

दोनों कंपनियां 16 अगस्त तक शेयरों का अलॉटमेंट कर देंगी और 19 अगस्त तक निवेशकों के डीमैट खाते में शेयरों को जमा कर दिया जाएगा। इन दोनों कंपनियों के शेयरों की ट्रेडिंग 20 अगस्त से एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर शुरू की जाएगी।

## विनिर्माण उद्योग पर प्रधामंत्री के संकल्प के साथ है उद्योग: ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के गुरुराज

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन में भारत को विनिर्माण क्षेत्र में आगे बढ़ाने के संकल्प का उद्योग जगत में स्वागत हुआ है। इलेक्ट्रानिक क्षेत्र की कंपनी ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक ए गुरुराज ने कहा कि राष्ट के नाम स्वतंत्रता दिवस संबोधन में प्रधानमंत्री ने भारत को विनिर्माण उद्योगों का केंद्र बनाने पर एक बार फिर जोर दिया है जो विश्वास मजबूत करने वाला संबोधन है इस लक्ष्य के लिए उद्योग जगत सरकार के साथ है ।श्री गुरुराज ने कहा, ' झझ' आज स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के भाषण ने एक बार फिर भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में, जिसमें देश को वैश्विक विनिर्माण में प्रमुख शक्तियों में से एक बनाने की अपार क्षमता है। हम अपने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। '

# एयर इंडिया ने अपनी दिल्ली-नरीता उड़ान रद्द की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने खराब मौसम की चेतावनी के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जापान के नरीता के लिए अपनी निर्धारित उड़ान रद्द कर दी है। एयरलाइन ने कन्फर्म बुकिंग वाले पैसेंजर को यात्रा पुनर्निर्धारण पर एक बार छूट और रद्दीकरण के लिए पूरी राशि की वापसी की पेशकश की है। एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा है कि यह बताते हुए खेद है कि टोक्यो में खराब मौसम की चेतावनी के कारण 16 अगस्त, 2024 को दिल्ली-नारिता-दिल्ली मार्ग पर उड़ान संख्या AI




306 और AI307 रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि 16 अगस्त, 2024 को हमारी फ्लाइट पर पुष्टि की गई बुकिंग वाले ग्राहकों को पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट और रद्दीकरण के लिए पूर्ण धन वापसी की पेशकश की जाएगी। कंपनी ने आगे कहा कि हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरलाइन के मुताबिक अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे संपर्क केंद्र 24/7 पर 01169329333/01169329999 नंबर पर आप कॉल करें। इसके अलावा विस्तृत जानकारी के आप हमारी वेबसाइट http://airindia.com पर जाएं।

# प्रधानमंत्री का विजन 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की की दिशा में काम करने के लिए करेगा प्रेरित : फिक्की अध्यक्ष

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन में किए गए आह्वानों पर टिप्पणी करते हुए फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक राष्ट्रीय विजन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि राष्?ट्रीय विजन में ऐसे कदम शामिल हैं, जो भारत के विकास को आकार देंगे, नवाचार को बढ़ावा देंगे और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक नेता के रूप में हमारी स्थिति को बढ़ाएंगे।

फिक्की अध्यक्ष डॉ. शाह ने कहा कि भारत के लिए प्रधानमंत्री का विजन हमारे समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। ये सभी भारतीयों को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम



करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जिन विभिन्न क्षेत्रों को रेखांकित किया है, उनमें हमने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने, स्वदेशी डिजाइन क्षमताओं को मजबूत करने, चिप्स और सेमीकंडक्टर जैसे उद्योग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और तकनीकी आत्मनिर्भरता में सुधार करने के साथ-साथ गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया है। डॉ. शाह ने कहा कि फिक्की का दृढ़ विश्वास है कि भारत को उच्च गुणवत्ता वाले राष्ट्र के रूप में देखा जाना चाहिए और हमारे उत्पादों को डिजाइन, स्थिरता और सेवा गुणवत्ता के मामले में दुनिया में कहीं भी देखे जाने वाले सर्वश्रेष्ठ उत्पादों से मेल खाना चाहिए। अब समय आ गया है कि भारतीय कंपनियां दुनिया को अपने उत्पादों के लिए एक बाजार के रूप में देखें और संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में अनुसंधान एवं विकास, नवाचार और डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करके हम भारत से वैश्विक चैंपियन तैयार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि फिक्की इस दृष्टिकोण को साकार करने और हमारे प्रधानमंत्री द्वारा दिखाई गई दिशा में आगे बढ़ने के लिए सरकार और उसके सदस्यों के साथ काम करना जारी रखेगा। गौरतलब है कि भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) भारत के व्यापारिक संगठनों का एक संघ है। इसकी स्थापना 1927 में महात्मा गांधी की सलाह पर घनश्याम दास बिड़ला एवं पुरुषोत्तम ठक्कर ने की थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

# ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में अवंता ग्रुप की 678 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े जांच के तहत अवंता समूह की 678 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की भूमि संपत्तियं जब्त की हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) कानून के तहत की गई है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने जारी एक बयान में बताया कि गौतम थापर के स्वामित्व और नियंत्रण वाली अवंता समूह की विभिन्न कंपनियों से संबंधित हरियाणा, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में स्थित भूमि के रूप में 678.48 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से पीएमएलए के तहत कुर्क किया गया है। जांच एजेंसी ने इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए




धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया था।

ईडी ने कहा कि अवंता समूह की अचल-संपत्तियां जब्त करने की ये कार्रवाई कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच का हिस्सा है, जो एसबीआई की शिकायत से जुड़ा हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में पहले एफआईआर दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है।

## एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.10 फीसदी का किया इजाफा, नई दरें लागू

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने ग्राहकों को झटका दिया है। एसबीआई ने सीमांत निधि लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की दरों में 10 बेसिस प्वाइंट (0.10 फीसदी) की बढ़ोतरी की है। ये बढ़ोतरी 15 अगस्त, लागू हो गई है। इस बढ़ोतरी के बाद अब ग्राहकों को मिलने वाला लोन महंगा हो जाएगा। स्टेट बैंक की ओवरनाइट एमसीएलआर दर अब 0.10 फीसदी बढ़कर 8.20 फीसदी हो गया है। बैंक के मुताबिक एक महीने के लिए एमसीएलआर 0.10 फीसदी बढ़कर 8.45 फीसदी हो गया है। वहीं, तीन महीने के लिए यह दर 8.40 फीसदी से बढ़कर 8.50 फीसदी हो जाएगा।


इसी तरह 6 महीने का एमसीएलआर 8.75 फीसदी से बढ़कर 8.85 फीसदी, एक साल के लिए ये दर 8.95 फीसदी, दो साल के लिए 9.05 फीसदी और 3 साल के लिए एमसीएलआर की दर 9.10 फीसदी हो गया है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इसी महीने पहले हफ्ते में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा में लगातार नौवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया था। हालांकि, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बजट बाद वित्त मंत्री के साथ हुई बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा था कि बैंक ब्याज दर तय करने के लिए स्वतंत्र हैं।

# सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी कीमत

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुएं सस्ती हुई हैं। आज सोने के भाव में 120 से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक कमी आई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 65,690 रुपये से लेकर 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 82,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 65,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# 40 की उम्र के बाद महिलाओं में बढ़ जाता है बीमारियों का खतरा, भारी पड़ सकती है जरा-सी लापरवाही



**महिलाएं अक्सर कामकाज और जिम्मेदारियों के चलते अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। खासकर 40 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि इस उम्र के बाद होने वाले कई बदलाव शारीरिक और मानसिक सेहत को प्रभावित करते हैं। ऐसे में आज जानेगे कुछ ऐसी बीमारियों के बारे में जो आमतौर पर 40 साल के बाद महिलाओं को शिकार बनाती हैं।**

40 साल की उम्र पार करने के बाद अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखना बेहद जरूरी है। खासतौर से महिलाओं के लिए ये बेहद जरूरी होता है, क्योंकि महिलाएं अमूमन अपने हेल्थ को लेकर इतनी सजग नहीं रहती हैं। इसलिए उन्हें कहा जाता है कि खुद को प्राथमिकता देना शुरू करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो 40 साल की उम्र के बाद होने वाले तमाम हार्मोनल बदलाव और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के कारण उन्हें कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में आइए जानते हैं कि 40 साल की उम्र के बाद महिलाओं को किन बीमारियों से रहना चाहिए सजग-

ऑस्टियोपोरोसिस

40 की उम्र के बाद शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन की मात्रा घटाने लगती है, जो एक महिला को मेनोपॉज की तरफ ले जाना शुरू करती है। ये एस्ट्रोजन हार्मोन हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है और जब इसकी मात्रा कम होना शुरू होती है, तो हड्डियां भी कमजोर होना शुरू हो जाती हैं। इसलिए कैल्शियम और भरपूर पोषण युक्त खानपान और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जैसी एक्सरसाइज जरूर करें।

हार्ट संबंधी बीमारियां

महिलाओं में कोरोनरी हार्ट डिजीज से होने वाली मृत्यु दर ब्रेस्ट कैंसर की तुलना में ठीक दोगुना है। इसलिए 40 की उम्र के बाद महिलाओं को अपने हार्ट का विशेष ख्याल रखना चाहिए। ये खतरा मेनोपॉज के बाद होने वाले हार्मोनल बदलाव के कारण और भी बढ़ जाता है। इसलिए लो कोलेस्ट्रॉल वाली डाइट लें और अपने ब्लड प्रेशर को घर पर ही मशीन से नापते रहें।

मेनोपॉज

ये कोई बीमारी नहीं बल्कि महिला के जीवन का एक पड़ाव होता है, लेकिन अधिकतर महिलाओं के लिए ये बहुत ही चुनौतियों भरा हो सकता है। शरीर में ढेर सारे हार्मोनल असंतुलन और पेरी-मेनोपॉज के लक्षण परेशान कर सकते हैं। इसलिए किसी एक्सपर्ट की निगरानी में रह कर लक्षण के अनुसार इलाज करते हुए अपना खास ख्याल रखें।

ब्रेस्ट कैंसर

30 से 40 साल की उम्र के दौरान महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना बढ़ने लगती है। साल में एक बार मैमोग्राम करवाएं और ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण महसूस होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें।

स्ट्रेस और मेंटल डिसऑर्डर

40 की उम्र पार करने के बाद महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी और शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव के कारण अनावश्यक एक्स्ट्रा स्ट्रेस में रहती हैं। इससे डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसे मेंटल डिसऑर्डर की समस्या भी शुरू हो सकती है। इसलिए इस दौरान योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएं।

# जुलाई में मुद्रास्फीति की बहुत कम दर के सरकारी आंकड़ों पर प्रश्नचिह्न

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति के बारे में जनता की धारणा खाद्य मुद्रास्फीति दरों से प्रभावित होती है और मुद्रास्फीति की उम्मीदें उसी आधार पर बनती हैं। इसलिए, समग्र मौद्रिक नीति रुख तैयार करने में खाद्य मुद्रास्फीति का महत्व है। यह महत्वपूर्ण क्यों है, क्योंकि अगर आम लोगों की मुद्रास्फीति की उम्मीदें कीमतों की उच्च दीर्घकालिक अपेक्षाओं की ओर झुक जाती हैं, तो मुद्रास्फीति %चिपचिपी% हो जाती है।बांद्र सरकार द्वारा सोमवार को जारी किये गये नवीनतम मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 के बाद से कीमतों में सबसे कम वृद्धि हुई है। यह अच्छी खबर है। लेकिन यह कई सवाल भी खड़े करता है। अंतिम आंकड़े जुलाई 2024 में कुल मुद्रास्फीति दर 3.54 प्रतिशत दर्शाते हैं, जो जून में 5.1 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर से बहुत कम है।

यहां तक कि जुलाई में मुख्य खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में भी अचानक गिरावट देखी गई और यह देश भर में 5.4 प्रतिशत हो गई, जबकि सब्जियों, फलों और अनाज के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई। लेकिन खुदरा बाजारों में खाद्य कीमतों के अनुभव को देखते हुए यह आश्चर्यजनक है, खासकर अप्रैल, मई और जून 2024 में खाद्य कीमतों के रुझान के मद्देनजर।मुद्रास्फीति दर में तेज गिरावट एक तरह की पहेली प्रतीत होती है और रिजर्व बैंक ने अपने पिछले मौद्रिक नीति वक्तव्य में जो उम्मीद की थी, उसके विपरीत है। हालांकि इसने अपनी उम्मीदों को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में करीब 3 प्रतिशत के आधार प्रभाव के बाद जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति दर में अनुकूल रुझान दिखना चाहिए।

चालू वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में, जब कृषि क्षेत्र पर अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून का असर दिखने लगेगा, तभी खाद्य कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है।वास्तव में, नीति वक्तव्य में उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा बताये गये नवीनतम खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के रुझानों पर विशेष ध्यान दिया गया है।उच्च आवृत्ति वाले खाद्य मूल्य ने जुलाई में टमाटर की कीमतों में 62.1 प्रतिशत, प्याज की कीमतों में 22.6 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 18.0 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई। जुलाई में प्रमुख दालों की कीमतों में भी 0.4 से 4.3 प्रतिशत की सीमा में वृद्धि हुई।आइए, हम पिछले मौद्रिक नीति वक्तव्य में दी गई खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति दरों पर बारीकी से नज़र डालें।



अप्रैल-मई में 4.8 प्रतिशत पर रही मुख्य मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गयी। अप्रैल-मई में 7.9 प्रतिशत से जून में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गयी। मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य का योगदान अप्रैल में 74.7 प्रतिशत से बढ़कर मई में 75.2 प्रतिशत और जून में 76.3 प्रतिशत हो गया। जून 2023 में खाद्य का योगदान 44.8 प्रतिशत था।उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) टमाटर में जून में 48.7 प्रतिशत (मासिक) की वृद्धि हुई, जबकि प्याज में 24.2 प्रतिशत (मासिक) और आलू में 12.2 प्रतिशत (मासिक) की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप सब्जियों के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति 29.3 प्रतिशत रही। कुल मिलाकर, सीपीआई बास्केट में 6.0 प्रतिशत भार वाली सब्जियों ने जून में मुद्रास्फीति में 34.9 प्रतिशत का योगदान दिया। अनाज की मुद्रास्फीति अप्रैल में 8.6 प्रतिशत से बढ़कर जून में 8.8 प्रतिशत हो गई। फलों की मुद्रास्फीति अप्रैल में 5.2 प्रतिशत से बढ़कर जून में 7.2 प्रतिशत हो गई। दालों की मुद्रास्फीति जून में 16.1 प्रतिशत रही, जो लगातार 13 महीनों में दोहरे अंकों में दर्ज की गई।पहेली यह है कि एक ही वर्ष में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में इतनी भारी गिरावट कैसे आ सकती है! इसके लिए अधिक विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है।नवंबर 2023-जून 2024 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति औसतन 8 प्रतिशत के आसपास रही। उच्च खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के संदर्भ में, आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति के रुख को बनाये रखने का विकल्प चुना, बजाय इसे नीचे की ओर संशोधित करने के, जैसा कि मौद्रिक नीति समिति के कुछ सदस्यों ने दृढ़ता से आग्रह किया था।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति के बारे में जनता की धारणा खाद्य मुद्रास्फीति दरों से प्रभावित होती है और मुद्रास्फीति की उम्मीदें उसी आधार पर बनती हैं। इसलिए, समग्र मौद्रिक नीति रुख तैयार करने में खाद्य मुद्रास्फीति का महत्व है। यह महत्वपूर्ण क्यों है, क्योंकि अगर आम लोगों की मुद्रास्फीति की उम्मीदें कीमतों की उच्च दीर्घकालिक अपेक्षाओं की ओर झुक जाती हैं, तो मुद्रास्फीति %चिपचिपी% हो जाती है। ऐसी स्थिति में पारंपरिक मौद्रिक नीति उपकरणों के माध्यम से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है, अगरचे कभी-कभी अप्रभावी भी हो जाता है।नवंबर 2023 से, मुद्रास्फीति की उम्मीदों में गिरावट रुक गई है, रिजर्व बैंक ने अपने नीति वक्तव्य में उल्लेख किया था। जुलाई 2024 के सर्वेक्षण दौर में पिछले सर्वेक्षण दौर (मई 2024) की तुलना में तीन महीने और एक साल आगे की मुद्रास्फीति की उम्मीदें 20 बीपीएस तक बढ़ गयीं।

मौजूदा मुद्रास्फीति परिदृश्य में पहेली मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति के बीच का अंतर है। खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति को छोड़कर, मुद्रास्फीति की समग्र दर में नरमी के रुझान दिखाई दे रहे हैं। जून में ईंधन में अपस्फीति (-) 3.7 प्रतिशत है। खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई अप्रैल में 3.2 प्रतिशत से घटकर मई-जून 2024 में 3.1 प्रतिशत हो गई, जो मौजूदा सीपीआई श्रृंखला में एक नया निचला स्तर है। कोर मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति के बीच इस स्पष्ट विरोधाभास और विचलन के लिए एक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। संभवतः खाद्य वस्तुओं के लिए आपूर्ति पक्ष के झटके लग रहे हैं और शायद आपूर्ति में भी अड़चनें हैं।

इस मुद्रास्फीति परिदृश्य के खिलाफ, समग्र अर्थव्यवस्था काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। यानी, विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता में, जिस गति से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके बारे में आशावादी होने का कारण है। जीएसटी राजस्व, जिसे समग्र आर्थिक गतिविधि के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में लिया जा सकता है, 1.82 लाख करोड़ रुपये बढ़ा। जुलाई के दौरान 10.3 प्रतिशत और टोल संग्रह में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। घरेलू एयर कार्गो और पोर्ट कार्गो ने जून 2024 में क्रमशः 10.3 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दर्ज की। 26 जुलाई, 2024 तक कुल बैंक ऋण में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।मई 2024 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं की बिक्री में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जून में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2024 में मनरेगा के तहत मांग में 21.7 प्रतिशत और जुलाई में 19.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कृषि क्षेत्र के रोजगार में सुधार को दर्शाता है। जून में ट्रैक्टर की बिक्री ने 3.6 प्रतिशत की वृद्धि करके बदलाव दर्ज किया।

मई 2024 में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और जून में यात्री वाहनों की बिक्री में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2024 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 6.9 प्रतिशत और जुलाई में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बहुत ऊंचे आधार पर है क्योंकि जून 2023 में इसमें 19.2 प्रतिशत और जुलाई 2023 में 26.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जुलाई 2024 में स्टील की खपत में 14.6 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई। जून 2024 में सीमेंट उत्पादन में मामूली 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2024 के दौरान पूंजीगत वस्तुओं के आयात में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मई 2024 में पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2023-24 की चौथी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में क्षमता उपयोग 76.8 प्रतिशत रहा, जो 11 वर्षों में सबसे अधिक है। ऐसे में, इन आंकड़ों के अनुसार आर्थिक गतिविधि के स्तर को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज में कटौती की आवश्यकता होती। ऐसा केवल तभी संभव था जब मूल्य स्थिति दीर्घ अवधि के लिए थोड़ी अधिक स्थिर होती। परन्तु ऐसा प्रतीत नहीं होता है।

## संपादकीय

## अभिव्यक्ति के अधिकार की रक्षा का सवाल

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2024 के मसौदे को वापस लेने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने यह कदम तब उठाया है, जब संसद का मानसून सत्र समाप्त हो गया है और अब देश जल्द ही विधानसभा चुनावों की हलचलों का साक्षी बनने जा रहा है। संसद के हाल में खत्म हुए मानसून सत्र में सरकार ने अपना बजट भी पेश किया था, लेकिन इसी सत्र में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम सरकार पारित नहीं करवा पाई। विपक्ष ने तो इस विधेयक का विरोध किया ही था, सरकार में शामिल भाजपा के दूसरे साथी दल इस पर सहमत नहीं दिखे और अंततः यह संसदीय समिति को भेज दिया गया। आसान शब्दों मे कहा जाए तो पिछली लोकसभा की तरह इस बार श्री मोदी अपनी मनमानी नहीं चला सके। प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक पर भी सरकार ने विपक्ष के साथ संभावित टकराव को महसूस कर लिया था और हो सकता है इसी वजह से इस विधेयक के मसौदे को फिलहाल वापस ले लिया गया है।दरअसल यह विधेयक प्रारंभ से ही विवादों में रहा है। इसे अभिव्यक्ति के संविधान प्रदत्त अधिकार को कुचलने की तरह देखा जा रहा था। अपनी मनमानी को पारदर्शिता के आवरण में दिखाते हुए सरकार ने बताया था कि इस विधेयक के मसौदे को हितधारकों और आम जनता की टिप्पणियों के लिए 10 नवंबर 2023 को सार्वजनिक किया गया था। बिल का दूसरा मसौदा जुलाई 2024 में तैयार किया गया था। लेकिन मसौदे को विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाए थे कि संसद में रखे जाने से पहले ही इसे कुछ चुनिंदा हितधारकों के बीच चुपके से लीक किया गया। टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने भी राज्यसभा में यह मामला उठाया था। बता दें कि इस प्रस्तावित विधेयक को यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन जैसे ऑनलाइन माध्यमों को नियमित करने वाला बताया जा रहा था। लेकिन माना जा रहा था कि यह अधिनियम वैकल्पिक मीडिया के दमन की एक और कोशिश है।


हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद कुछेक नामी-गिरामी पत्रकारों ने अपना मंतव्य सामने रखा था कि इस वैकल्पिक मीडिया के कारण श्री मोदी और भाजपा की छवि को धक्का पहुंचा है, क्योंकि मुख्य धारा के समाचार चैनलों में तो भाजपा का ही गुणगान होता रहा, लेकिन जनता ने उसकी जगह वैकल्पिक मीडिया को तरजीह देना शुरु कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इन चैनलों पर हो रही सियासी चर्चाओं को करोड़ों दर्शक सुनते रहे। इस वजह से भाजपा को मनमाफिक नतीजे नहीं मिले। शायद इसी वजह से वैकल्पिक मीडिया पर अंकुश लगाने का प्रयास भाजपा ने किया।प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक के साथ ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023, प्रेस पंजीकरण अधिनियम, 2023 और आईटी संशोधन अधिनियम जैसे कानूनों को भी मीडिया पर शिकंजा कसने वाला बताया जाता रहा है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, डिजीपब न्यूज फाउंडेशन, इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन, वर्किंग न्यूज कैमरामेन एसोसिएशन, इंडियन वुमेन प्रेस कॉर्प्स, कोगिटो मीडिया फाउंडेशन और मुंबई, कोलकाता, तिरुवनंतपुरम और चंडीगढ़ के प्रेस क्लब ने 28 मई को इस संबंध में बैठक बुलाकर प्रस्तावित कानूनों के खिलाफ विरोध जताया था। हालांकि इस विरोध के बावजूद प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक के मसौदे को कुछ लोगों के पास टिप्पणियों के लिए भेजा गया था, सूत्रों के मुताबिक अब इन लोगों से मसौदे को वापस मांग लिया गया है।लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस विधेयक के मसौदे के जिन बिंदुओं पर विवाद था, उन पर अब सरकार क्या रुख अपनाएगी। जैसे विधेयक में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को उनके यूजरबेस के आधार पर %डिजिटल न्यूज ब्रॉडकास्टर्स% में दर्शाया जा रहा था। इसका मतलब ये होता कि इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को अपने कंटेंट के लिए सरकार से रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होता। इंडिविजुअल कन्टेंट क्रिएटर्स यानी अकेले अपने वीडियो बनाकर उन्हें प्रसारित करने वाले और डिजिटल पब्लिशर्स का कहना था कि विधेयक के जरिए सरकार उन पर एक तरह से सेंसरशिप लगा रही है। विधेयक में एक प्रावधान टू-टियर सेल्फ रेगुलेशन सिस्टम का भी था।

# नरेंद्र मोदी सरकार को बांग्लादेश के साथ व्यवहार में सावधानी बरतनी होगी

नई दिल्ली का इंतजार करो और देखो की नीति अपनाने का फैसला एक सकारात्मक कदम है। स्थिति चुनावों के समय की स्थितियों, दो बांग्लादेशी नेताओं के बीच के संबंधों तथा उनकी भावी योजनाओं पर निर्भर करती है। यदि नया नेतृत्व उभरता है, तो नई दिल्ली को एक रुख अपनाने की आवश्यकता होगी। क्षेत्रीय शांति बनाये रखने के लिए बांग्लादेश को सामान्य स्थिति में लौटने में सहायता करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और जरूरी है।बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 5 अगस्त को अचानक अपना देश छोड़ दिया, जिससे उनके देश और दक्षिण एशिया क्षेत्र में तत्काल चिंता पैदा हो गई।बीबीसी के अनुसार, सुरक्षा अधिकारियों ने नहीं, बल्कि हसीना के परिवार ने सुरक्षा चिंताओं के कारण उन्हें जाने के लिए राजी किया। उनके बेटे ने कहा, %जैसे ही हिंसक भीड़ आई, हमने उनसे विनती की कि वे तुरंत चले जायें।% उनके भागने के तुरंत बाद भीड़ उनके घर में घुस गई। राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दे, बाहरी भागीदारी और उग्र राजनीतिक विरोध पतन का कारण बना।भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद को उनकी भारत यात्रा और बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों पर संभावित प्रभाव के बारे में जानकारी दी है। जिस अशांति के कारण वह चली गईं, उसमें करीब 560 लोगों की मौत हो चुकी है और इससे दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो सकता है, जिसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा और विदेशी संबंधों पर पड़ सकता है।

शुरू में, अपने 15 साल के लंबे शासनकाल में, हसीना को बांग्लादेश की लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में देखा जाता था, जो आर्थिक बदलाव के लिए प्रयास कर रही थीं। हालांकि, बाद में वह असहिष्णु और सत्तावादी हो गईं, मीडिया आलोचकों पर नकेल कसने लगीं और विरोधियों को जेल में डाल दिया।उन्होंने भारतीय नेताओं के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाये रखा, जिससे भारत विरोधी प्रदर्शन भड़क उठे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उल्लेख किया कि पिछले साल उन्होंने उनसे दस बार मुलाकात की थी। यह दोस्ती आपसी रही है, क्योंकि बेगम हसीना ने भी भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों को खदेड़कर और पारगमन सुविधाओं के लिए रियायतें देकर इसका बदला चुकाया। वह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहली राजकीय अतिथि थीं।1971 में बांग्लादेश के जन्म के बाद से ही भारत का बांग्लादेश के साथ एक विशेष संबंध रहा है। 1975 में बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद, हसीना ने भारत में छह साल बिताये। इसके बाद, वह अवामीलीग का नेतृत्व करने के लिए ढाका चली गईं।

स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए 30 फीसदी आरक्षण और





सरकारी पदों के लिए 56फीसदी कोटा के खिलाफ 5 जुलाई को शुरू हुए मौजूदा छात्र विरोध प्रदर्शनों ने बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति को प्रभावित किया है। इस कोटे को बढ़ाने के हसीना सरकार के प्रस्ताव के कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए और 200 लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश की विपक्षी पार्टियों ने सरकार की नीतियों के प्रति बढ़ते असंतोष को व्यक्त करने के लिए %लॉन्ग मार्च% का आयोजन किया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, हसीना और अमेरिका के बीच तनाव तब बढ़ गया जब देश से भागने के बाद उनका अमेरिकी वीजा रद्द कर दिया गया। अमेरिकी विदेश विभाग ने बांग्लादेश में दीर्घकालिक शांति और राजनीतिक स्थिरता स्थापित करने में अंतरिम सरकार के महत्व पर जोर दिया। यू.के. और अन्य देशों ने भी यही रुख अपनाया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का समर्थन करने के लिए काम कर रहा है, जो सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए जिम्मेदार हैं। नई दिल्ली ने स्थिति से निपटने के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया है और सीमा नियंत्रण बढ़ा दिया है।

हसीना के जाने के बाद मैडम खालिदा जिया और अन्य विपक्षी नेताओं को रिहा कर दिया गया। खालिदा के दो कार्यकालों के दौरान बांग्लादेश-भारत संबंध कमजोर हुए। दिल्ली में उनकी यात्रा भी एक आपदा थी। खालिदा की रिहाई से उन्हें अपनी पार्टी का नेतृत्व करने में मदद मिल सकती है, और उन्होंने लोकतांत्रिक बांग्लादेश की आवश्यकता और शांति और एकता पर जोर दिया।

हसीना और खालिदा के बेटे अपनी-अपनी पार्टियों की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। इन दोनों और अन्य विपक्षी नेताओं की संभावित वापसी बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है।हसीना के बेटे के अनुसार, वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी तक पार्टी के नेतृत्व पर फैसला नहीं किया है। इस बीच, हसीना ने अपने निष्कासन के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। उनके बेटे का दावा है कि उनके पास इस्तीफा देने का समय नहीं था और वह अभी भी प्रधानमंत्री हैं। हसीना का समर्थन करने वाले बांग्लादेशियों ने व्हाइट हाउस और यू.के. के सामने विरोध प्रदर्शन किया है।नई दिल्ली स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है, खासकर सीमा और क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ-साथ बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में। मोदी सरकार बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर आशंकित है। प्रधानमंत्री ने हिंसक घटनाओं के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का आह्वान किया है। हिंदू अल्पसंख्यकों ने सांप्रदायिक तत्वों द्वारा उन पर किये गये हमलों के विरोध में बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किये।बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था, जो ऊपर की ओर बढ़ रही थी, नवीनतम घटनाओं के कारण अब गिर रही है। देश आवश्यक वस्तुओं और बुनियादी ढांचे के लिए भारत पर निर्भर है। भारत अंतरिम सरकार के साथ निकट संपर्कमें है। भारत की बांग्लादेश के साथ 4096 किलोमीटर की सीमा है। भारतीय बीएसएफ भाग रहे बांग्लादेशियों, विशेष रूप से हिंदुओं और अवामीलीग के कार्यकर्ताओं के किसी भी अवैध प्रवेश को रोकने के लिए सक्रिय है। अगर बांग्लादेश में आंतरिक स्थिति स्थिर नहीं होती है तो सीमा पर बड़ा खतरा है।नई दिल्ली का इंतजार करो और देखो की नीति अपनाने का फैसला एक सकारात्मक कदम है। स्थिति चुनावों के समय की स्थितियों, दो बांग्लादेशी नेताओं के बीच के संबंधों तथा उनकी भावी योजनाओं पर निर्भर करती है। यदि नया नेतृत्व उभरता है, तो नई दिल्ली को एक रुख अपनाने की आवश्यकता होगी। क्षेत्रीय शांति बनाये रखने के लिए बांग्लादेश को सामान्य स्थिति में लौटने में सहायता करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और जरूरी है। एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध बांग्लादेश भारत के सर्वोत्तम हित में है। भारत को इसे सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।घटनाक्रम तेजी से बदल रही है, और बांग्लादेश के भविष्य के राजनीतिक परिदृश्य की अनिश्चितता स्पष्ट है। चुनावों की घोषणा होने और अंतरिम सरकार की योजनाओं का खुलासा होने के बाद हमें और अधिक जानकारी मिलेगी।



# घर के कई वास्तु दोष दूर करती है तुलसी

भारतीय संस्कृति में तुलसी के पौधे का बहुत महत्व है और इस पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में यह तुलसी का पौधा नहीं होता उस घ में भगवान भी रहना पंसद नहीं करते। माना जाता है कि घर में आंगन में तुलसी का पौधा लगा कलह और दरिद्रता दूर करता है। तुलसी एक ऐसा पौधा है। जिसके लाभ अनेकानेक हैं और इसे विज्ञान भी मान चुका है। तुलसी के कई प्रकार हैं जैसे रक्त तुलसी, राम तुलसी, भू तुलसी, वन तुलसी, ज्ञान तुलसी, मुख्यरूप से विद्यमान है। तुलसी की इन सभी प्रजातियों के गुण अलग है। इन्हीं में से कुछ ऐसे उपाय हैं जिनसे आप अपने घर का वास्तु दोष भी ठीक कर सकते हैं। वास्तुदोष दूर करने के लिए इसे दक्षिण-पूर्व से लेकर उत्तर पश्चिम तक किसी भी खाली कोने में लगाया जा सकता है। तुलसी का पौधा किचन के पास रखने से घर के सदस्यों में आपसी सामंजस्य बढ़ता है। पूर्व दिशा में यदि खिडकी के पास तुलसी का पौधा रखा जाए तो आपकी संतान आपका कहना मानने लगेगी। अगर संतान बहुत ज्यादा जिद्दी और अपनी मर्यादा से बाहर है तो पूर्व दिशा में रखे तुलसी के पौधे के तीन पत्ते रोज उसे किसी ना किसी तरह खिला दें। यदि आपकी कन्या का विवाह नहीं हो रहा हो तो तुलसी के पौधे को दक्षिण-पूर्व में रखकर उसे नियमित रूप से जल अर्पण करें। इस उपाय से जल्द ही योग्य वर की प्राप्ति होगी। यदि आपका कारोबार ठीक से नहीं चल रहा है तो तुलसी के पौधे को नैऋत्य कोण में रखकर हर शुक्रवार को कच्चा दूध चढ़ाएं। नौकरी में यदि उच्चाधिकारी की वजह से परेशानी हो तो ऑफिस में जहां भी खाली जगह हो वहां पर सोमवार को तुलसी के सोलह बीज किसी सफेद कपड़े में बांधकर कोने में दबा दें। इससे आपके संबंध सुधरने लगेगें।




# यह उपाय करने से शांत होंगे शनि दोष


सभी ग्रहों में सूर्य पुत्र भगवान शनिदेव को सबसे क्रूरर ग्रह माना गया है। भगवान शनिदेव हर राशि में विचरण करते हैं। किसी राशि में शनिदेव ढाई वर्ष तो किसी राशि साढे सात वर्ष तक रहते हैं। भगवान शनिदेव को कर्मो के अनुसार दण्ड देने का प्रतीक माना जाता है। जो जैसा कार्य करता है भगवान शनिदेव उसे वैसा ही दण्ड देते हैं। जिस किसी भी कुण्डली में शनिदेव विराजमान होते हैं वे इंसान हमेशा परेशान रहते हैं। शास्त्रों के अनुसार कुछ उपाय करने से शनिदेव शांत रहते हैं और उस इंसान को शनिदेव कम परेशान करते हैं। शनिवार के दिन काले घोडे की नाल या समुद्री नाव की कील से लोहे की अंगूठी बनवाएं। उसे तिल्ली के तेल में 7 दिन शनिवार से शनिवार तक रखें तथा उस पर शनि मंत्र के 23,000 जाप करें। शनिवार के दिन शाम के समय इसे धारण करें। यह अंगूठी मध्यमा (शनि की अंगुली) में ही पहनें तथा इसके लिए पुष्य, अनुराधा, उत्तरा, भाद्रपद एवं रोहिणी नक्षत्र सर्वश्रेष्ठ हैं। शनिवार या शनि जयंती के दिन सुबह जल्दी उठकर स्त्रान आदि से निवृत्त होकर कुश (एक प्रकार की घास) के आसन पर बैठ जाएं। सामने शनिदेव की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें व उसकी पंचोपचार से विधिवत पूजन करें। पूजन के बाद रूद्राक्ष की माला से नीचे लिखे किसी एक मंत्र की कम से कम 5 माला जप करें तथा शनिदेव से सुख-संपत्ति के लिए प्रार्थना करें। यदि प्रत्येक शनिवार को इस मंत्र का इसी विधि से जप करेंगे तो शीघ्र लाभ होगा।

**पौराणिक शनि मंत्र**

ऊं हि्रं नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम।
छाया मार्तण्डसम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम।।

प्रत्येक शनिवार को शाम के समय बड़ (बरगद) और पीपल के पेड़ के नीचे सूर्योदय से पहले स्त्रान आदि करने के बाद कडवे तेल का दीपक लगाएं और दूध एवं धूप आदि अर्पित करें।





तमिलनाडु में कई प्राचीन शहर है जिसमें से एक है महाबलीपुरम जो समुद्र तट पर स्थित है। इस शहर का इतिहास बहुत ही प्राचीन और भव्य है। यहां प्रस्तुत है संक्षिप्त जानकारी।

# महाबलीपुरम का धार्मिक इतिहास और अद्भुत मंदिर

**महाबलीपुरम का नामकरण** : इस शहर का नाम महान दानवीर असुर राजा महाबली के नाम पर रखा गया था। महाबली ने विष्णु के वामन अवतार को तीन पग भूमि दान में दी थी। वामन भगवान ने दो पग में त्रिलोक्य नाप दिया और फिर पूछा कि राजन तीसरा पग कहां रखूं तो महाबली ने कहा कि भगवन अब बस मेरे सिर ही बचा है आप उसी पर अपना पग रख लें। महाबली की दानवीरता और सत्यता से प्रभावित होकर वामन भगवान ने उन्हें पाताल लोक का चिरंजीवी राजा बनाकर खुद वहां के पहरेदार बन गए। कहते हैं कि आज भी महाबली जिंदा हैं। केरल में उनकी पूजा होती है।

कहते हैं कि बाद में पल्लव राजा नरसिंह वर्मन, जिन्हें मामल्ला के नाम से जाना जाता था उन्होंने महाबलीपुरम का नाम मामल्लापुरम रख दिया था। राजा नरसिंह वर्मन के द्वारा महाबलीपुरम का नाम मामल्लापुरम रखने पर भी आज लोग इस स्थान को महाबलीपुरम के नाम से ही ज्यादा जानते हैं।

7वीं और 10वीं सदी के पल्लव राजाओं द्वारा बनाए गए कई मंदिर और स्थान यहां की शोभा बढ़ा रहे हैं। कांचीपुरम पर राज करने वाले पल्लवों की यह दूसरी राजधानी थी। गुप्त राजवंश के पतन के बाद पल्लव राजाओं ने दक्षिण भारत में राज किया। उन्होंने लगभग 3री सदी से 9वीं सदी के अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा। पल्लव राजाओं के शासन काल के दौरान कई महान कवि, नाटक कार, कलाकार, कारीगर, विद्वान और संत हुए थे। कारीगरी के मामले में पल्ववों का साम्राज्य अग्रिण था।

**बोधिधर्म** : पल्वव राजाओं के राज में ही महान भिक्षु बोधिधर्म थे। बोधिधर्म का जन्म दक्षिण भारत के पल्लव राज्य के कांचीपुरम के राज परिवार में हुआ था। वे कांचीपुरम के राजा सुगंध के तीसरे पुत्र थे। छोटी आयु में ही उन्होंने राज्य छोड़ दिया और भिक्षुक बन गए। 22 साल की उम्र में उन्होंने संबोधि (मोक्ष की पहली अवस्था) को प्राप्त किया। दुनिया के महान भिक्षुओं में से एक बोधी धर्मन को जो नही जानता वह मार्शल आर्ट के इतिहास को भी नहीं जानता होगा। चीन में मार्शल आर्ट और कुंग फू जैसी विद्या को सिखाया था बोधी धर्मन ने। प्रबुद्ध होने के बाद राजमाता के आदेश पर उन्हें सत्य और ध्यान के प्रचार-प्रसार के लिए चीन में भेजा गया था। यह भी कहा जाता है कि ह्वेनसांग ने जब भारत की यात्रा की थी तो वे महाबलीपुरम में आए थे और यहीं रहकर उन्होंने बौद्ध धर्म के बारे में जानकारियां जुटाई थीं।

**राजा महाबली** : राजा बलि का राज्य संपूर्ण दक्षिण भारत में था। उन्होंने महाबलीपुरम को अपनी राजधानी बनाया था। प्रसिद्ध पौराणिक पात्र वृत्र (प्रथम मेघ) के वंशज हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद था। प्रह्लाद के पुत्र विरोचन का पुत्र महाबली था। दरअसल, कश्यप ऋषि की पत्नी दिति के दो प्रमुख पुत्र हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष थे। हिरण्यकश्यप के 4 पुत्र थे- अनुहल्लाद, हल्लाद, भक्त प्रहलाद और संहल्लाद। प्रह्लाद के कुल में विरोचन के पुत्र राजा बलि का जन्म हुआ। महाबली ने समुद्र मंथन में हिस्सा लिया था।

**महाबलीपुरम के मंदिर** : कहा जाता है कि यहां प्राचीनकाल में सैंकड़ों मंदिर थे। यह स्थान कई भव्य मंदिरों, स्थापत्य और सागर-तटों के लिए बहुत प्रसिद्ध था। महाबलीपुरम के बारे में माना जाता है कि इसके तट पर 17वीं शताब्दी में 7 मंदिर स्थापित किए गए थे और एक तटीय मंदिर को छोड़कर शेष 6 मंदिर समुद्र में डूब गए थे।

**शोर मंदिर**- महाबलीपुरम के समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर प्राचीन वास्तु कला का उदहारण है। भगवान शिव और विष्णु को समर्पित शोर मंदिर का निर्माण लगभग 700-728 ईस्वी के समय हुआ था। इस स्टोन टेम्पल इसलिए कहते हैं क्योंकि मंदिर वाला भाग ग्रेनाइट पत्थर से बना हुआ है जो देखने में बहुत ही सुंदर दिखता है। मंदिर के प्रांगण में सात पगोडा की पत्थर की मूर्तियां हैं जिन्हें देखना अद्भुत है। इस मंदिर की अलग ही कथा है।


**पंच रथ मंदिर**- महाबलीपुरम के समुद्री तट पर दूसरा मंदिर पंच रथ या पंच पांडवों का रथ नामक मंदिर है। यह एक सुन्दर स्मारक परिसर है जिसका निर्माण 7वीं सदी में महेंद्र वर्मन प्रथम और बेटे नरसिंह वर्मन प्रथम ने करवाया था। पंच रथ के पांच स्मारकों को पूरी तरीके से रथ के समान बनाया गया है जो सभी ग्रेनाइट पत्थर को खोद-खोद कर बनाए गए हैं। इसमें महाभारत की कहानी को दर्शाते हुए कलाकृतियां देखने को मिलती हैं। यह सभी रात बड़े से छोटे आकार में इस प्रकार से हैं- धर्मराज रथ, भीम रथ, अर्जुन रथ, नकुल एवं सहदेव रथ और द्रौपदी रथ।

**गंगा अवतरण का स्मारक**- यह गंगा अवतरण के स्मारक महाबलीपुरम के कोरोमोंडल तट पर कांचीपुरम जिले में स्थित हैं। 96.43 फीट का यह स्मारक सुंदर कलाकारी को दर्शाता है। यह एक बड़ा पत्थर है जसमें खोद-खोद कर गंगा की उत्पत्ति का बहुत ही अद्भुत चित्रण किया गया है।

**टाइगर गुफाएं**- यह गुफाएं महाबलीपुरम की सबसे बेहतरीन कलाकृतियां हैं। इनके बाहर पत्थर में उभरे हुए शेर की मूर्तियां हैं। यह भी पल्लव राजाओं द्वारा बनाया गया था।

**कृष्ण की मक्खन गेंद**- दक्षिण भारत के महाबलीपुरम में 1200 वर्ष पुराना एक पत्थर बहुत ही अजीबोगरीब तरीके से रखा हुआ है। इसे देखकर लगता है कि यह जरा से टल्ले में नीचे गिर पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। इस पत्थर की चौड़ाई 5 मीटर तथा ऊंचाई 20 फीट है। 1908 में इस पत्थर पर उस समय के मद्रास गवर्नर आर्थर की नजर पड़ी तो उनको लगा कि यह पत्थर किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है इसलिए उन्होंने इस पत्थर को उसके स्थान से हटवाने के लिए 7 हाथियों से खिंचवाया पर यह पत्थर अपनी जगह से 1 इंच भी नहीं खिसका।

ग्रेविटी के नियमों की उपेक्षा करते हुए यह पत्थर एक ढलान वाली पहाड़ी पर 45 डिग्री के कोण पर बिना लुढ़के टिका हुआ है। लोग इस पत्थर को 'कृष्ण की मक्खन गेंद' भी कहते हैं क्योंकि उनका मानना है की यह पत्थर मक्खन की गेंद है जिसको कृष्ण ने अपनी बाल्य अवस्था में नीचे गिरा दिया था।










## चमत्कारिक और रहस्यमी है

# निधिवन का श्रीकृष्ण राधा मंदिर

भारत में कई चमत्कारिक और ररहस्यमी मंदिर है। उन्हीं में से एक ऐसा मंदिर है जिसके दरवाजे रात अपने आप ही बंद हो जाते हैं और सुबह होते ही खुल जाते हैं। इस मंदिर के संबंध में इसके अलावा और भी चमत्कार जुड़े हुए हैं। हालांकि यह कितना सच है यह कहना मुश्किल है क्योंकि यह शोध का विषय है। लोग मानते हैं कि वृन्दावन में श्रीकृष्ण का एक ऐसा मंदिर है जो अपने आप ही खुलता और बंद हो जाता है। यह भी माना जाता है कि इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण रोज रात को खुद शयन करने आते हैं। उनके सोने के लिए मंदिर के पुजारी रोज पलंग लगाते हैं और जिस पर साफ-सुधरी गादी एवं बिस्तर के ऊपर चादर बिछाते हैं।

लेकिन कहते हैं कि जब मंदिर खुलता है तो उस बिस्तर की हालत देखकर सभी अचंभित हो जाते हैं, क्योंकि उसे देखकर लगता है कि यहां कोई सोया था। सबसे आश्चर्य की बात यह भी कि यहां प्रतिदिन माखन मिश्री का प्रसाद चढ़ाया जाता है और जो बच जाता है उसे मंदिर में ही रख दिया जाता है, लेकिन सुबह तक वह प्रसाद भी समाप्त हो जाता है। आखिर कौन खा जाता होगा वह प्रसाद? लोगों की मान्यता है कि इस मंदिर के दरवाजे रात में अपने आप बंद हो जाते हैं इसलिए मंदिर के पुजारी अंधेरा होने से पहले प्रसाद और पलंग का इंजजाम करके रखते हैं और रात की अंतिम आरती के बाद चले जाते हैं। रात में यहां कोई भी नहीं रुकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ऐसा बरसों से होता आ रहा है। कुछ लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं और कुछ लोग इसे श्रीकृष्ण का चमत्कार।

हालांकि सच क्या है यह तो शोध का विषय ही है। हालांकि सच ये हैं कि निधिवन में श्रीकृष्ण राधा का एक ऐसा मंदिर है जहां राधा और कृष्ण के शयन करने की मान्यता है। मान्यता अनुसार इस मंदिर को तानसेन के गुरु संत हरिदास ने अपने भजन से राधा-कृष्ण के युग्म रूप को साक्षात प्रकट किया था। यहां कृष्ण और राधा विहार करने आते थे। यहीं पर स्वामीजी की समाधि भी बनी है। जानिए इस मंदिर के बारे में 5 रहस्य।

- जनश्रुति है कि प्रतिदिन मंदिर के अंदर स्थित रंगमहल में कृष्ण-राधा का पलंग लगा दिया जाता है और पूरा रंगमहल सजा दिया जाता है तथा राधाजी का श्रृंगार सामान रख कर मंदिर के दरवाजे बन्द कर दिए जाते हैं। जब प्रात: दरवाजे खुलते हैं तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिलता है। मान्यता है कि रात्रि में राधा-कृष्ण आकर इस सामान का उपयोग करते हैं।
- हालांकि शाम के बाद यह मंदिर बंद हो जाता है और यह भी कहा जाता है कि अगर यहां कोई छुपकर रासलीला देखता है तो वह अगले दिन पागल हो जाता है।
- कहते हैं कि यहां तुलसी के दो पौधे एक साथ लगे हैं। रात के समय जब राधा और कृष्ण रास रचाते हैं तो यही तुलसी के पौधे गोपियां बनकर उनके साथ नाचते हैं। इन तुलसी का एक भी पत्ता यहां से कोई नहीं ले जाता है। जिसने भी गुपचुप यह कार्य किया वह भारी आपदा का शिकार हो जाता है।
- इस मंदिर के परिसर में उगने वाले पेड़ भी अजीब है। यहां के पेड़ की शखाएं नीचे की ओर बढ़ती है।
- यहां के आसपास के अधिकतर घरों में खिड़कियां नहीं हैं और जिनके घरों में हैं वे शाम की आरती के बाद खिड़कियां इस डर से बंद कर देते हैं कि कोई मंदिर की दिशा में देखे नहीं, अन्यथा वह अंधा हो जाएगा।

# जामुन खाने से सेहत ही नहीं, सुंदरता में भी आता है निखार

काले, मीठे, रसीले और स्वाद भरे जामुन...बारिश के मौसम में आते ही, हर मन पर राज करते हैं और इसका स्वाद चखे बिना कोई नहीं रह पाता। स्वाद में जितने लाजवाब, उतने ही बेशकीमती हैं इसके सेहत एवं सौंदर्य लाभ। जानिए जामुन के 7 बेहतरीन लाभ -

काले-काले, मीठे और रसीले जामुन किसे पसंद नहीं होते। स्वाद में यह जितने लाजवाब हैं, सेहत और सौंदर्य के लिए भी उतने ही फायदेमंद। क्या आपको पता हैं इसे बेमिसाल लाभ अगर नहीं पता तो जरूर जान लीजिए इसके बेहतरीन फायदे...



- जामुन और आम का रस बराबर मात्रा में मिलाकर पीने से मधुमेह के रोगियों को लाभ होता है। यह त्वचा का रंग बनाने वाली रंजक द्रव्य मेलानिन कोशिका को सक्रिय करता है, अत: यह रक्तहीनता तथा ल्यूकोडर्मा की उत्तम औषधि है।
- गठिया के उपचार में जामुन बेहद उपयोगी है। इसकी छाल को खूब उबालकर बचे हुए घोल का लेप घुटनों पर लगाने से गठिया में आराम मिलता है। इसमें मौजूद तांबा शीघ्र अवशोषित होकर रक्त निर्माण करने में सहायक है।
- मुंह में छाले होने पर जामुन का रस लगाने, पीने एवं जामुन के पत्तों का चबाने से बहुत जल्दी लाभ होता है। जामुन के पत्तों को अच्छी तरह से चबाकर थूकते रहें। छाले गायब हो जाएंगे।
- जामुन का रस, शहद, आंवले या गुलाब के फूल का रस बराबर मात्रा में मिलाकर एक-दो माह तक प्रतिदिन सुबह के वक्त सेवन करने से रक्त की कमी एवं शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। यौन तथा स्मरण शक्ति भी बढ़ जाती है।
- जामुन के एक किलोग्राम ताजे फलों का रस निकालकर ढाई किलोग्राम चीनी मिलाकर शरबत जैसी चाशनी बना लें। इसे एक ढक्कनदार साफ बोतल में भरकर रख लें। जब कभी उल्टी-दस्त या हैजा जैसी बीमारी की शिकायत हो, तब दो चम्मच शरबत और एक चम्मच अमृतधारा मिलाकर पिलाने से तुरंत राहत मिल जाती है।
- भूख न लगने की स्थिति में कुछ दिनों तक जामुन के रस का सेवन आश्चर्यजनक रूप से फायदेमंद साबित होता है। वहीं कब्ज और पेट संबंधी रोगों में जामुन का सिरका चमत्कारिक लाभ देता है।
- विषैले जंतुओं के काटने पर जामुन की पत्तियों का रस पिलाना चाहिए। काटे गए स्थान पर इसकी ताजी पत्तियों का पुल्टिस बांधने से घाव स्वच्छ होकर ठीक होने लगता है, चूंकि, जामुन के चिकने पत्तों में नमी सोखने की अद्भुत क्षमता होती है।

**विशेष:** इतना ध्यान रहे कि अधिक मात्रा में जामुन खाने से शरीर में जकड़न एवं बुखार होने की संभावना भी रहती है। इसको कभी खाली पेट नहीं खाना चाहिए और न ही इसके खाने के बाद दूध पीना चाहिए।

# एक गिलास दूध में 1 चम्मच शहद मिलाकर पीएं मिलेंगे जबरदस्त फायदे

हम सभी जानते हैं कि दूध और शहद दोनों ही हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद हैं। शहद में विटामिन-ए, बी और सी पाया जाता है। इसमें ढेर सारे एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसके अलावा शहद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। शहद में फैट नहीं होता, इसलिए यह वजन घटाने में मदद करता है। शहद कुछ सामान्य बीमारियों जैसे- सर्दी, जुकाम आदि में भी काफी फायदेमंद होता है।



दूध एक संपूर्ण आहार है। जिसमें विटामिन ए, विटामिन बी और डी की पर्याप्त मात्रा होती है। इसके अलावा ये कैल्शियम, प्रोटीन और लैक्टिक एसिड से भी भरपूर होता है। दूध के सेवन से हड्डियां और दांत स्वस्थ रहते हैं। यह भी कहा जाता है कि दूध पीने से तनाव दूर होता है और यह शरीर को हाइड्रेड रखता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अलग-अलग सेवन के बजाय अगर आप दूध और शहद का सेवन एक साथ करें, तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं। जी हां, गुनगुने दूध में शहद मिलाकर पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आइए आपको बताते हैं इसके ढेर सारे लाभ।

## बेहतर होता है पाचन

शहद एक प्रीबायोटिक आहार है, जो पाचन को बेहतर बनाता है। शहद पाचन तंत्र में उपयोगी बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। इसलिए जब आप शहद के साथ हर दिन दूध का सेवन करते हैं, तो ये आपको पाचन क्रिया में काफी मदद करता है। इसके नियमित सेवन से आपको सूजन, कब्ज और ऐंठन जैसे समस्याओं से छुटकारा मिलता है और आप स्वस्थ रहते हैं।

## स्टेमिना बढ़ाते हैं दूध और शहद

ठंडे दूध में शहद मिलाकर पीने से आपका स्टेमिना (शारीरिक क्षमता) बढ़ता है। सुबह एक गिलास दूध के साथ शहद पीने से आपको कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्त्व प्राप्त होते हैं। एक गिलास दूध और एक चम्मच शहद आपको पूरे दिन एनर्जी से भरपूर रखेंगे। शहद मेटाबॉलिक रेट और शारीरिक प्रक्रिया को बढ़ाता है, ये आपको काम करने के लिए पर्याप्त सभी ऊर्जा देने में आपकी मदद करता है।

## त्वचा की देखभाल करता है

शहद और दूध के मिश्रण में कई ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी त्वचा को चिकना और चमकदार बनाते हैं। इसमें प्रोटीन्स, अमीनो एसिड्स, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। दूध और शहद पीने के साथ-साथ इससे नहाने से भी त्वचा स्वस्थ रहती है और निखार आता है। इसके लिए एक बाल्टी पानी में 150 मिलीग्राम दूध और 2 चम्मच शहद मिलाकर नहाएं। इस तरह नहाने से त्वचा का संक्रमण मुंहासे और प्रदूषण के कारण होने वाले त्वचा रोगों से छुटकारा मिलता है।

## हड्डियों को रखता है स्वस्थ

उम्र बढ़ने के साथ ही बहुत लोगों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। ऐसे में दूध और शहद उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जिनकी हड्डियां कमजोर हैं या जिन्हें हड्डियों से जुड़ी बीमारियां हैं। दूध में कैल्शियम की मात्रा भरपूर होती है, जो हड्डियों के लिए आवश्यक तत्व है। शहद और इसके एंजाइम शरीर में पोषक तत्वों को रेगुलेट (प्रवाहित) करने में मदद करते हैं। कैल्शियम वाले आहारों के सेवन से दांत भी मजबूत और स्वस्थ रहते हैं।

## अच्छी नींद के लिए दूध और शहद

आजकल बहुत से लोग तनाव या मानसिक चिंता की वजह से ठीक से सो नहीं पाते हैं। युवाओं में देर रात तक जागने और मोबाइल के इस्तेमाल के कारण स्लीप एप्निया (अनिद्रा) की समस्या काफी बढ़ गई है। नींद की कमी कई तरह के शारीरिक और मानसिक रोगों को बढ़ावा देती है। अगर आप एक गिलास गुनगुने दूध में शहद मिलाकर पीते हैं, तो आपको रात में अच्छी और गहरी नींद आती है।

# रेसिपी



## लहसुनी दाल

### सामग्री

- अरहर दाल: 1 कप
- इमली का पेस्ट: 1/4 कप
- हरी मिर्च: 1-2
- लहसुन: 10 कलियां
- तेल : 1 बड़ा चमच्च
- राई: 1 छोटा चमच्च
- कढ़ी पत्ता: 6-7
- हरा धनिया
- नमक: स्वाद के अनुसार

### विधि

लहसुनी दाल बनाने के लिए सबसे पहले, दाल को प्रेशर कुकर में पानी और हल्दी के साथ पका लें। पकने के बाद उसे ठंडा होने के लिए रख दें। अब एक कढ़ाई में हरी मिर्च को बिना तेल के फ्राई कर अलग रख दें। अब एक मिक्सर में दाल, हरी मिर्च, लहसुन, इमली का पेस्ट और नमक डाले और पीस लेंगे। अब कढ़ाई में तेल गरम करें। इसमें राई और कढ़ी पत्ता डालें। 10 सेकंड बाद इसमें पीसी हुई दाल डाले और गैस बंद कर दे। बंद करने के बाद, हरे धनिए से गार्निश करें।



## तवा पुलाव

### सामग्री

- चावल: 1/2 कप
- तेल या मक्खन: 1 चम्मच
- जीरा: 1/2 चम्मच
- प्याज बारीक काटा: 1/4 कप
- अदरक:लहसुन पेस्ट- 1 चम्मच
- टमाटर: 1/3 कप
- पावभाजी मसाला: 1 बड़ा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच
- शिमला मिर्च: 1/4 कप बारीक कटी
- सीजनल सब्जियां (आलू, गाजर, बींस, मटर): 3/4 कप
- हरी धनिया: बारीक कटी
- नमक: स्वाद के अनुसार

### विधि

चावल को धोकर अच्छे से पका लें। सारी सब्जियों को काटकर हल्का उबाल लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें। उसमें जीरा डालकर तड़काएं। अब इसमें प्याज डालें और उसे सुनहरा भूरा करें। इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट डालकर भूनेंगे। फिर टमाटर और नमक डालकर नरम होने तक पकाएं। अब इसमें सभी उबली हुई सब्जियों को डाल दें। ऊपर से पावभाजी मसाला डालें और पानी डालकर थोड़ी और देर पकाएं। पानी की मात्रा बहुत ज्यादा न हो। अब इसमे चावल डालेंगे और ऊपर से बारीक कटी हरी धनिया डालकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 1809

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

काकुरो - 1808 का हल

## हंसी के फूव्वारें

एक बार एक सेठ बीमार पड़ गया. उसकी हालत मरने की-सी हो गई. पूरा परिवार उसके चारों ओर एकत्र था. सेठ ने अपनी पत्नी को बुलाकर पूछा-'बड़ा लड़का कहां है ?'

'यहीं है !'

'मंझला ?'

'यहीं है.'

'और छोटा ?'

'यहीं है.'

'तो फिर क्या दुकान बन्द पड़ी है ?' सेठ ने चारपाई से उठते हुए पूछा.

□ □ □

एक जहाज का कप्तान डेक से फिसल कर समुद्र में गिर गया. एक नाविक ने अपनी जान हथेली पर रखकर उसे बचा लिया.

'मैं तुम्हें क्या इनाम दूं !'कप्तान ने पूछा.

'श्रीमान !' नाविक हाथ जोड़ते हुए बोला-'सबसे अच्छा इनाम तो यह होगा कि आप इस घटना का जिक्र किसी से न करें. वरना बाकी नाविक मुझे उठाकर समुद्र में फेंक देंगे.'

□ □ □

जज, कैदी से- 'तुम्हें कल फांसी दी जाएगी, तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है?'

कैदी-'जी हाँ.'

जज-'क्या?'

कैदी-'जी मेरी जगह आप फांसी पर लटक जाइये!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1809

**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बाशि' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरुद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1808

## सूडोकु -1809

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु -1808 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 1809

**बाएँ से दाएँ**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा,रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी,कमला-2
13. ध्वनिहीनता,शांति-4
14. देवता,देव-2
16. प्रणाम,नमस्कार-3
18. रुधिरहीन,कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला,ईश्वर-5
24. प्रेम,चाहना-3
26. वन,अरण्य,जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल,मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा,सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह,प्रात:काल-2
37. जोकर,विदूषक-4
38. संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता,बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर,निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट,खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म,दुष्कर्म-4
20. गाड़ी,यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार,व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा,आनंद-2
36. भोगने वाला,कामी-2

शब्द पहेली - 1808 का हल

## टूरिज्म कैलेंडर में शामिल होगा मीरा महोत्सव - दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि मेड़ता का मीरा महोत्सव शीघ्र ही राज्य कैलेंडर में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मेड़ता सिटी में सवा पांच सौ साल से उपखंड स्तर पर मीरा महोत्सव मनाया जाता रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इस बार उपखण्ड स्तर पर मनाये जा रहे मीरा महोत्सव 2024 में शामिल होने के लिए 14 अगस्त बुधवार को मेड़ता पहुंची थी जहाँ पर उन्होंने ने उक्त घोषणा की। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र वासियों की ओर से मीरा महोत्सव को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में शामिल किये जाने की मांग निरंतर हो रही थी, जिसे उपमुख्यमंत्री ने पूरा किया है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मीरा महोत्सव को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मीरा स्मारक का अवलोकन कर वहां पर्यटन विकास की संभावनाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि मीराबाई ने बाल्यकाल से ही भक्ति का मार्ग चुना। हम सौभाग्यशाली है कि मां मीरा जैसी कृष्ण भक्त का राजस्थान में जन्म हुआ। इस सांस्कृतिक विरासत को आज की पीढ़ी भूलती जा रही है। इसको जिन्दा रखने इतिहास बताने का काम किया जाएगा।

## राजस्थान में तीन महीने चलेगा 'प्रोजेक्ट किशोरी', दिया कुमारी करेंगी शुभारंभ

**जयपुर।** प्रजना फाउण्डेशन एवं ब्रह्मोस एयरोस्पेस की ओर से महिला माहवारी स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे अभियान 'प्रोजेक्ट किशोरी' का शुभारंभ शनिवार, 17 अगस्त को शाम 4 बजे राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी। यह कार्यक्रम वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल गर्ल्स कॉलेज के आर.बी. डंगायच सभागार में आयोजित किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि दिया कुमारी लाभान्वित महिलाओं को हाईजीन किट का वितरण भी करेंगी। प्रजना फाउण्डेशन की संस्थापक प्रीति शर्मा ने बताया कि, ब्रह्मोस एयरोस्पेस के साथ मिलकर महिलाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा उन्हें सपोर्ट के लिए यह पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सरिता वाघटे, उप प्रबंधक ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रा. लि., जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्पेशल सेंटर फोर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज में प्रोफेसर आयुषी केतकर, रोहित अस्पताल की निदेशक डॉ. शैलजा जैन भी मौजूद रहेंगी। प्रीति शर्मा ने बताया कि, प्रोजेक्ट किशोरी निम्न वर्ग की महिलाओं और बेटियों को हाईजीन सुरक्षा और उससे जुड़े स्वास्थ्य के पहलुओं के प्रति जागरूकता के लिए एक इनीशिएटिव है। इसके तहत महिलाओं में बॉडी हाईजीन के प्रति जागरूकता के लिए राजस्थान के कई हिस्से में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्हें अच्छी क्वालिटी के हाईजीन किट भी वितरित किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत लाभान्वित होने वाला वर्ग वह रहेगा, जिस तक सुविधाएं, जानकारी और जागरूकता पहुंच नहीं पाती।

## देवघर में तीन बच्चों के शव तालाब से मिले, हत्या का आरोप, फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**देवघर ।** देवघर के सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के डोंडिया-पिपरडंगा गांव में शुक्रवार को गांव के तीन बच्चों के शव एक तालाब से बरामद किए गए। तीनों बच्चे इसी गांव के निवासी बासुदेव यादव और हरिकिशोर यादव के परिवारों के थे। उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों पर बच्चों की हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों में इसको लेकर जबरदस्त गुस्सा है। इस घटना के खिलाफ सैकड़ों लोग प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों के गुस्से और विरोध का सामना करना पड़ा। ये बच्चे गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे खेलने निकले थे। उसके बाद से ही वे लापता हो गए। गुरुवार शाम तक कई जगहों पर उनकी तलाश की गई और इसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। शुक्रवार को इनकी कई जगहों पर खोजबीन की गई। गांव के तालाब में भी संदेह के आधार पर गोताखोर उतारे गए तो तीनों बच्चों के शव मिले। हरिकिशोर यादव का कहना है कि गांव के विनोद, रीतलाल, मनोज, नवल और शंभू ने जमीन विवाद को लेकर चल रहे निजी रंजिश की वजह से उनके पूरे परिवार के खात्मे की धमकी दी थी। एक सप्ताह पहले इसे लेकर झगड़ा हुआ था और इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## नागौर में बारिश के चलते ऐतिहासिक नकाश दरवाजे की दीवार ढही



**नागौर।** नागौर शहर में हाल की भारी बारिश के कारण मुख्य सड़क पर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक नकाश दरवाजे की दीवार ढह गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दीवार सड़क पर गुजर रहे एक व्यक्ति पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीक के लोगों ने टैक्सी में डाल कर अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज जारी है। बरसात के कारण कई जर्जर मकानों और दीवारों के ढहने की भी सूचना मिली है। स्थानीय प्रशासन और राहत कार्यकर्ताओं द्वारा स्थिति पर ध्यान दिया जा रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# अटल जी ने रखी थी आधुनिक भारत की नींव : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को दूर किया था।

सीएम योगी ने शुक्रवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की छठी पुण्यतिथि पर लोकभवन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश को सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण विकास का मॉडल अटल जी ने ही दिया था। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की सरकार में चलाए गए अंत्योदय के कार्यक्रम उनकी दूरदर्शिता को प्रदर्शित करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 25 दिसंबर 1924 को जन्मे अटल जी का लगभग छह दशक का



सार्वजनिक जीवन पूर्णतः निष्कलंक रहा। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु करार देते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में उनकी पहचान एक सर्वमान्य चेहरे के रूप में थी। अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सानिध्य में अटल जी ने अपने सार्वजनिक जीवन का शुभारंभ किया था। 1957 में वह बलरामपुर (वर्तमान में श्रावस्ती) से पहली बार सांसद चुने गए थे।

उन्होंने कहा कि अटल जी को लगातार 10 बार लोकसभा एवं दो बार राज्यसभा में जाने का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसमें वह पांच बार लखनऊ से सांसद चुने गए सीएम योगी ने कहा कि आज अटल जी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियां, उनकी कविताएं और भारतीय राजनीति के उनके मूल्य एवं सिद्धांत सदैव हमें एक नई प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अटल जी द्वारा किए गए प्रयासों को देश कभी विस्मृत नहीं कर सकता। अटल जी के प्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया।

## ओडिशा में गैस सिलिंडर विस्फोट में दो नाबालिग भाई-बहन की जलकर मौत

**एजेंसी**

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा में केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर थानांतर्गत आने वाले बालारामपुर गांव में रसोई गैस सिलिंडर विस्फोट में दो नाबालिग भाई-बहनों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान 11 वर्षीय अनुपमा साहनी और उनके आठ वर्षीय छोटे भाई ऋषि साहनी के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि घटना तब हुई, जब उनका फूस का घर रसोई गैस सिलिंडर के विस्फोट की चपेट में आ गया। दोनों बच्चे प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में पांचवीं और तीसरी कक्षा में पढ़ते थे।

पुलिस के मुताबिक, बच्चों की मां रसोई में खाना बना रही थीं, तभी गैस सिलिंडर फट गया और देखते ही देखते पूरा फूस का घर आग की चपेट में आ गया, जिससे दो नाबालिग बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई।बाद में दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। इसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केंद्रपाड़ा के जिला कलेक्टर स्मृति रंजन प्रधान और एसपी सिद्धार्थ कटारिया मौके पर पहुंचे और



मृतक बच्चों की मां को मुख्यमंत्री राहत कोष से 30,000 रुपये प्रदान किए। स्थानीय सरपंच ने हरिश्चंद्र योजना के तहत छह हजार रुपये दिये, जबकि बीडीओ ने मृतक के परिवार को पांच हजार रुपये दिये।

## सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का करे पालन : मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे।

बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पीएम द्वारा कल 15 अगस्त को लाल किले से बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा सभी धर्मों का एक-समान सम्मान के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की संवैधानिक व्यवस्था को 'कम्युनल' कहना क्या उचित है? सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे, यही सच्ची देश भक्ति व राजधर्म है।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि पीएम द्वारा देश की अपार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि की ज्वलंत राष्ट्रीय समस्याओं पर इससे प्रभावित करीब सवा सौ करोड़ लोगों में उम्मीद की कोई नई किरण नहीं जगा पाना भी कितना सही है? लोगों के 'अच्छे



दिन' कब आयेंगे?

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के अपने भाषण में यूनिवर्सल सिविल कोड यानी कि समान सिविल संहिता पर कहा अभी तक देश में जो कानून है वो कम्युनल सिविल कोड है, इसलिए देश को सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि जो कानून धर्म के नाम पर बांटते हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा हमारे देश का संविधान जोर देता है कि देश में समान सिविल संहिता की व्यवस्था होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी कहता रहा है कि देश में समान सिविल संहिता लागू किया जाए।

## 'एक देश, एक चुनाव' के उल्लेख के लिए जयराम ठाकुर ने पीएम मोदी का जताया आभार

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से 'एक देश, एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' लाने का संकल्प दोहराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

जयराम ठाकुर ने आज यहां पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के सभी लोगों को 15 अगस्त की बधाई दी। उन्होंने कहा, 'हम सब के लिए यह गौरव का विषय है कि पीएम मोदी ने लगातार 11वीं बार लाल किले पर तिरंगा फहराया। इसके लिए मैं उन्हें बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने लाल किले से 'एक देश, एक चुनाव' को देश की जरूरत बताया। साथ ही धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का भी जिक्र किया। पीएम ने सभी राजनीतिक दलों से 'एक राज्य, एक चुनाव' के लिए वातावरण बनाने का आह्वान किया। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम के भाषण की सराहना करते



हुए उन्होंने कहा, 'लाल किले के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री की उस बात के लिए भी मैं धन्यवाद देता हूं, जिसमें उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से 'एक राज्य, एक चुनाव' के लिए वातावरण बनाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त जिस तरीके से पीएम ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जिक्र किया। हम सब इस मिशन के लिए दिन-रात काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वह तीन गुना मेहनत करेंगे। हम सब उनकी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, और वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मैं इसके लिए उनको बहुत-बहुत बधाई देता हूं। बता दें, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने 97 मिनट के अपने भाषण में 'एक देश, एक चुनाव', 'यूसीसी, अर्थव्यवस्था, किसानों की आय समेत तमाम मुद्दों का जिक्र किया।

## महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर हरदोई के डॉक्टरों ने बंद की ओपीडी

**एजेंसी**

**हरदोई।** कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या, तथा अस्पताल में बाहरी तत्वों द्वारा तोड़फोड़ के बाद उत्तर प्रदेश के हरदोई में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने शुक्रवार को यहां हड़ताल किया और ओपीडी कक्ष पर ताला जड़ दिया। इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो गईं। डॉक्टरों की मांग उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने की है।

अस्पताल परिसर में धरना दे रही एक महिला डॉक्टर दीपा मौर्य ने कहा, 'देश में डॉक्टरों पर आए दिन अत्याचार होते हैं। अभी कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या हुई लेकिन उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। हम बस उस पीड़ित परिवार के साथ खड़े हो रहे हैं ताकि पीड़िता को न्याय मिले। लड़कियों को उनकी सुरक्षा के लिए घरों में बंद किया जा रहा है। उन्हें बंद



करके न रखा जाए। लड़कियों को इस बात की आजादी मिले कि वे रात में भी बेखौफ होकर घर से बाहर निकल सकें। उन्हें इस बात का खौफ न रहे कि कोई लड़का उनके साथ कुछ कर सकता है। जिले के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही शिवानी वर्मा कहती हैं, पश्चिम बंगाल में जो महिला डॉक्टर के साथ हुआ, हम उसके खिलाफ खड़े हैं ताकि उसे न्याय मिल सके। महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के बाद राज्य में काफी तनाव है। देश के अलग- अलग हिस्सों में डॉक्टर इस घटना को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

पिछले दिनों कोलकाता आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक महिला ट्रेनी डॉक्टर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। वह अस्पताल में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा थीं और चेस्ट मेडिसिन विभाग में हाउस स्टाफ के रूप में भी काम कर रही थीं। अस्पताल के कर्मचारियों ने दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर उनका शव देखा था प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो आरोपियों को फांसी की सजा दी जाएगी। एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।।मजन मौजूद रहे।

## भजनलाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन



**एजेंसी**

**जयपुर ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से अलंकृत अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें नमन किया।

श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर श्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दूरदर्शी एवं प्रगतिशील नेतृत्व में उन्होंने राष्ट्र को विकास के अभूतपूर्व शिखर तक पहुंचाया। एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों को सदैव स्मरण किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि उनके उदात्त विचारों, आदर्शों और मुलयों का अनुसरण करते हुए हमारी सरकार 'विकसित भारत 2047, विकसत राजस्थान' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्णतः संकल्पित हैं।

# बंगाल में ओपीडी सेवाएं ठप, आंशिक बंद

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर की कथित क्रूर बलात्कार और हत्या की पृष्ठभूमि में 'की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों के विरोध-प्रदर्शन के कारण राज्य के सरकारी अस्पतालों में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं शुक्रवार को आठवें दिन भी ठप रहीं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (एसयूसीआई) द्वारा किए गए अलग-अलग बंद के आह्वान के कारण निजी बसों की आवाजाही कम होने और राहगीरों के कम निकलने से कई कस्बों और जिलों में सामान्य जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हड़ताल पर राज्य सरकार के पूर्ण प्रतिबंध की अवहेलना करते हुए एसयूसीआई ने शुक्रवार सुबह छह



बजे से राज्य भर में 12 घंटे का बंद जारी रखा। रिपोर्टों में कहा गया है कि हाजरा में पुलिस और प्रदर्शनकारी एसयूसीआई सदस्यों के बीच हाथापाई हुई, तथा विभिन्न धरना स्थलों पर पुलिस और एसयूसीआई प्रदर्शनकारियों के बीच इसी तरह की झड़पें अन्य जिलों से भी हुई भाजपा बुधवार आधी रात को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शांतिपूर्ण विरोध स्थल पर हुई बर्बरता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में तोड़फोड़ के पीछे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का हाथ है। विपक्षी दलों ने हत्या के फॉरेंसिक सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश का आरोप लगाया है। कोलकाता पुलिस ने तोड़फोड़ के मामले में कल रात तक 19 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। सुश्री बनर्जी ने दावा किया कि अस्पताल में तोड़फोड़ के पीछे 'बाम और राम', माकपा और भाजपा का हाथ था।इस बीच, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ित परिवार ने क्रूर अपराध के बाद सरकार की ओर से घोषित मुआवजे को ठुकरा दिया और अपने लिए न्याय की मांग की। मृतका के पिता ने मीडिया से कहा, 'देश और दुनिया भर में हो रहे विरोध को लेकर मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। जो भी हमारे साथ खड़े हैं, मैं उन्हें अपना बेटा और बेटी मानता हूं...सीबीआई ने हमें आश्वासन दिया है कि हमने उन्हें जो कुछ भी बताया है, उसके आधार पर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

## करुणानिधि पर स्मारक सिक्का जारी करने पर स्टालिन ने केंद्र को धन्यवाद दिया

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने शुक्रवार को पांच बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे द्रमुक संरक्षक एम करुणानिधि की जयंती के उपलक्ष्य में सिक्का जारी करने की घोषणा के लिए केंद्र को धन्यवाद दिया।

श्री स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा, 'श्री करुणानिधि के पुत्र के रूप में और आप लोगों में से एक मैं उनकी छवि वाला सिक्का जारी करने के लिए भारत की केंद्र सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं। यह सिक्का भावी पीढ़ियों के लिए प्रकाश स्तंभ, हमारे अमर कलाकार के प्रसिद्धि रूपी ताज में एक और हीरा है।'श्री स्टालिन ने कहा कि श्री करुणानिधि की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जारी किये गये 100 रुपये के सिक्का पर मुथामिझारिंगर (इस नाम से श्री करुणानिधि को



प्यार से बुलाया जाता था) का चित्र और उनकी लिखावट में 'तमिल वेल्लम' (तमिल जीतेगा) अंकित है।

गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में 100 रुपये का सिक्का जारी करेंगे। श्री स्टालिन ने कहा कि यह सभी के लिए खुशी और गर्व का क्षण होगा।

उन्होंने कहा कि पांच बार मुख्यमंत्री रहने के दौरान आधुनिक तमिलनाडु का निर्माण करने वाले वास्तुकार की जन्म शताब्दी पर तमिलनाडु सरकार की ओर से हर जिले में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने मदुरै में मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सेंटेनरी लाइब्रेरी, चेन्नई के पास किलांबक्कम बस टर्मिनल के निर्माण की ओर भी इशारा किया, जिसका नाम श्री करुणानिधि के नाम पर रखा गया है। श्री स्टालिन ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से श्री करुणानिधि के सम्मान में रविवार शाम को शहर के कलैवनार आरंगम में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में किसी नेता की मृत्यु पर शोक प्रस्ताव केवल श्री करुणानिधि के लिए पारित किया गया था, जबकि वह संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे।

श्री स्टालिन ने कहा, %श्री करुणानिधि ने अपने 95 साल लंबे करियर और 81 साल के सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक, प्रशासनिक, कला, साहित्य, फिल्म उद्योग और पत्रकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डाला है।

## 60 हजार रुपये की नशीली दवाइयां जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**पटना।** पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के तहत 60 हजार रुपये की अवैध नशीली दवाइयां जब्त की हैं। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई, जिसमें ग्राम छिंदिया निवासी रामनारायण को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से एक हजार इंजेक्शन और एक हजार इविल बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की और रामनारायण को उसके अवैध दवाइयों के साथ पकड़ लिया। दवाइयों की बाजार में



मूल्य कई गुना अधिक था, जिससे पता चलता है कि आरोपी अवैध कारोबार में संलिप्त था। ड्रग इंस्पेक्टर विकास लकड़ा और थाना प्रभारी विनोद पासवान की अगुवाई में की गई इस कार्रवाई में अन्य स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

पटना पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि दवाइयां कहां-कहां सप्लाई की जाती थीं और इसके अन्य साथी कौन हो सकते हैं। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और अवैध नशीली दवाइयों के कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से अवैध नशीली दवाइयों के कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्यार को बचाने थाने पहुंची युवती., पुलिस ने घरवालों को बुलाकर थाने में ही करवाई शादी

**एजेंसी**

**छतरपुर।** कहते हैं कि जोड़ियां ऊपर से बनकर आती हैं। लेकिन, कई बार समाज और परिवार प्रेमी जोड़ों के बीच दीवार बन जाता है ऐसा ही एक मामला छतरपुर जिले के ललौनी से सामने आया। जहां एक ही समाज के युवक और युवती एक दूसरे से न सिर्फ प्यार करते थे बल्कि पूरी जिंदगी एक दूसरे के साथ गुजारना चाहते थे, लेकिन युवक के परिजन इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहे थे। लिहाजा युवती ने छतरपुर पहुंचकर महिला थाने में अपनी फरियाद सुनाई और महिला थाना प्रभारी की पहल और समझाइएश पर दोनों के परिजन मान गए और थाने में ही दोनों की शादी करवा दी गई। दरअसल ललौनी की रचना अहिरवार और सचिन अहिरवार पिछले 4 साल से




एक दूसरे को प्यार करते थे पर सचिन के घर वालों को यह रिश्ता मंजूर नही था। लेकिन, दोनों हर हाल में शादी करना चाहते थे। ऐसे में रचना ने छतरपुर महिला थाना पहुंचकर अपनी आप बीती थाना प्रभारी को सुनाई। जहां पर थाना प्रभारी ने दोनों के परिजनों को बुलाया और थाने में ही काउंसलिंग कर आखिरकार उन्हें राजी ही कर लिया। फिर क्या था थाने में ही जयमाला मंगाई गई और प्रेमी जोडा एक दूसरे को जयमल पहना कर शादी के बंधन में बंध गया। इसके साक्षी न सिर्फ परिजन बल्कि खुद थाना प्रभारी और पुलिस बनी। मिठाई भी बांटी गई और नव दंपति के दांपत्य जीवन के लिए सभी ने शुभकामनाएं दीं।



**ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें।**

# कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है ड्राइविंग

ड्राइविंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कॅरियर बनाने के बारे में शायद ही कोई युवा सोचता हो। यकीनन यह कोई फुल टाइम प्रोफेशन नहीं है लेकिन फिर भी अगर आप इसे एक कॅरियर या व्यवसाय के रूप में देखते हैं तो इसमें भी आपके विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन साबित हो सकता है, जो बहुत अधिक पढ़े-लिखे नहीं है, लेकिन फिर भी अच्छी आमदनी करके एक बेहतर जिन्दगी जीना चाहते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाकर आप किस तरह अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं-

## ऐसे बनाएं कॅरियर

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें। इसके अलावा अगर आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है तो इस स्थिति में आप कुछ ओला व उबर आदि में बतौर कार चालक अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

## योग्यता

यह एक ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसके लिए किसी खास प्रोफेशनल डिग्री की आवश्यकता हो। आपको बस एक वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता है और फिर कई ड्राइविंग स्कूल हैं जो आपको अपने आसपास के क्षेत्र में मिलेंगे। आप वहां से ड्राइविंग का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

अगर आप सच में अपने कॅरियर को ग्रोथ देना चाहते हैं तो इसके लिए आपमें कुछ स्किल्स का होना बेहद आवश्यक है। सबसे पहले तो आपको बेहद अच्छी तरह से कार ड्राइव करनी आनी चाहिए। यह आपके कॅरियर के लिए सबसे पहली और जरूरी शर्त है। इसके अलावा आप जिस शहर में हैं, वहां की सड़कों की आपको अच्छी जानकारी होनी चाहिए। वैसे इन दिनों जीपीएस के जरिए भी रास्तों के बारे में पता लगाया जा सकता है। वहीं आपमें बेहतर कम्युनिकेशन स्किल होना भी बेहद आवश्यक है। सारा दिन आपकी गाड़ी में कई कस्टमर आएंगे, आपका उनके प्रति व्यवहार कैसा होगा, इस पर काफी कुछ निर्भर करता है।

## संभावनाएं

इस क्षेत्र में कॅरियर ग्रोथ काफी अच्छी है। सबसे पहले तो आप ओला व उबर के अलावा कई ड्राइविंग कंपनियों में बतौर ड्राइवर काम कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो ड्राइविंग इंस्टीट्यूट में बतौर टेनर भी काम कर सकते हैं और दूसरे लोगों को कार चलाना सिखा सकते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को पर्सनल कार ड्राइवर की जरूरत होती है, आप उनके लिए भी काम कर सकते हैं। वहीं खुद भी कार या टैक्सी लेकर उसे ड्राइव कर सकते हैं। इस तरह आप खुद ही मालिक बन सकते हैं।





# लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो मिक्सोलॉजी में देख सकते हैं अपना कॅरियर

**एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।**

अगर आप उनमें से हैं, जिन्हें नौ से पांच की जॉब करना अच्छा नहीं लगता। आप अपनी लाइफ में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो ऐसे में मिक्सोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर देख सकते हैं। यह एक बेहद ही डिफरेंट कॅरियर ऑप्शन है। एक मिक्सोलॉजिस्ट एक व्यक्ति है जो कॉकटेल और मिश्रित पेय बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के मादक पेय और अन्य सामग्री को मिलाता है। आमतौर पर लोग मिक्सोलॉजिस्ट को बारटेंडर ही समझते हैं, लेकिन इनमें अंतर है। बारटेंडर केवल बार में होते हैं और केवल पहले से मौजूद ड्रिंक्स को ही बनाते हैं। जबकि मिक्सोलॉजिस्ट कई नए तरह के कॉकटेल बनाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस कॅरियर के बारे में बता रहे हैं-

## क्या होता है काम

एक मिक्सोलॉजिस्ट का काम बारटेंडर की तुलना में अधिक विस्तृत होता है। वे कई तरह की ड्रिंक्स को मिक्स करके एक नया पेय पदार्थ बनाने के अलावा, बार को आर्गेनाइज करना, कस्टमर्स को नए ड्रिंक्स के बारे में बताना और उन्हें एंटरटेन करना, नए पेय पदार्थों का सुझाव देना और मेन्यू में कुछ नए पेय पदार्थों को शामिल करना होता है। यह एक ऐसी जॉब है, जिसमें आप हर दिन कुछ नए एक्सपेरिमेंट करते हैं और खुद को एक्सप्लोर करते हैं। हालांकि यहां पर काम के कोई निश्चित घंटे नहीं होते।

## स्किल्स

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए किसी निश्चित डिग्री का होना आवश्यक नहीं है। आपके स्वाद की समझ ही आपको आगे लेकर जाती है। हालांकि, ज्यादातर कंपनियां ऐसे मिक्सोलॉजिस्ट को पसंद करती हैं जिनके पास बारटेंडिंग लाइसेंस होता है। उम्मीदवार किसी भी कंपनी में अल्पकालिक भुगतान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## संभावनाएं

यकीनन यह एक अलग कॅरियर क्षेत्र है, लेकिन फिर भी अगर आप अपने काम में अच्छे हैं तो आपके पास काम की कोई कमी नहीं होने वाली है। आप बार या रेस्टोरेंट के अलावा, क्लब, पब, होटल, टैवर्न आदि में बेहद आसानी से काम कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ कंपनियां फूड एंड बेवरेज शो या फिर कई मार्केटिंग इवेंट्स में अपनी सर्विसेज देने के लिए भी मिक्सोलॉजिस्ट को हायर करती हैं। इस तरह के इवेंट्स में आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

## आमदनी

एक मिक्सोलॉजिस्ट की सालाना पूरी तरह से उस क्लब / रेस्तरां / बार पर निर्भर करेगा जिस पर वह काम कर रहा है। फिर भी शुरूआती दौर में आप दो से तीन लाख रूपए सालाना आसानी से कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, लखनऊ
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कोलकाता
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, मुंबई
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमैंट कैटरिंग टैक्नोलॉजी- एप्लाईड नुट्रीसन, कोलकाता
- सेंटमेरी कॉलेज, बैंगलोर
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, शिमला

# कैसे बनें लेखपाल ? जानें योग्यता, एग्जाम पैटर्न, सैलरी व सभी जानकारी

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं।

आजकल अधिकतर युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं। लेकिन सरकारी नौकरी पाना इतना आसान नहीं हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी सरकारी नौकरी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरुरी नहीं है।

आज हम आपको बताएंगे कि आप लेखपाल कैसे बन सकते हैं -

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं। आजकल युवाओं में इस पद की डिमांड बहुत ज्यादा है। लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू देना होता है।

लेखपाल दो तरह के होते हैं - राजस्व लेखपाल और चकबंदी लेखपाल। राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं और राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं।

## योग्यता

- आपको किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं पास होना चाहिए। मिनिमम परसेंटेज की कोई शर्त नहीं होती।
- उम्मीदवार के पास कम्प्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।

## आयु सीमा

लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष और 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाती है।

## लेखपाल बनने की परीक्षा

लेखपाल बनने के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू ये दो चरण होते हैं। लिखित परीक्षा 100 नंबर की होती है। इसके लिए 90 मिनट दिए जाते हैं। इसमें माइनस मार्किंग नहीं होती। परीक्षा में हिन्दी, सामान्य ज्ञान, गणित और ग्राम समाज और विकास के प्रश्न पूछे जाते हैं। हर सेक्शन में 25-25 प्रश्न होते हैं। लेखपाल की परीक्षा के लिए सामान्य ज्ञान, हिंदी सामान्य गणित और सामाजिक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू दोनों को मिलाकर जो भी मार्क्स मिलते हैं उसी के आधार पर लेखपाल को चुना जाता है।

## सैलरी

एक लेखपाल की सैलरी 5200-20200 रूपए प्रतिमाह पे-ग्रेड के अनुसार होती है। लेखपाल एक क्लैरिकल पोस्ट है जो ग्रुप सी के अंतर्गत आती है।





# टिफिन सर्विस का बिजनेस शुरू कर कमा सकते हैं लाखों

**साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।**

कोरोनावायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और इस दौर में कई जमे जमाए बिजनेस और दूसरे प्रोफेशनों की कमर टूट चुकी है। कई लोगों की इस आपदा में नौकरी गई है तो कई लोगों का बिजनेस चौपट हुआ है। सबसे अधिक असर पड़ने वाली इंडस्ट्रीज में, फूड इंडस्ट्री पर निश्चित रूप से बड़ा असर पड़ा है। होटल, ढाबे जहां पर लोग इकट्ठे होकर खाना खाते थे, वहां बिजनेस जबरदस्त ढंग से प्रभावित हुआ है। पर लोगों की खाना खाने की जरूरतें तो कम नहीं हुई हैं, ऐसे में कई जगहों पर सुरक्षित टिफिन सर्विस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ सकता है। आइए देखते हैं इसकी कहां कहां और किस प्रकार उपयोगिता है और आप इसके जरिए किस प्रकार शुरुआत कर सकते हैं और किस प्रकार कमाई कर सकते हैं।

## कारोबार को समझना जरूरी

ध्यान रखने वाली बात यह है कि बिजनेस चाहे कोई भी हो, किंतु उसे समझना एवं प्रबंधित करने का ढंग आपको वास्तविक रुप से उसका फायदा दिलाता है। अगर आप किसी बिजनेस को ठीक ढंग से मैनेज कर पाते हैं तो भारी मुनाफा और अच्छी क्रेडिबिलिटी हासिल कर सकते हैं। आखिर यूं ही तो आईआईएम से बड़े संस्थानों से निकले लोग सब्जी बेचकर या कोई छोटा मोटा रोजगार करके, या फिर खेती करके लाखों नहीं कमाते हैं? उनके कमाने के उदाहरणों से प्रबंधन के गुणों को सीखना जरूरी है।

कारोबार को प्रबंधित करने से पहले कारोबार को समझना और ग्राउंड वर्क करना जरूरी है। आप जिस भी क्षेत्र में रहते हों, आस पास अगर कोई टिफिन सर्विस चलती है तो उसके पास खुद एक ग्राहक बनकर जाएँ और देखें कि वहां पर किस प्रकार से आपको टिफिन दी जाती है, उसके रेट क्या है, सब्जी इत्यादि की वैरायटी क्या है, अलग-अलग दिनों में वेज और नॉनवेज का कॉम्बिनेशन क्या है? इतना ही नहीं, खाने की क्वालिटी कैसी है, डिलीवरी की टाइमिंग इत्यादि किस प्रकार से मैनेज किया जाता है, इन सब बातों को जब एक ग्राहक के तौर पर समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको इसकी बारीकियां समझ आ जायेंगी।

## कस्टमर मैनेजमेंट और मार्केटिंग

यह एक बेहद महत्वपूर्ण फैक्टर है। जब आप एक कारोबार को समझ लेते हैं और ग्राउंड वर्क कर लेते हैं तो आपके सामने बड़ी चुनौती आती है कि कस्टमर आप किस प्रकार से ढूँढें? तो इसके लिए आपको एडवर्टाइजमेंट करना पड़ेगा। इसके लिए आप खुद कैनवा जैसी ऑनलाइन सर्विस का प्रयोग करके अपनी टिफिन सर्विस का बैनर बना लें और व्हाट्सएप पर शेयर करें, खासकर उन कांटेक्ट में, जिस एरिया में आप बिजनेस करना चाहते हैं। शुरुआत में अगर आप के जानकार और आपके परिचित पहले ग्राहक बनते हैं, तो यह सबसे उत्तम होगा। एक तो ऑलरेडी वह आपको जानते हैं और दूसरे शुरू में विश्वास बनाने में आपको आसानी हो जाएगी। यह कार्य व्हाट्सएप पर आप आसानी से कर लेंगे, किंतु सिर्फ जानकारों में आप यह कार्य बढ़ा नहीं पाएंगे। कारोबार बढ़ाने के लिए आपको पंपलेट छपवाने पड़ेंगे और आसपास के एरिया में डिस्ट्रीब्यूटर करना पड़ेगा। वह हॉस्टल हो सकता है, कंपनी हो सकती है, या कोई लोकलिटी हो सकती है। कस्टमर जब आपके बनने लगेंगे, तो उसको प्रबंधित करने में और क्वालिटी देने में आप चूक ना करें। ध्यान रखें, यह 21वीं सदी है और यहां पर जितनी बेहतरीन क्वालिटी और सर्विस आप देंगे, आपके ग्रो करने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कम लागत के लिए पहले एकाध कस्टमर से ही शुरू करें, और अनुभव के साथ महीने बाद कारोबार को गति दें।

ध्यान रहे कि यह बिजनेस ना केवल शहर में, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और यहां तक कि गांव तक में चलने लगा है। गांव में कई घरों में बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं, जो अकेले होते हैं। उनके बच्चे दूर शहरों में रोजी रोटी के लिए गए होते हैं, तो उनके लिए भी यह बेहद उपयोगी सर्विस है। ऐसे में निश्चित रूप से आपको इससे पुण्य और पैसा दोनों मिल सकता है।

### कुछ महत्वपूर्ण बातें

- साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।
- मेन्यू अपडेट करते रहें। साथ ही ध्यान रखें कि स्वाद के चक्कर में ऐसा नहीं होना चाहिए कि कस्टमर के हेल्थ से समझौता हो जाए। कल्पना करें कि अगर कोई खाना खाने के बाद कस्टमर का पेट खराब हो जाता है या उसे अन हेल्दी फील होता है तो आप अपने ग्राहक खो देंगे। हां! स्वाद के लिए अपने मैन्यू में आप कोई मिठाई या दूसरी चीजें अपडेट करते रह सकते हैं।
- कस्टमर के फीडबैक के आधार पर किसी दिन उसकी पसंद का मैन्यू जरूर बना सकते हैं। त्यौहार इत्यादि के दिन पूरी या ऐसी दूसरी लोकल डिश कस्टमर को टेस्ट करा सकते हैं, पर यह कस्टमर के फीडबैक के आधार पर ही होना चाहिए।
- समय का पालन बहुत जरूरी है। अगर सुबह ब्रेकफास्ट 8:00 बजे पहुंचाते हैं, तो यह किसी हालत में 8 से लेट नहीं होना चाहिए, बहुत पहले भी नहीं होना चाहिए। समय पर डिलीवरी आपके बारे में एक बेहतरीन राय कायम करेगी। अगर किसी कारण वश देरी होने की सम्भावना है तो व्हाट्सअप या कॉल पर कस्टमर को अपडेट जरूर कर दें।

# कबड्डी स्टार प्रदीप और मनिंदर ने पीकेएल सीजन 11 की नीलामी से पहले ध्वजारोहण समारोह में लिया हिस्सा



**एजेंसी**

**मुंबई।** अनादि काल से, कबड्डी भारतीय खेल जगत में सबसे अधिक अनुसरण किए जाने वाले और पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक रहा है। जैसा कि राष्ट्र ने अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया, कबड्डी, वह खेल जो भारत की संस्कृति में इतनी गहराई से निहित है, उस समय केंद्र में आ गया जब प्रो कबड्डी लीग के सितारे प्रदीप नरवाल और मनिंदर सिंह एक विशेष ध्वजारोहण समारोह के लिए सरकारी स्कूल मुंबई पब्लिक स्कूल पहुंचे। समारोह के बाद, देश के सबसे पसंदीदा कबड्डी खिलाड़ियों में से एक प्रदीप और मनिंदर ने स्कूल की कबड्डी टीम के साथ एक मजेदार सत्र बिताया। इसके बाद, खेल के दो दिग्गजों ने प्रो कबड्डी लीग की ओर से मुंबई पब्लिक स्कूल को उपहार और प्रशंसा का प्रतीक भेंट किया। समारोह का समापन स्कूल द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

# भारत 84 एथलीटों का भेज रहा अपना सबसे बड़ा दल, 32 महिला एथलीट शामिल

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालिम्पिक्स 2024 फ्रांस की राजधानी में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। भारत इन खेलों के लिए 84 एथलीटों के साथ अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। टोक्यो में भारत ने 54 एथलीट भेजे थे, जिनमें सिर्फ़ 14 महिलाएँ थीं। पेरिस के लिए, दल में 84 एथलीट शामिल किए गए हैं, जिनमें 32 महिलाएँ हैं।टोक्यो पैरालिंपिक में भारत ने 19 पदक जीते थे, जिनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य शामिल हैं। इस बार देश को अपने पदकों की संख्या में इज़ाफा करने की उम्मीद होगी।


**पेरिस 2024 पैरालिंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों की पूरी सूची इस प्रकार है-**

पैरा तीरंदाजी (6):- हरविंदर सिंह - पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व ओपन, मिश्रित टीम रिकर्व ओपन (श्रेणी - एसटी), राकेश कुमार - पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन, मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन (श्रेणी - डब्ल्यू2), श्याम सुंदर स्वामी - पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन, मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन (श्रेणी - एसटी), पूजा - महिला व्यक्तिगत रिकर्व ओपन, मिश्रित टीम रिकर्व ओपन (श्रेणी - एसटी), सरिता - महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन, मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन (श्रेणी - डब्ल्यू2), शीतल देवी - महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन, मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन (श्रेणी - एसटी)।

# बार्सा और स्पेन के स्टार फुटबॉलर लामिन यामल के पिता पर कार पार्क में चाकू से हमला

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना और स्पेन के विंगर लामिन यामल के पिता पर कार पार्क में एक अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। ला वैनगार्डिया' समाचार पत्र के अनुसार, बार्सिलोना के उत्तर में माटारो शहर,जहाँ वे वर्तमान में रहते हैं, में एक कार पार्क में मुनीर नसरौई पर अज्ञात हमलावर ने चाकू से कई वार किये, उन्हें गंभीर हालत में बार्सिलोना के ठीक बाहर स्थित बाडालोना के कैन रूटी अस्पताल ले जाया गया।कैटलन क्षेत्रीय पुलिस बल 'मोसोस डी' एस्क्वाड्रा' बार्सिलोना के स्टार खिलाड़ी के पिता पर हुए हमले की जांच कर रहा है, जो हाल ही में यूरोपीय चैंपियनशिप के सितारों में से एक थे। पुलिस को इस घटना के कई गवाह मिले हैं। हालांकि इस हमले के बारे में अभी भी बहुत कम जानकारी मिली है।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने नए अनुबंध विस्तार पर किए हस्ताक्षर



**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडिस ने एक अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वह जून 2027 के अंत तक ओल्ड ट्रैफर्ड में रहेंगे, साथ ही 2028 तक अपने प्रवास को बढ़ाने का विकल्प भी उनके पास है। नया अनुबंध नए प्रीमियर लीग सीज़न की शुरुआत करने की कगार पर खड़े क्लब के लिए एक बढ़ावा है। 29 वर्षीय पुर्तगाली मिडफील्डर जनवरी 2020 में स्पोर्टिंग क्लब डी पुर्तगाल से मैनचेस्टर यूनाइटेड चले गए और उन्होंने 234 मैचों में 79 गोल किए हैं, साथ ही 67 असिस्ट भी दिए हैं। उन्होंने पहले 2022 में एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, और यह 2026 में समाप्त होने वाला था। उन्हें 2023 की गर्मियों में हैरी मैगुएर से पहले क्लब कप्तान के रूप में नामित किया गया था। क्लब की वेबसाइट के हवाले से ब्रूनो ने कहा, हर कोई जानता है कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए मेरे पास कितना जुनून है। मैं देख सकता हूं कि भविष्य कितना सकारात्मक होने वाला है, और मैं इस टीम को आगे ले जाने का आनंद ले रहा हूं। मैं इस शर्ट को पहनने की जिम्मेदारी और महत्व व इस अविश्वसनीय क्लब का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक समर्पण और इच्छा के स्तर को समझता हूं।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में नागरिक एकादश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से किया पराजित

**एजेंसी**

**नवादा।** नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम के मैदान में शुक्रवार को प्रशासन एकादश तथा नागरिक एकादश के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया,जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों तथा समाज के खिलाड़ियों ,पत्रकारों ,बुद्धिजीवियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में नागरिक एकदश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से हराकर विजेता का खिताब जीत लिया । जिला प्रशासन उप विजेता बने। प्रशासन एकादश की कप्तानी एसपी अंबरीश राहुल ने की। नागरिक एकादश की कप्तानी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ने की ।दोनों ओर के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने की ।मौके पर उप- विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ,एडीएम चंद्रशेखर आजाद सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे। क्रिकेट टूर्नामेंट में एसपी अंबरीश राहुल को बेस्ट बैट्समैन तथा पत्रकार डॉक्टर संजय कुमार सुमन उर्फ साकेत बिहारी को बेस्ट बॉलर के किताब से नवाजा गया। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने दोनों पक्ष के खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड देकर सम्मानित किया ।उन्होंने कहा कि खेल भाईचारा का सबसे बड़ा माध्यम है। इस तरह के खेल के आयोजन से प्रशासन और नागरिकों के बीच मधुर संबंध बनते हैं, जिस कारण प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त बनी रहती है उन्होंने कहा कि कई मौके आएंगे जब नागरिक एकादश तथा जिला प्रशासन एकादश के बीच टूर्नामेंट के साथही कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी ।

इस अवसर पर समाजसेवी आरपी साहू रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रसिद्ध व्यवसाय श्याम अग्रवाल ,मनीष आनंद गुलशन कुमार आदि ने खिलाड़ी के रूप में शामिल थे। प्रशासन एकादश तथा नागरिक एक आदर्श क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में या दूसरी मौका है जब नागरिक एक आदर्श ने प्रशासन का 10 को पराजित कर विजेता का खिताब जीत लिया है।

# राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख बने रहेंगे वीवीएस लक्ष्मण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल कम से कम एक साल के लिए बढ़ाएंगे। उनका शुरुआती तीन साल का अनुबंध इस सितंबर तक था।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, लक्ष्मण को आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी मुख्य कोच पद के लिए चुन रही थी, लेकिन अब एनसीए में उनकी ड्यूटी के कारण यह पद संभव नहीं है। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों शितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और ऋषिकेश कानितकर सहित कोचों की उनकी टीम द्वारा सहायता प्रदान किए जाने की संभावना है। लक्ष्मण के अनुबंध का विस्तार बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक नए अत्याधुनिक एनसीए परिसर के उद्घाटन से पहले हुआ है, जिसकी नींव कर्नाटक सरकार द्वारा 99 साल के पट्टे पर भूमि स्वीकृत किए जाने के 14 साल बाद जनवरी 2022 में रखी गई थी।

माना जा रहा है कि एनसीए में कम से कम 100 पिचें, 45 पिचों वाली इनडोर सुविधाएं, तीन अंतरराष्ट्रीय आकार के मैदान, एक आधुनिक पुनर्वास केंद्र, आवास सुविधाएं और ओलंपिक आकार के पूल के अलावा कई अन्य सुविधाएं होंगी। एनसीए निर्माण के अंतिम चरण में है। अगले साल की शुरुआत से इसके चालू होने की संभावना है। लक्ष्मण की चुनौतियों में से एक पहले से ही व्यापक इंडिया ए टूर प्रोग्राम को आगे बढ़ाना होगा, जिसे उन्होंने राहुल द्रविड़ के कार्यकाल से आगे बढ़ाया है। हालांकि, हाल ही में व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण इसमें बाधा आई है। एनसीए में अपने पहले तीन साल के कार्यकाल के दौरान, लक्ष्मण ने चोट प्रबंधन, खिलाड़ी पुनर्वास, कोचिंग कार्यक्रमों और वरिष्ठ टीमों, आयु-समूह और महिला क्रिकेट के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए निर्धारित मजबूत प्रक्रियाओं पर काम किया है।

# दो ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीज़न की हुई शुरुआत

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ और गेटाफे ने गुरुवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में 1-1 से ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीज़न की शुरुआत की। एथलेटिक के आक्रामक मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने 27वें मिनट में मैच का पहला गोल किया, हालांकि क्रिसेंटस उचे, जो पहली बार ला लीगा में खेल रहे थे, ने 64वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी दिला दी। स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निको विलियम्स 20 मिनट के खेल के बाद एथलेटिक के लिए मैदान पर आए और कुछ मिनटों तक जादू



दिखाया, लेकिन गेटाफे के गोलकीपर डेविड सोरिया ने कुछ महत्वपूर्ण बचाव किए। अंत में मैच 1-1 से ड्रा रहा। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने वाली गिरोना को सेविले के बेनिटो विलामारिन स्टेडियम में बेटिस के खिलाफ एक अंक से संतोष करना होगा। मार्क बार्ट्रा ने कॉर्नर के बाद खेल के पांचवें मिनट में ही बेटिस को आगे कर दिया। घरेलू टीम ने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर मौके बनाए, जिसने गेंद पर अधिक नियंत्रण किया। हालांकि गेब्रियल मिसेहौय ने मैच में पदार्पण करने के एक मिनट बाद ही 72वें मिनट में गोल कर गिरोना को 1-1 से बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

शेष मैच आगामी चार दिनों में खेले जाएंगे, जिसमें एफसी बार्सिलोना शनिवार को वेलेंसिया का दौरा करेगा, जबकि रियल मैड्रिड रविवार रात को मैलोर्का में होगा।

# आगामी एसए20 सीज़न के लिए एमआई केपटाउन में शामिल हुए बेन स्टोक्स, ट्रेंट बोल्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एमआई केपटाउन ने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और दो बार के व्हाइट-बॉल विश्व कप विजेता बेन स्टोक्स के साथ-साथ स्टार न्यूजीलैंड के स्विंग-गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को एसए20 के आगामी सीजन के लिए अपनी टीम में शामिल किया है।

स्टोक्स न्यूलैंड्स में लौटने के लिए तैयार हैं, जहां उन्होंने अब तक की सबसे महान पारियों में से एक खेला था, जब उन्होंने प्रोटियाज के खिलाफ 198 गेंदों में शानदार 258 रन बनाए थे। स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 2019 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड को अविश्वसनीय रूप से जीत दिलाई, जहां उन्होंने मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 84 रन बनाए। स्टोक्स ने तीन साल बाद एमसीजी में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कुल मिलाकर, स्टोक्स ने 159 टी20 मैचों में 24.77 की औसत और 133.23 की स्ट्राइक-रेट से 3023 रन बनाए हैं। इसी तरह, उन्होंने 30.38 की औसत से 90 विकेट लिए हैं। स्टोक्स वर्तमान में द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते समय हैमस्ट्रिंग फटने के बाद चोटिल हैं, लेकिन अक्टूबर में इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। इस बीच, बोल्ट अब एमआई केपटाउन में स्टोक्स के साथ जुड़ेंगे। बोल्ट ने 2019 में लॉर्ड्स में स्टोक्स को अंतिम ओवर और सुपर ओवर दिया था। बोल्ट को अपनी पीढ़ी के सबसे बेहतरीन बाएं हाथ के गेंदबाजों में से एक माना जाता है।

# कैमरून ने फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम

**एजेंसी**

**याउंडे।** कैमरून फुटबॉल महासंघ (फेकाफुट) ने अगले महीने कोलंबिया में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित कर दी है। कैमरून की राजधानी याउंडे में प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविर के पूरा होने के बाद 24 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दिया गया। इसमें मुख्य रूप से घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

खेल विश्लेषक जेम्स मालू ने सिन्हुआ से कहा, स्पेन और फ्रांस में खेलने वाले कुछ ही खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं, जिसका मतलब है कि कैमरून कोलंबिया में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपनी स्थानीय प्रतिभाओं को दिखाना चाहता है। ये लड़कियां अच्छी हैं और अच्छा प्रदर्शन करने का वादा करती हैं।टीम की अगुआई मिडफील्डर नाओमी एटो करेंगी। एटो ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमें ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और मेजबान कोलंबिया से बने एक कठिन समूह में रखा गया है। जब हम वहां जाएंगे तो हमारा ध्यान अपने काम पर रहेगा। हम वहां जीतने के लिए भी जा रहे हैं क्योंकि हम जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहली बार है जब



इंडोमिटेबल लायनेसेस 24 टीमों के टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

**कैमरून की अंडर-20 टीम इस प्रकार है-**

गोलकीपर- बिया कैथी, एनजीओले चेल्सी, एनजीए कैलिस्टे चैंटल।

डिफेंडर्स- माग मैरिएन इनेस, एस्सिमी इवौडो मार्लेन, डजची सेनिंग ऑर्लाइन, नगासेह एमबेले बर्नाडेट, एमबीएंडजी सूजी, यंगा जेह एस्टेले लिन्सी, एनजीओनो मैरी विक्ट्री।

मिडफील्डर्स- एनजॉक पौहे निकोल, दिवाविसा टोडौ तोइरे, टोको नजोया अख्ता, अजांग मवेम्बे बेरेनिस सिमोन, नाओमी एटो, मेगुयेप न्गुयेप एंजेला, एनजीओक मोनिक।

फॉरवर्ड्स- कैमिला यवेटे दाहा, मेंडौआ ग्रेस डेविला, न्गाएलु सूफ़िया नीना, लामिन माना, एंगनेम्बेन एनी फ़ेलिशिया टाउटिना, मेवा किकी क्रिस्टियन, एनजीओ बिलोंग एंड्री एम.।

# चमारी अटापट्टू ने सिडनी थंडर के साथ तीन सत्र के लिये किया करार

**एजेंसी**

**सिडनी ।** सिडनी थंडर ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024-25 से पहले प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के जरिए अगले तीन सत्र के लिए श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला है।

अटापट्टू , जो पिछले सीज़न में थंडर के लिए एक अनड्राफ्टेड खिलाड़ी के रूप में खेली थीं, ने उनके रोस्टर में चौथा विदेशी स्लॉट भरा। उन्होंने थंडर के चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेयर-ऑफ़-द-टूर्नामेंट प्रदर्शन के साथ सीज़न का समापन किया, जिसमें उन्होंने 42.46 की औसत से 552 रन बनाए और नौ विकेट लिए। अटापट्टू ने एक बयान में कहा, अगले तीन सत्रों के लिए सिडनी थंडर के साथ जुड़ना एक आसान निर्णय था, क्योंकि मैं इस क्लब के विजन में विश्वास करती हूं और मैं इसकी भविष्य की सफलता का हिस्सा बनना चाहती हूं। उन्होंने कहा, मेरे सिडनी थंडर परिवार में प्यार करने के लिए बहुत कुछ है। मेरे साथी सिर्फ़ सहकर्मी नहीं हैं; वे दोस्त हैं जो हर दिन एक-दूसरे को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं, जो मेरे लिए महत्वपूर्ण है। वेस्टर्न सिडनी सिडनी थंडर का दिल और आत्मा है और इस तरह के विविधतापूर्ण और जीवंत समुदाय का



प्रतिनिधित्व करना एक विशेषाधिकार है। यह अब तक एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, और मैं आगे आने वाले समय के लिए बहुत उत्साहित हूँ। पिछले सीज़न के विपरीत जहाँ डब्ल्यूबीबीएल में विदेशी खिलाड़ियों को एक साल के आधार पर अनुबंधित किया गया था, अटापट्टू ने लीग के नए बहु-वर्षीय अनुबंध प्रावधान के तहत हस्ताक्षर किए हैं। यह प्रत्येक क्लब को ड्राफ्ट के बाहर तीन साल तक के लिए एक विदेशी खिलाड़ी को साइन करने की अनुमति देता है, जो 1 सितंबर को होगा। सिडनी थंडर के जनरल मैनेजर ट्रेंट कोपलैंड ने कहा, चमारी निश्चित रूप से एक असाधारण क्रिकेट खिलाड़ी हैं, लेकिन वह एक असाधारण इंसान भी हैं, जो टीम और प्रशंसकों को प्राथमिकता देती हैं। हम जानते हैं कि अन्य टीमें उन्हें साइन करने में रुचि रखती थीं, लेकिन हमने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया कि वह वापस आएं। पिछली गर्मियों में जिस तरह से उन्होंने हमारे सदस्यों और प्रशंसकों को अपनाया और उनसे जुड़ीं, वह देखना बहुत खास था और मैदान पर उनका डब्ल्यूबीबीएल का एक बेहतरीन सीजन रहा।

# चेन्नईयिन एफसी ने भारतीय लेफ्ट-बैक विग्नेश दक्षिणमूर्ति के साथ किया 4 साल का करार

**एजेंसी**

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने 26 वर्षीय डिफेंडर विग्नेश दक्षिणमूर्ति के साथ चार साल का करार पूरा कर लिया है। विग्नेश, जो मिडफील्ड में भी खेल चुके हैं और चेन्नईयिन बैकलाइन में बहुमुखी प्रतिभा और अनुभव जोड़ते हैं, इस गर्मी में क्लब के 12वें खिलाड़ी बन गए हैं, वे मंदार राव देसाई और पीसी लालडिनपुइया जैसे खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।करार पर विग्नेश ने कहा, घर जैसा महसूस हो रहा है। शहर और चेन्नईयिन का प्रतिनिधित्व करके वाकई में बहुत खुश और गौरवान्वित हूं। मैं शहर और क्लब की समृद्ध संस्कृति से वाकिफ हूं, इसलिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा और क्लब की सफलता का हिस्सा बनूंगा।

मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा, एक और प्रतिभाशाली युवा भारतीय खिलाड़ी को साइन करके बहुत खुशी हुई, जिसने पहले ही आईएसएल में शानदार क्षमता दिखाई




है, हमें उसे साइन करने के लिए अन्य क्लबों से बहुत प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। विग्नेश हमारी टीम में एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

विग्नेश ने अपने करियर की शुरुआत बेंगलुरु के ओजोन एफसी से की, जिसके लिए उन्होंने छह साल तक खेला, तीन अकादमी में और तीन पहली टीम के साथ। उन्होंने 17 साल की उम्र में अपना सीनियर डेब्यू किया और 2018 आई-लीग 2 के फाइनल राउंड में ओजोन के स्टार परफॉर्मर्स में से एक थे। उसी वर्ष, उन्होंने मुंबई सिटी एफसी के साथ इंडियन सुपर लीग में कदम रखा और चार एएफसी चैंपियंस लीग प्रदर्शनों सहित प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 60 से अधिक बार आइलैंडर्स का प्रतिनिधित्व किया।

आगे बढ़ने और कुशल ट्रैकिंग बैक के साथ, विग्नेश ने मुंबई सिटी में रहते हुए लेफ्ट बैक बर्थ को अपना बनाया। वह दो आईएसएल शील्ड्स (2021 और 2023) और एक आईएसएल कप (2021) जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। मुंबई सिटी में पाँच साल बिताने के बाद, विग्नेश 2023-24 सीज़न से पहले हैदराबाद एफसी में शामिल हो गए। उन्होंने इस साल जनवरी में ओडिशा एफसी में लोन पर शामिल होने से पहले हैदराबाद के लिए छह मैच खेले। उन्होंने जुगर्नॉट्स के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 17 बार प्रदर्शन किया। विग्नेश 2018 सैफ चैंपियनशिप में उपविजेता रही भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

# कबड्डी पहली बार ग्लोबल महिला लीग के लिए तैयार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) वर्ल्ड कबड्डी के साथ मिलकर सितंबर में पहली बार ग्लोबल महिला कबड्डी लीग का आयोजन करने जा रहा है। लीग में 15 से अधिक देशों की महिला एथलीट हिस्सा लेंगी, क्योंकि ग्लोबल प्रवासी महिला कबड्डी लीग (जीपीकेएल) अपनी तरह का पहला टूर्नामेंट है।

लीग की शुरुआत हरियाणा में होगी, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर महिला कबड्डी को बढ़ावा देना और विकसित करना है। इसमें 15 से अधिक देशों की टीमें भाग लेंगी। इंग्लैंड, पोलैंड, अर्जेंटीना, कनाडा और इटली जैसे देशों सहित विविध पृष्ठभूमि के एथलीटों ने लीग में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है।

एचआईपीएसए के अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने कहा, यह लीग हमारी सरकार की भारतीय धरती पर ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा और हमारे स्वदेशी खेल कबड्डी में विभिन्न महाद्वीपों की टीमों के भाग लेने की इच्छा से उपजी है, जिसमें भारत इस खेल में एक स्वाभाविक शक्ति है, जो हमारे स्वर्ण पदकों की संख्या में इजाफा करेगा।

लीग का उद्देश्य कबड्डी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना है, जो इस खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और 2036 में इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने के भारत के दावे का समर्थन करता है। इस सपने को आगे बढ़ाने के लिए एचआईपीएसएने हरियाणा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। कबड्डी सबसे पुराना खेल है और प्राचीन काल से भारतीय उपमहाद्वीप में रहा है। इसे 1990 में एशियाई खेलों में एक पूर्ण खेल के रूप में शामिल किया गया था, जबकि 2010 में महिलाओं के आयोजन की शुरुआत की गई थी।

एशियाई खेलों 2023 में, भारत ने कबड्डी में पुरुष और महिला दोनों खिताब जीते, जिससे इस खेल में उनका दबदबा कायम हुआ।

# एडिलेड स्ट्राइकर्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन को मुख्य कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन को बिग बैश लीग (बीबीएल) की टीम एडिलेड स्ट्राइकर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। बीबीएल के पिछले सीजन में पेन जेसन गिलेस्पी के सहायक थे, हालांकि, अब गिलेस्पी के जाने के बाद 39 वर्षीय को यह भूमिका निभाने के लिए पदोन्नत किया गया है।पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ऑस्ट्रेलिया ए के लिए एडम वोजेस के सहायक थे और उन्होंने अंडर-19 सेट-अप के साथ भी काम किया है और अपने कोचिंग करियर में तेजी से विकास देखा है। पेन ने कहा कि वह दिसंबर में बीबीएल 14 में अपनी आगामी भूमिका को लेकर उत्साहित हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने पेन के हवाले से कहा, मैं इस तरह के एक सुस्थापित और मजबूत समर्थित क्लब को कोचिंग देने के अवसर से सम्मानित और उत्साहित हूं और मैं दिसंबर में बीबीएल 14 की शुरुआत का इंतजार नहीं कर सकता। पिछले साल एडिलेड में समय बिताने के बाद, मेरा मानना है कि स्ट्राइकर्स टीम और पूरे दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में काफी संभावनाएं हैं ।

# स्कॉटलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ त्रिकोणीय टी20 सीरीज से बाहर हुए स्पेंसर जॉनसन

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन द हंड्रेड में द ओवल इंविंसिबल्स के लिए खेलते समय साइड इंजरी के कारण स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने चोटिल तेज गेंदबाज की जगह सीन एबॉट को टीम में शामिल किया है। एबॉट को शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए चुना गया था। हाल ही में द हंड्रेड में जॉनसन ने छह मैचों में केवल दो विकेट लिए, हालांकि, उन्होंने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के खिलाफ 20 गेंदों में 1/10 का शानदार स्पेल डाला।

जॉनसन, जिन्होंने ब्रिसबेन हीट के साथ बीबीएल में तेजी से अपना नाम बनाया, ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से पांच टी20 और एक वनडे खेला है। उन्हें टी20 टीम में मिशेल स्टार्क की जगह भरने के लिए एक मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है।

स्टार्क को स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैचों के लिए आराम दिया गया है, लेकिन वह वनडे में हिस्सा लेंगे। पैट कमिंस पूरे दौरे से बाहर रहेंगे, जबकि जोश हेजलवुड दोनों टीमों में शामिल हैं।

एबॉट, जिन्होंने 15 टी20 मैच खेले हैं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अधिक मैच नहीं खेल पाने के कारण कुछ हद तक बदकिस्मत रहे हैं। उन्होंने बीबीएल इतिहास में सर्वाधिक 165 विकेट लेने का रिकार्ड बनाया है और द हंड्रेड में भी प्रभाव छोड़ा है, जहां उन्होंने बर्मिंघम फीनिक्स के लिए सात मैचों में नौ विकेट लिए हैं।पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने वाले जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस टी20आई टीम में अन्य मुख्य तेज गेंदबाज हैं, साथ ही ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी और मार्कस स्टोइनिस भी हैं। चयनकर्ता 18 महीनों में होने वाले अगले टी20 विश्व कप पर नज़र बनाए हुए हैं, हालांकि उन्होंने इस प्रारूप के लिए स्टार्क या कमिंस को बाहर नहीं किया है। जॉनसन का लक्ष्य ऑस्ट्रेलियाई घरेलू सत्र की शुरुआत के लिए समय पर ठीक होना है, जहां वह दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हैं। यूके दौरे के बाद, ऑस्ट्रेलिया की अगली टी20आई नवंबर के मध्य में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला है, जो जॉनसन को एक और मौका दे सकती है क्योंकि पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के कारण टेस्ट खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होंगे। पाकिस्तान श्रृंखला के बाद, ऑस्ट्रेलिया का टी20आई कार्यक्रम अगले जुलाई में वेस्टइंडीज में फिर से शुरू होने वाला है।



# तमन्ना भाटिया


## से लेकर अक्षय-वरुण तक, कैमियो के साथ एक्टर्स ने शेयर की आने वाली फिल्मों की झलक

फिल्मों में एक्टर्स के कैमियो अब आम बात हो गई है. फराह खान ने अपनी फिल्म 'ओम ओम शांति ओम' के एक गाने में पूरे बॉलीवुड का कैमियो कराया था. करण जौहर की फिल्मों में भी ऐसे कैमियो अक्सर नजर आते हैं. स्त्री 2 में भी तीन बड़े एक्टर्स के कैमियो हैं. लेकिन ये महज कैमियो नहीं हैं, तो ये तीनों एक्टर फिल्म में छोटी, लेकिन अहम भूमिका निभा रहे हैं. जी हां, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' में अक्षय कुमार, तमन्ना भाटिया और वरुण धवन का कैमियो है और तीनों के किरदार कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. तमन्ना भाटिया के किरदार के बारे में ज्यादा कह दिया तो वो स्पॉइलर होगा, लेकिन डांस के अलावा भी उनकी कहानी फिल्म में शामिल की गई है.

मैडॉक फिल्म्स ने 'स्त्री' से अपने सुपरनैचुरल यूनिवर्स की शुरुआत की थी. इस यूनिवर्स के तहत अब तक 4 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं. स्त्री के बाद वरुण धवन की 'भेड़िया' थिएटर में रिलीज हुई और 'भेड़िया' के बाद 'मुंज्या' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई. अब इन तीनों फिल्मों की सफलता के बाद मैडॉक ने 'स्त्री' पार्ट 2 को थिएटर में रिलीज किया है. इस फिल्म में शामिल वरुण धवन और अक्षय कुमार न सिर्फ श्रद्धा-राजकुमार की कहानी में ट्विस्ट लेकर आते हैं, बल्कि वे दोनों मैडॉक की आने वाली फिल्मों के बारे में भी अहम जानकारी शेयर करते हैं.

**ये होगी सुपरनैचुरल यूनिवर्स की अगली फिल्म**

स्त्री के बाद मैडॉक फिल्म की अगली सुपरनैचुरल फिल्म वैम्पायर पर होगी.



दिल्ली के वैम्पायर की इस फिल्म में इंसान की गर्दन से खून चूसने वाले दानव की कहानी बताई जाएगी. 'भेड़िया' जना से 'स्त्री 2' की एंडिंग में ये कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वो दिल्ली वापस नहीं जाएंगे, क्योंकि दिल्ली में वो आ गया है, लोगों की गर्दन से खून चूसने वाला. इस दौरान मुंज्या को भी याद किया गया है, जहां अभिषेक बनर्जी भास्कर (वरुण धवन) को मुन्नी के कपड़े पहनने के लिए कहते हैं, ये सीन इससे पहले 'मुंज्या' में भी दिखाया गया है. यानी 'स्त्री 2' से मेकर्स ने ये घोषणा तो कर डाली है कि भेड़िया 2 और मुंज्या 2 के साथ नई फिल्म पर भी काम शुरू हो गया है.

**भेड़िया 2 में हो सकती है श्रद्धा कपूर की एंट्री ?**

स्त्री के आखिर में हमें दो गाने देखने को मिलते हैं, एक गाने में स्त्री 2 की पूरी कास्ट डांस करती है. फिर वो गाना खत्म हो जाता है और भास्कर (भेड़िया-वरुण धवन) फिर एक बार जना के साथ स्क्रीन पर नजर आता है, भास्कर जना को श्रद्धा कपूर के बारे में पूछता है और जना बार-बार उसे ये बताने की कोशिश करता है कि वो उसके दोस्त (विकी-राजकुमार राव) का प्यार है. इस सीन के बाद श्रद्धा और वरुण के बीच एक रोमांटिक गाना प्ले होता है, इस गाने में राजकुमार भी एंट्री करते हैं, लेकिन श्रद्धा उनसे ज्यादा वरुण के साथ ही डांस करते हुए नजर आती हैं.इस गाने को देखने के बाद ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि शायद 'भेड़िया 2' में श्रद्धा कपूर की एंट्री हो जाए. क्योंकि भेड़िया 1 में कृति सेनन के किरदार की मौत हो गई है और अब भेड़िया वरुण धवन, श्रद्धा के साथ रोमांस करने के लिए उत्सुक हैं. हो सकता है कि आगे चलकर श्रद्धा ही भेड़िया की जिंदगी में लव इंटरेस्ट बनकर आ जाएं. अब ये थ्योरी कितनी सही है, ये जानने के लिए तो हमें भेड़िया 2 का इंतजार करना होगा.

**अक्षय कुमार के साथ नई हॉरर फिल्म**

मैडॉक फिल्म्स ने अपने सुपरनैचुरल यूनिवर्स में बड़े ही स्वैग के साथ अक्षय कुमार का स्वागत किया है. उनका किरदार न सिर्फ चंदेरी से कनेक्टेड है, फिल्म में सिरकटा को लेकर वो एक बड़ा खुलासा करते हुए नजर आते हैं. साथ ही फिल्म की आखिर में अक्षय पूरी तरह से अलग अंदाज दिखाई देते हैं.

# श्रद्धा आर्या

## की प्रेग्नेंसी मीडिया पर भारी? जानें क्यों सेट पर लग गया बैन



कुंडली भाग्य की प्रीता यानी एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या की प्रेग्नेंसी की खबरें पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं और साथ ही ये भी बात बताई जा रही है कि उनकी प्रेग्नेंसी की वजह से शो पर मीडिया बैन किया गया है. इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग ये सवाल पूछ रहे थे कि आखिर टीवी सीरियल के सेट पर मीडिया क्या करने जाती है और उनका श्रद्धा आर्या की प्रेग्नेंसी से क्या कनेक्शन, जो प्रोडक्शन ने सीधे उन्हें बैन कर दिया.

दरअसल अब तक श्रद्धा आर्या या उनके पति राहुल नागल दोनों में से किसी ने भी प्रेग्नेंसी की खबर की कोई पुष्टि नहीं की है. लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक्ट्रेस की तरफ से प्रोडक्शन को प्रेग्नेंसी की जानकारी दी गई है और अब उनकी सहूलियत के हिसाब से सेट पर शूट हो रहा है. फिलहाल तो श्रद्धा वर्किंग हैं. लेकिन कुछ महीने बाद वो शो से कुछ समय का ब्रेक ले सकती हैं. हालांकि उनके ब्रेक लेने की खबर के बारे में भी अब तक प्रोडक्शन या चैनल से कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है.

**सीरियल के सेट पर मीडिया का क्या काम**


दरअसल सीरियल के सेट पर गिने-चुने मीडिया पब्लिकेशन को हमेशा एक्सेस दिया जाता है. ये मीडिया, सीरियल के बीटीएस मोमेंट, ऑन लोकेशन वीडियो और एक्टर्स के साथ इंटरव्यू करती हुई अक्सर नजर आती है. इन मीडिया पब्लिकेशन के जरिए सीरियल की पब्लिसिटी का काम किया जाता है. इनके वीडियो देखकर ऑडियंस के दिल में ये जानने की उत्सुकता पैदा की जाती है कि इस सीरियल में आगे क्या होने वाला है और वो खुद को शो देखने से रोक नहीं पाते.

**क्या है मीडिया बैन की सच्चाई**

दरअसल एकता कपूर के सीरियल के सेट पर कई सालों से मीडिया बैन है. इन सेट पर सिर्फ दो-तीन गिने चुने चैनल को ही शूट करने की इजाजत दी गई है. लेकिन अब 'कुंडली भाग्य' के सेट से मीडिया पूरी तरह से बैन हो चुकी है, क्योंकि प्रोडक्शन और एक्टर्स नहीं चाहते कि श्रद्धा के प्रेग्नेंसी के वीडियो मीडिया के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल हों.

फिलहाल श्रद्धा अपनी स्मार्ट ड्रेसिंग के साथ सोशल मीडिया और ऑनस्क्रीन दोनों जगह उनकी प्रेग्नेंसी को बखूबी छिपा रही हैं और सीरियल के ट्रैक के हिसाब से भी अगर 22 साल के बच्चों की मां प्रेग्नेंट नजर आएगी तो वो कहानी के करंट ट्रैक से मेल नहीं खाएगा.

# रोमांस के किंग को पसंद नहीं हैं रोमांटिक फिल्में! इस हॉलीवुड एक्टर के फैन हैं शाहरुख खान



शाहरुख खान को हाल ही में स्विट्जरलैंड में सम्मानित किया गया. ये बात तो जग जाहिर है कि लोग उन्हें खूब पसंद करते हैं. देश ही नहीं विदेश में भी लोग उनके दीवाने हैं. उनकी फिल्में भी खूब देखी जाती हैं. लेकिन जिनकी फैन पूरी दुनिया है वो हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज के फैन हैं. शाहरुख खान जिनकी फिल्में देखकर लोगों को उनसे प्यार हो जाता है. उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें रोमांटिक फिल्में देखना बहुत कम पसंद है.शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने अपने करियर में आए गैप के बाद 'पठान' और 'जवान' जैसी एक्शन फिल्मों के साथ वापसी क्यों की. उन्होंने कहा कि जब वो कुछ साल पहले काम नहीं कर रहे थे, तब उन्हें लगा कि उन्होंने कोई एक्शन फिल्म नहीं की है. इसी के साथ उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें टॉम क्रूज की फिल्में पसंद हैं. उन्होंने कहा, मिशन इम्पॉसिबल- आपको असल में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है. आप अक्सर संतुष्ट होकर वापस आएंगे.

**खुद हैरान हैं शाहरुख खान**

शाहरुख खान ने बताया कि काम करने के लिए उनकी फेवरेट फिल्में कौन-सी हैं. रोमांटिक या एक्शन? शाहरुख ने कहा कि भले ही उन्हें ये पसंद है, लेकिन वो रोमांटिक हीरो होने से हैरान हैं. उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली बात ये है कि उन्होंने कभी भी खुद को ऐसा नहीं माना, जैसा कि लोग उनके बारे में सोचते हैं. उनका मानना है, इसकी वजह ये है कि उन्होंने कुछ रोमांटिक फिल्में कीं और वो कल्ट क्लासिक बन गईं.

**जब बताया अपना सपना**

इसके साथ ही शाहरुख खान ने अपने सपने के बारे में भी बात की. उन्होंने कहा कि वो सोचते थे कि उनके घर में एक कमरा होगा, जिसमें ऐसी तस्वीरें होंगी जो उनके काम और फिल्मों को अलग-अलग तरह से शो करेंगी. उन्होंने कहा, ये कोई सेल्फ लव वाली बात नहीं है. अगर मैं अपने काम को देखूं, तो हर फ़िल्म ऐसी होनी चाहिए जिसे मैं देखकर बड़ा हुआ हूं. उन्होंने आगे कहा कि एक दर्शक के रूप में वो किसी एक तरह की फिल्म ही देखना पसंद नहीं करेंगे.

**रोमांटिक फिल्में सबसे कम**

शाहरुख जब फिल्में देखते हैं, तो वो एक्शन से लेकर साइंस-फ़िक्शन फ़िल्मों, डिस्टोपियन वर्ल्ड फ़िल्मों, ऑफ-बीट, ह्यूमन ड्रामा और हॉरर फ़िल्मों तक जाते हैं. उन्होंने कोर्टरूम ड्रामा और थ्रिलर के लिए अपने प्यार का इजहार किया. इसके साथ ही कहा, अजीब बात है, मुझे रोमांटिक फिल्में सबसे कम पसंद हैं. शाहरुख़ जल्द ही सुजॉय घोष की फिल्म 'किंग' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं.

# 'छावा' का टीजर देख बौखलाए लोग, Vicky Kaushal की ये पिक्चर बॉक्स ऑफिस लूटने वाली है!



विकी कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बैड न्यूज' में नजर आए थे. उनकी फिल्म को दर्शकों का ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला. हालांकि फिल्म को लेकर काफी बज था. अब विकी कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म 'छावा' में बिजी है. उनकी अगली फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है, जो लोगों को काफी पंसद आ रहा है और लोग इसे देखकर विकी कौशल की खूब तारीफ कर रहे हैं.

विकी कौशल की 'छावा' का टीजर श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' के साथ जारी किया गया. इसमें विकी कौशल ऐसे लुक में नजर आ रहे हैं, जिसमें वो पहले कभी नजर नहीं आए हैं. 'छावा' में विकी कौशल छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे. टीजर में भी वो इसी लुक में नजर आ रहे हैं. लंबी दाढ़ी, माथे पर टीका और लंबे बालों में मराठा योद्धा के लुक में विकी जबरदस्त लग रहे हैं.

**लोगों ने किए कमेंट**

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ नाम के यूजर ने शेयर किया है. टीजर में विकी सैकड़ों योद्धाओं से एक साथ युद्ध करते दिखाई दे रहे हैं. उनकी तेज दहाड़ और एक्शन लोगों को खूब पसंद आ रहा है. लोग उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं. वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, रोंगटे खड़े कर देने वाला टीजर. विकी इस लुक में एकदम फिट बैठ रहे हैं. अच्छी कास्टिंग है एक और ने लिखा, इंटरेस्टिंग लग रहा है. विकी कौशल ने बहुत मेहनत की है

**फिल्म की स्टारकास्ट**

टीजर में विकी कौशल के साथ अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं. एक यूजर ने विकी कौशल के साथ-साथ अक्षय खन्ना की भी तारीफ की. उन्होंने लिखा, विकी कौशल हमेशा की तरह शानदार लग रहे हैं. अक्षय खन्ना औरंगजेब के रोल में हैं. इस टीजर में वो जबरदस्त लग रहे थे फिल्म में अक्षय और विकी के साथ फीमेल लीड रोल में रश्मिका मंदाना नजर आएंगी. आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी दिखाई देंगे.

**कब रिलीज होगी**

'छावा' की शूटिंग इस साल की शुरूआत में पूरी हो गई थी. विकी इस फिल्म को अपने लिए बहुत खास मानते हैं और टीजर में भी वो काफी एनर्जेटिक लग रहे हैं. इस टीजर को देखकर कहा जा रहा है कि विकी इससे अच्छी-अच्छी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. रश्मिका मंदाना की बात करें तो वो पिछली बार रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' में नजर आई थीं. उनकी फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. अब वो 'छावा' में दिखाई देंगी, जो इसी साल 6 दिसंबर को रिलीज होगी.